QXP 26-10-2023:Layout 1 12/10/2023 3:55 AM Page 1



किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक **समाज जागरण**

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 58 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 10 दिसम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

# बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र को मिली जान से मारने की धमकी, लॉरेंस विश्नोई के नाम से आया ईमेल

**छतरपुर**. मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से चौंकाने वाली खबर है. एक आरोपी ने विख्यात बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को जान से मारने की धमकी दी. उसने उन्हें ईमेल पर गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई के नाम से धमकी देकर दस लाख रुपये मांगे. पुलिस ने पंडित शास्त्री के प्रतिनिधि की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी. आरोपी ने अक्टूबर में यह धमकी दी थी. पुलिस ने 23 साल के इस आरोपी को बिहार के पटना से गिरफ्तार कर 9 दिसंबर को कोर्ट में पेश किया. कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है. पुलिस ने बताया कि यह मामला संगीन था. इसलिए इसमें एनआईए और इंटरपोल की भी मदद ली गई.

खजुराहो के एसडीओपी सलिल शर्मा ने बताया कि, इस साल 19 अक्टूबर को बागेश्वर धाम महाराज की जीमेल आईडी पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने लॉरेंस विश्ननोई गैंग के नाम से धमकी दी थी. इसमें धमकी देने वाले ने ईमेल में लिखा था कि हमें दस लाख रुपये दीजिए, अन्यथा आपकी जान को खतरा हो जाएगा. 20 अक्टूबर को उनके प्रतिनिधि ने थाना बमीठा में इसकी लिखित शिकायत की. उनकी शि-कायत पर पुलिस ने तुरंत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 382 में मामला दर्ज किया. चूंकि अपराध बेहद



गंभीर प्रवृत्ति का था, इसलिए एसपी अमित सांघी ने तुरंत इस मामले में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया. इसमें साइबर सेल को भी शामिल किया गया. एसपी सांघी ने इस मामले में सभी थानों को और अधिकारियों को जानकारी दी.

### एनआईए और इंटरपोल भी जांच में शामिल

इस मामले में राज्य स्तरीय एजेसियों, एनआईए और इंटरपोल को भी शामिल किया गया. इन सबके सहयोग से धमकीभरे ईमेल की जानकारी हासिल की. इस बीच जब आरोपी को ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला तो उसने 22 अक्टूबर को फिर धमकी दी. हमने इस ईमेल को भी ट्रेस किया. तब पता चला कि आरोपी बिहार की राजधानी पटना का रहने वाला है. इसके बाद हमने अपनी टीम को वहां भेजा और आरोपी को गिरफ्तार किया. हमारी टीम ने आरोपी द्वारा इस्तेमाल किए गए सारे उपकरण, मोबाइल, सिम, गैजेट भी जब्त कर लिए. उसके बाद हमने 9 दिसंबर को पूरी जानकारी और डायरी के साथ न्यायालय में पेश किया. यहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया.

### लॉरेंस विश्नोई का फोलॉअर है आरोपी

पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम आकाश शर्मा है. वह टेक्नोलॉजी का अच्छा जानकार है. उसने बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से पैसा लेने के लिए लॉरेन्स विश्वनोई गैंग नाम से मेल आईडी बनाई. पुलिस का कहना है कि आरोपी पेशे से जालसाज है. उसकी उम्र महज 23 वर्ष है. यह लॉरेन्स विश्वनोई गैंग का फॉलोवर भी है.

## राम मंदिर तक बन रहे फोर लेन का 90 प्रतिशत काम हुआ पूरा

- दिसम्बर माह के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा फोर लेन मार्ग
- राष्ट्रीय राजमार्ग 27 से राम मंदिर तक पहुंचना होगा सुगम



**दैनिक समाज जागरण**

अयोध्या, 9 दिसम्बरः जैसे-जैसे अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम नजदीक आ रहा है, प्रदेश की योगी सरकार द्वारा अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम यातायात बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राम मंदिर तक श्रद्धालुओं की सुगम पहुंच के लिए बनाए जा रहे विभिन्न पथों के निर्माण में तेजी दिख रही है। इन्हें अब अंतिम रूप देने के लिए दिन-रात काम हो रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 27 से मोहबरा व टेढ़ी बाजार होते हुए राम मंदिर तक बनाए जा रहे फोर लेन का कार्य भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व फोरलेन का निर्माण पूरा हो जाएगा।

**अब तक फोरलेन का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है**

अधिशासी अभियंता एसपी भारती ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 27 से मोहबरा बाजार होते हुए टेढ़ी बाजार की ओर से राम जन्मभूमि तक फोरलेन का निर्माण 21 नवंबर 2022 से प्रारंभ हुआ था। यह कार्य 31 दिसंबर 2023 तक पूरा होना है। अब तक लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि 1.360 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण में 44.98 करोड़ रुपए की लागत आई है। निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर लोगों को राष्ट्रीय राजमार्ग से राम जन्म भूमि तक जाने के लिए जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा और आसानी से मंदिर तक श्रद्धालु पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि दिसंबर माह के अंत तक निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

## प्रदेश में उद्योग धंधे लगाने की मची है होड- स्वतंत्र देव सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के अष्ट शहीद इंटर कॉलेज मुहम्मदाबाद परिसर में स्वावलंबी भारत अभियान के तहत शनिवार को स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।तत्पश्चात उन्होंने विभिन्न कंपनियां के द्वारा चयनित कुल 8 प्रतिभावान छात्रों को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र वितरित किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व के दिनों में जहां पर उत्तर प्रदेश में लोग अपने कल कारखाने एवं उद्योग लगाने से डरते थे। वहीं वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उद्यमियों द्वारा उत्तर प्रदेश में अपने कल कारखाने लगाने के लिए होड़ मची हुई




है।प्रदेश में उद्योगपति एवं सामान्य महिला लड़कियां अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों को मजबूत करने एवं उनके नेतृत्व में विश्वास रखने का लोगों को संकल्प दिलाया।

उन्होंने कहा कि आज हमारा भारत देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शक्तिशाली एवं समृद्धशाली बन रहा है। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न कंपनियों द्वारा लगाए गए स्थान का अवलोकन भी किया। इस मेले में टाटा एलएनटी जैसी 22 कंपनियों ने अपने यहां रोजगार देने के लिए स्टॉल लगाए थे।कुल 2000 युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया जिसमें 648 लोगों को नियुक्ति पत्र कंपनियों ने वितरित किया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव शंकर गिरी चौधरी, दिनेश चंद्र, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र राय, नरेंद्र नाथ सिंह, चंचल सिंह, आनंद राय, मुन्ना, राजेश राय बागी, पीयूष राय, विजय शंकर राय, दीपू गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, सतीश चंद्र राय, मोहन सिंह यादव, मनीष जायसवाल समेत ढेर सारे लोग उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के लिए नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए

जैतो,9 दिसम्बर ( रघुनंदन पराशर ): प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आपके लिए महत्वपूर्ण विषयों और मुद्दों पर अपने विचार साझा करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री आपको उन विषयों पर अपने विचार साझा करने के लिए 29 दिसम्बर तक आमंत्रित करते हैं।हमें उन विषयों या मुद्दों पर अपने सुझाव भेजें जिन पर आप चाहते हैं कि प्रधानमंत्री आगामी मन की बात एपिसोड में बात करें। इस ओपन फोरम में अपने विचार साझा करें




या वैकल्पिक रूप से आप टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 भी डायल कर सकते हैं और प्रधान मंत्री के लिए अपना संदेश हिंदी या अंग्रेजी में रिकॉर्ड कर सकते हैं। रिकॉर्ड किए गए कुछ संदेश प्रसारण का हिस्सा बन सकते हैं।आप सीधे प्रधानमंत्री को अपने सुझाव देने के लिए 1922 पर मिस्ड कॉल भी दे सकते हैं और एस.एम.एस.में प्राप्त लिंक का अनुसरण कर सकते हैं। देश की जनता से आग्रह किया है कि वह 31 दिसम्बर 2023 को सुबह 11:00 बजे मन की बात कार्यक्रम के लिए बने रहें।

## नोएडा : जागृति प्रकाशन के द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों का लोकार्पण समारोह आज

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**

नोएडा : आज नोएडा सेक्टर 10 स्थित जागृति प्रकाशन के नये विक्रय केन्द्र का उद्घाटन एवं प्रकाशन के द्वारा प्रकाशित दो पुस्तकों का लोकार्पण किया जायेगा। अविस्मरणीय बाबा साहब आपटे, संपादक



**बाबासाहब आपटे**


मेधावी और चिंतनशील व्यक्तित्व के धनी उमाकांत केशव आपटे (प्रसिद्ध नाम बाबा साहब आपटे) का जन्म 28 अगस्त 1903 को हुआ था। वे डॉक्टर हेडगेवार जी के अनन्य साथी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम पूर्णकालिक प्रचारक (1931 से) थे। संघ के बौद्धिक शिक्षण विभाग का आरंभ भी उन्होंने ही किया। अनेक प्रांतो में संघ कार्य आरंभ करने का श्रेय उन्हें ही है। वह संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख तथा अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख कई वर्ष तक रहे। 26 जुलाई 1972 को गुरु पूर्णिमा के दिन नागपुर में उन्होंने अपनी इह लोक लीला पूर्ण की।

**डा. हरवंशलाल ओबराय**

21 अक्तूबर 1925 को रावलपिंडी (पश्चिमी पंजाब) में जन्मे डॉ. हरवंशलाल ओबराय विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। 1960 व 1961 में वे लगातार दो बार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष रहे। 1963 में उन्हें युनेस्को ने यूरोप, अमेरिका, कनाडा और एशियाई देशों के विश्वविद्यालयों में "हिंदु संस्कृति एवं दर्शन" विषय पर व्याख्यान माला के लिए आमंत्रित किया। फलतः उन्होंने 106 देशों की यात्रा की।

स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण (1893 ई0) की 70वीं वर्षगांठ (1963) पर अमेरिका में हुए महासम्मेलन में डॉ. ओबराय जी भी गए थे। वहां उनके भाषण को सुनकर कुछ लोगों ने टिप्पणी की-"यह आज का विवेकानंद है"। जुगल किशोर बिरला ओबराय जी से इतने अधिक प्रभावित हुए कि उन्होंने बिरला इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी (B.I.T.) रांची में 'दर्शन व मानविकी' शास्त्र के स्वतंत्र संकाय की स्थापना करके ओबराय जी को उसका अध्यक्ष बना दिया। ओबराय जी केवल बौद्धिक योद्धा ही नहीं, वे कर्मयोद्धा भी थे। उन्होंने वनवासी क्षेत्रों में काफी काम किया और ईसाई बन चुके लगभग 8000 वनवासियों को अपने जीवन काल में ही वापस हिंदु धर्म में प्रविष्ट कराया। 1983 में वे सदा के लिए इस दुनिया से विदा हो गए।

रामाशंकर अग्निहोत्री, एवं विश्व भारत का चिर ऋणि, नामक पुस्तक का लोकार्पण श्री आलोक कुमार, केन्द्रिय कार्याध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद के द्वारा किया जायेगा। वही आज के इस कार्यक्रम मे सांसद



पुस्तक लोकार्पण समारोह

**जागृति प्रकाशन, नोएडा**

- अविस्मरणीय बाबासाहब आपटे – संपादक रामशंकर अग्निहोत्री
- विश्व भारत का चिर ऋणी है – लेखक डा0 हरवंशलाल ओबराय

लोकार्पण : श्री आलोक कुमार, केन्द्रीय कार्याध्यक्ष, विश्व हिन्दू परिषद
अध्यक्ष : डॉ0 महेश शर्मा, सांसद गौतमबुद्ध नगर
विशिष्ट अतिथि : श्री कृपाशंकर, प्रचार प्रमुख, रा.स्व.संघ, उ.प्र. व उत्तराखण्ड

आप इष्ट मित्रों सहित सादर आमन्त्रित हैं।

विनीतः
कृष्णानन्द सागर मो: 9871143768
योगेश शर्मा मो: 9213762148, 8287049393

दिनांक: 10 दिसम्बर, 2023 रविवार
समय: सायं 3:15 बजे
स्थान : जागृति प्रकाशन नवीन विक्रय केन्द्र सी-142ए सैक्टर-10 नौएडा

सूचना :
1. 3:15 से 3:45 चायपान। 4:00 बजे से कार्यक्रम आरम्भ।
2. कार्यक्रम, कार्यक्रम स्थल सी-142ए के द्वितीय तल पर होगा।
3. कार्यक्रम स्थल पर पुस्तकों का स्टॉल भी रहेगा।
4. कार्यक्रम के पश्चात सभी साथ में जलपान करेंगे।

गौतमबुद्धनगर, डॉ. महेश शर्मा अध्यक्ष होंगे। कार्यक्रम में श्री कृपाशंकर, प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, उत्तर प्रदेव व उत्त-राखंड विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम शुभारम्भ होने का समय 4 बजे निर्धारित है, और कार्यक्रम स्थल पर बुक स्टाल भी होगा। कार्यक्रम आयोजन स्थल सी 142 ए सेक्टर 10 नोएडा है। यह जानकारी जागृति प्रकाशन के संस्थापक व व्योवृद्ध इतिहासकार श्री कृष्णानंद सागर के द्वारा समाज जागरण को प्रेषित किया गया है।

## पहली बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स आज से शुरु होंगे ,32 राज्यों के 1400 से अधिक खिलाड़ी लेंगे भाग: अनुराग ठाकुर

### *खेलों इंडिया पैरा गेम्स एक समावेशी समाज बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है जो सहानुभूति को अपनाता है*

**रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली, 9 दिसंबर : पहली बार खेलों इंडिया पैरा गेम्स 10 दिसम्बर को नई दिल्ली में शुरू होंगे। पैरा खेलों इंडिया गेम्स का आयोजन 10 दिसम्बर से 17 दिसम्बर तक नई दिल्ली में किया जा रहा है। सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड सहित 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1350 से अधिक प्रतिभागियों के पहले खेलों इंडिया पैरा गेम्स में भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें पैरा एथलेटिक्स, पैरा शूटिंग, पैरा तीरंदाजी, पैरा फुटबॉल सहित 7 विषयों में पैरा एथलीट सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। पैरा बैडमिंटन, पैरा टेबल टेनिस और पैरा वेट लिफ्टिंग। कार्यक्रम 3 एस.ए.आई.स्टेडियमों - आई.जी. स्टेडियम, तुगलकाबाद में शूटिंग रेंज और जे.एल.एन.स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। पैरा खेलों इंडिया गेम्स के बारे में बोलते हुए श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि पहले खेलो इंडिया पैरा गेम्स एक समावेशी समाज बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक और कदम है जो सबसे ऊपर सहानुभूति को अपनाता है। नई दिल्ली में तीन अलग-अलग स्थानों पर सप्ताह भर चलने वाले खेलो इंडिया पैरा गेम्स भावनाओं के समुद्र की खोज करने और बड़े पैमाने पर भारतीय खेल प्रेमियों के लिए अब तक अज्ञात प्रतिभा की गहराई को उजागर करने में मदद करेंगे। शुभंकर 'उज्ज्वला' ने पहली बार खेलों इंडिया पैरा गेम्स के लिए जश्न का माहौल बनाया। उन्होंने आगे कहा कि 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1400 से अधिक पैरा एथलीटों



को दिल्ली में एकत्रित होते देखना बेहद अद्भुत है। सर्विसेज स्पोर्ट्स बोर्ड के एथलीटों की उपस्थिति निश्चित रूप से उद्घाटन पैरा गेम्स को एक अतिरिक्त आयाम देगी। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि खेलो इंडिया निश्चित रूप से एक गेम-चेंजर रहा है और इसने न केवल खेलों को जन-जन तक पहुंचाया है बल्कि वैज्ञानिक और आधुनिकता को विकसित किया है। देश भर में फैली अपनी कई अकादमियों और योजनाओं के साथ दृष्टिकोण। उन्होंने यह भी कहा कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स भी सरकार द्वारा दिव्यांगों को मुख्यधारा के जीवन में उनकी प्रतिभा का दोहन करने के लिए की गई पहल के अनुरूप हैं। व्यावसायिक और शैक्षिक प्रशिक्षण, व्यवसाय के लिए रियायती ऋण प्रदान करने जैसी पहलों से वित्तीय और सामाजिक दोनों तरह से सशक्तिकरण हुआ है। खेलों इंडिया पैरा गेम्स इन पहलों को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम उठाता है।

## आईएमएस-डीआईए में दीक्षांत समारोह, स्कूल से स्टूडियो तक की यात्रा का जश्न

नोएडा। आईएमएस डिजाइन एण्ड इनोवेशन एकेडमी (आईएमएस-डीआईए) में दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। शनिवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता वल्ड डिजाइन ऑगेर्नाइजेशन के प्रेसिडेंट प्रद्युमन व्यास ने अपने विचार प्रकट किए। वहीं कार्यक्रम के दौरान आईएमएस-डीआईए के प्रेसिडेंट राजीव कुमार गुप्ता, सीएमडी शिल्पी गुप्ता, संस्थान की निदेशिका डॉ. अनुराधा मोदक देबनाथ के साथ संस्थान के स्टाफ, फैकल्टी एवं छात्र भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए राजीव कुमार गुप्ता ने छात्रों को उनके सुन्दर, सुखद, सफल एवं समृद्ध जीवन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्रों के जीवन में संस्थान फाउंडिंग स्टोन की तरह है। आप सभी नियमित अध्ययन के दौरान अर्जित थ्योरी एवं प्रायोगिक ज्ञान, समय प्रबंधन एवं निरंतर प्रयास से सफलता की बुलंदी छू सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रद्युमन व्यास ने कहा कि डिजाइन प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए आईएमएस-डीआईए की प्रतिबद्धता सराहनीय है। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीखने के लिए एक अच्छे माहौल का होना जरूरी है, आप




कहीं भी, कभी भी, कुछ भी सीख सकते हैं। सफलता के लिए हमें हर तरह ही चुनौतियों एवं जिम्मेदारियों के लिए तैयार रहना चाहिए। अगर हमें जीवन में चुनौतियां नहीं मिलेगा तो हम सक्रिय नही रह पायेंगे।

वहीं कार्यक्रम के दौरान संस्थान की निदेशिका डॉ. अनुराधा मोदक देबनाथ ने छात्रों को आज के दीक्षांत समारोह अलंकार को दशार्ते हुए हेरिटेज वैल्यू, क्राफ्ट एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिजाइन एवं उसके कार्यान्वयन पर प्रभाव की चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्रों से राष्ट्र एवं समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए ईमानदारी से अपने दायित्वों को निर्वहन करने की शपथ दिलायी। संस्थान द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान एआईएमए के निदेशक गणेश सिंह, गिन्नी फिलामेंट के ज्वाइंट प्रेसिडेंट एवं यूनिट हेड राजीव पांडे, अहूजासंस के रिटेल हेड आंचल मेहरा, ओ-टेसेरे स्टूडियो की को फाउंडर तूलिका शर्मा, इंडियन कारीगर की संस्थापक विश्वादीप्ति अब्रोल, स्पैरो इंटीरियर डिजाइन की फाउंडर नेत्रा राजेश, वराहे एनालिस्टिक्स की राजनीतिक सलाहकार मुब्याना कोइराला के साथ इंडस्ट्री एक्सपर्ट ने अपनी मौजूदगी दर्ज करायी। वहीं दीक्षांत समारोह के अंत में 105 छात्रों को डिप्लोमा प्रदान किया गया।

QXP 26-10-2023:Layout 1 12/10/2023 3:55 AM Page 2



# महुआ मोइत्रा बनाम संसद का आहत पुरुषार्थ

पश्चिम बंगाल के श्रीकृष्णनगर से तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा का संसद से बाहर किया जाना संसद के आहत पुरुषार्थ का अब तक का सबसे बड़ा उदाहरण है । महुआ की संसद सदस्यता रद्द किये जाने से लोकतंत्र पर कोई पहाड़ नहीं टूटने वाला किन्तु सत्तारूढ़ दल की इस कार्रवाई ने एक बार फिर बिखरे हुए विपक्ष को एकजुट कर दिया है। यानि महुआ मोइत्रा अब कदाचरण की नहीं बल्कि सत्ता की प्रताड़ना की प्रतीक बन गयीं है । उनके ऊपर संसद में नगदी लेकर सवाल पूछने का आरोप था। पचास साल की महुआ अमेरिका से अर्थशास्त्र और गणित में स्नातक है। राजनीति में आने से पहले बैंकर थी । राजनीति में उनका तजुर्बा भी संसद के रूप में ज्यादा नहीं है । वे दूसरी बार संसद के लिए चुनी गयीं लेकिन उन्होंने इन सात सालों में भी अपनी मेधा से सत्तारूढ़ दल के छक्के छुड़ाने में महारत हासिल करने के साथ ही एक अलग पहचान भी बनाई ।उनके डीएनए में कांग्रेस है ।युवा कांग्रेस में शामिल होने के बाद वे "आम आदमी का सिपाही" परियोजना में राहुल गांधी की भरोसेमंदों में से एक थी। 2010 में वे तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुईं ।उन्होंने अपने धारदार प्रश्नों से सत्तारूढ़ दल के पुरुषार्थ को इतना ज्यादा आहत किया कि अंतत : उन्हें संसद ने ध्वनिमत से संसद से बाहर कर दिया। लेकिन वे जब संसद से बाहर आयीं तो उनके साथ समूचा विपक्ष था।

महुआ मोइत्रा सांसदी गंवाने वाली अकेली या पहली सांसद नहीं है। उनसे पहले दर्जनों संसद अपनी सांसदीगंवा चुके है। कांग्रेस के शासन में भी और भाजपा के शासन में भी । लेकिन किसी की सांसदी दलबदल की वजह से छीन गयी तो किसी की सांसदी आपराधिक मामलों में दो साल से ज्यादा की सजा मिलने के बाद। लेकिन महुआ की सांसदी जिस तरीके से छीनी गयी है उसकी वजह से वे समूचे विपक्ष और देश की सहानुभूति की पात्र बन गयीं है। महुआ मोइत्रा पर एक कारोबारी के साथ अपना आधिकारिक ईमेल आईडी पासवर्ड शेयर करने का आरोप था। उनके खिलाफ शिकायत करने वाले भाजपा के संसद निशिकांत दुबे थे । उनके खिलाफ मामले की जांच करने वाली संसद की मयार्दा से के सदस्य भाजपा के थे और उन्हें संसद की सदस्यता के लिए अपात्र करने वाले सदस्य भी सत्तारूढ़ दल के थे।

संसद की सदस्यता किसी को उपहार में नहीं मिलती । संसद की सदस्यता पाने केलिए जनादेश हासिल करना पड़ता है इसलिए यदि किसी की सदस्यता छीनी जाती है तो ये उस जनादेश की अवमानना होती है जो उसे जनता ने दिया था ,लेकिन संसद शायद ऐसा नहीं मानती और जिसे सत्ता अपनी आँख की किरकिरी मानती है उसे महुआ मोइत्रा बना देती है। महुआ मात्र एक सांसद थीं




लेकिन राहुल गांधी तो एक राष्ट्रीय दल के सर्वमान्य नेता थे, सत्तारूढ़ दल ने उनकी सदस्यता भी रद्द की ,गनीमत है कि वे अदालत के हस्तक्षेप से अपनी सदस्या बहाल करने में कामयाब हुए। मुमकिन है कि महुआ भी अदालत जाएँ तो उनकी भी सदस्यता बहाल हो जाये। सत्तारूढ़ दल नहीं चाहता की महुआ मोइत्रा जैसी कोई वाचाल,प्रश्नाकुल और गणित समझने वाली कोई महिला संसद की सदस्य हो।

आपको याद दिला दूँ कि महुआ पिछले सात साल से सत्तारूढ़ भाजपा को परेशानी में डालने में सबसे आगे थी । उन्होंने अनेक बहसों में शामिल होकर प्रधानमंत्री से लेकर उनके तमाम सेनापतियों के लत्ते लिए ,निरुत्तर किया। भाजपा जब मैदान में तृणमूल कांग्रेस का कुछ नहीं बिगाड़ पायी तो उस्सने महुआ को निशाने पर ले लिया । भाजपा का असल गुस्सा तो बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी पर था। ममता ने भाजपा को बंगाल में हराया, प्रधानमंत्री की सभा का बहिष्कार किया और भाजपा के एजेंट बनकर काम करने वाले तत्कालीन राज्यपाल जयदीप धनकड़ को विफल किया। संसद के बाहर ममता और संसद के भीतर महुआ भाजपा के लिए मुसीबत बन गयी।

आपको याद दिला दूँ कि सवाल के बदले माल [नगदी ] लेने का सबसे पहला मामला 2005 में उजागर हुआ था । उस समय जिन 11 सांसदों की सदस्यता संसद की मयार्दा कमेटी की रिपोर्ट पर छीनी गयी थी,उसके ऊपर बाकायदा बहस हुई थी ।दोषी पाए गए 11 में से सर्वाधिक 6 सदस्य भाजपा के थे । मतदान हुआ था,लेकिन महुआ के मामले में बहस करने के बजाय सत्तारूढ़ दल से मेजें बजवाई गयीं और उसी ध्वनिमत के सहारे महुआ की सदस्यता छीनने का निर्णय कर लिया गया। ये संसद में बहुमत के दुरूपयोग का दूसरा बड़ा उदाहरण था । इसी तरह सरकार ने राजयसभा में अपने दो विधेयक विपक्ष के विरोध के बावजूद ध्वनिमत से पारित कराये थे। उस समय राज्यसभा के उप सभापति हरवंश के लत्ते लिए गए थे। बाद में हरवंश को इसका ईनाम भी मिला।

लोकसभा की इस कार्रवाई से महुआ पूर्व संसद नहीं बल्कि अभूतपूर्व सांसद बन गयीं है। वे अगला आम चुनाव लड़ पाएं या नहीं ,इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन उनकी सदस्यता छीनकर भाजपा ने देश में नारी शक्ति वंदना के अपने नाटक का पर्दा अपने हाथ से हटा दिया है। जाहिर कर दिया है की भाजपा को न महुआ मोइत्रा चाहिए, न उमा भारती और न बसुंधरा राजे । भाजपा ज्यादा से ज्यादा श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को बर्दास्त कर सकती है क्योंकि वे बोलती नहीं हैं। देश में 1988 से 2023 तक 43 सांसदों की सदस्यता विभिन्न कारणों से छीनी गयी ,लेकिन किसी मामले में संसद की इतनी बदनामी नहीं हुई जितनी की महुआ मोइत्रा के मामले में हो रही है। महुआ मोइत्रा अब अकेली नहीं है । सत्तारूढ़ भाजपा ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को पराजित कर जिस आईएनडीआईए [इंडिया] गठबंधन को कमजोर कर दिया था वो ही इंडिया गठबंधन महुआ मोइत्रा प्रकरण के बाद एक बार फिर से एकजुट हो गया है। मुझे लगता है कि भाजपा अपने अश्वमेघ के खुरों में खुद ही कीलें खुद ढीली कर रही है। मुझे इस बात की आशंका है कि महुआ के अपमान का श्राप भाजपा के लिए भारी न पड़ जाये। लेकिन भाजपा शायद नारी शक्ति के शाप से डरती नहीं है। अपने मन की करती है। पूरे देश की तरह मेरी सहानुभूति भी महुआ मोइत्रा के साथ है। मैं उम्मीद करता हूँ की अदालत के हस्तक्षेप से महुआ के साथ न्याय हो सकेगा।

चलते-चलते

****

## कभी सीनियर नहीं बन पाए जूनियर मेहमूद

जूनियर मेहमूद हमारी मनोरंजन की दुनिया से हमेशा के लिए रुखसत हो गए हैं। जूनियर मेहमूद यानि मोहम्मद नईम हिंदुस्तानी फिल्मों में जूनियर बनकर आये थे और लगभग चार दशक तक अपने दर्शकों को हंसाने वाले नईम मियाँ जूनियर बने ही दुनिया से चले ग। वे ताउम्र सीनियर नहीं बने। जूनियर मेहमूद को कैंसर अपने साथ ले गया। फिल्मी दुनिया में जब खुद मेहमूद हास्यावतार के रूप में मौजूद थे तब किसी का जूनियर मेहमूद बनकर फिल्मों में आना और लगातार चार दशकों तक मजबूती के साथ हर छोटे बड़े अभिनेता के साथ काम करना आसान नहीं होता ,लेकिन जूनियर मेहमूद ने इसे आसान कर दिखाया। विनम्र श्रृद्धांजलि

**@ राकेश अचल**

## ईश्वर की चाहत, भूखे को भोजन

अपनेपन के एहसासों का इस
जीवन में बड़ा महत्व होता है,
दूसरों के दुःख में साथ दे जो वही
इंसान एक सच्चा इंसान होता है।

अज्ञान के अँधेरे मे रोशनी दिखाये
जो वह सच्चा दिग्दर्शक होता है,
संकट व समस्या में जो साथ होता है
वह इंसान ही नही भगवान होता है।

ईश्वर की भक्ति पूजा कर उससे ही
सुख शांति की कामना करना होता है
लेकिन स्वयं कर्म करने से ईश्वर
स्वयं आपको सब कुछ दे देता है।


मंदिर में पूजा पाठ आरती होती
और घंटा शंख बजाये जाते हैं,
मंदिर के द्वारों पर तो देखो बच्चे
भूख प्यास में रोते रोते सोते हैं ।

इनकी भूख मिटाने से और मदद
से परमात्मा स्वयं खुश होता है,
जब इनको प्रसाद मिल जाता है,
प्रभू कृपा का प्रसाद चढ़ जाता है।

किसी पर भरोसा करना उसे प्यार
करने से बड़ी शुभ कामना होती है,
ईश्वर पर आस्था, उसकी पूजा,
आरती व उसकी भक्ति से ऊपर है।

कहते हैं जिस से प्रेम किया जाता है
उस पर जरूरी नही विश्वास सदा हो
लेकिन जिस पर विश्वास अटल हो
उस से तो प्रेम सदा सदा ही होता है।

इसीलिए हमें ईश्वर पर सदा आस्था
रखनी है यह उसकी पूजा भक्ति है,
आदित्य ईश्वर की चाहत भूखे को
भोजन, गरीब की सेवा में शक्ति है।




कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य
लखनऊ

# चण्डीगढ़ में महत्वपूर्ण तीर्थंकर पुरावशेष

**-डॉ० महेन्द्रकुमार जैन ह्यमनुजह्ल, इन्दौर**



तीन सपरिकर धातु तीर्थंकर, पुरातत्त्व संग्रहालय चण्डीगढ़, 14-16वीं शताब्दी

चण्डीगढ़ के सैक्टर 10 सी. में राजकीय कला महाविद्यालय में पुरातत्त्व विभाग का संग्रहालय है। इसमें श्रमण संस्कृति से सम्बद्ध प्राचीन पुरावशेष भी प्रदर्शित हैं। बौद्ध बीथिका अलग से है, क्योंकि बौद्ध पुरावशेष पर्याप्त हैं, किन्तु जैन श्रमण परम्परा के पुरावशेष यहां बहुत कम हैं, परन्तु जो हैं वे बहुत महत्वपूर्ण हैं। हमने दिनांक 1 दिसम्बर 2023 के सर्वेक्षण में जो पाया वह इस प्रकार है-

## तीर्थंकर प्रतिमा का धड़



चण्डीगढ़ संग्रहालय में पंजीयन संख्या जे.-135 पर तीर्थंकर का धड़ प्रदर्शित है जिसका शिर व वक्ष सुरक्षित है, नाभि भी सुरक्षित है किन्तु स्कंधों के बाद हाथ और पाद आदि नहीं हैं। बलुआ पाषाण से निर्मित इस तीर्थंकर प्रतिमा का समय कुषाण काल द्वितीय शताब्दी बताया गया है, इस कारण यह प्रतिमा बहुत महत्वपूर्ण है। प्रतिमा के कुंचित केश हैं। वक्ष पर सुन्दर श्रीवत्स चिह्न बना हुआ है। इसकी परिचय-पट्टिका में ह्यबस्ट ऑफ महावीरह्ल महावीर का धड़ लिखा है। किन्तु तीर्थंकर महावीर प्रतिमा का कोई चिह्न दिखाई नहीं देता। लोहानीपुर के बाद देश की यह सर्व प्राचीन प्रतिमा है। इसका अंकन बहुत सुन्दर व मुखरकृति सौम्य है। कांच के बाहर से चित्र लिये जाने के कारण यहां दिये गये चिचत्र में में मुखाकृति कुछ विकृत सी प्रतीत होती है।

## तीर्थंकर का शिर (प्रथम)



पंजीयन संख्या जे.-135 पर तीर्थंकर प्रतिमा का शिर प्रदर्शित है। यह बलुआ पाषाण का है। नासिका भग्न है, ओष्ठ बहुत सुन्दरता से निर्मित हैं। केश कुंचित हैं। यह प्रतिमा-खण्ड कुषाणकाल द्वितीय शताब्दी का बताया गया है। संग्रहालय में लगी परिचय-पट्टिका में इसे तीर्थंकर महावीर की प्रतिमा का शिर बताया गया है। किन्तु तीर्थंकर महावीर प्रतिमा का कोई चिह्न दिखाई नहीं देता।

## तीर्थंकर का शिर (द्वितीय)



पंजीयन संख्या जे.-179 पर तीर्थंकर प्रतिमा का शिर प्रदर्शित है। यह भी बलुआ पाषाण का है। नासिका भग्न है किन्तु कुछ कम टूटी हुई है। ओष्ठ आदि प्रथम वर्णित शिर की तरह हैं। इस प्रतिमा के केश कुंचित अर्थात घुंघराले कुण्डली लिए हुए नहीं हैं। इसके कुचित के स्थान पर अर्धचन्द्र जैसीं पंक्तियां बनी हुईं हैं। केशों का ऐसा अंकन अन्यत्र अनुपलब्ध है। परिचय-पट्टिका में इसे भी तीर्थंकर महावीर की प्रतिमा का शिर बताया गया है। किन्तु तीर्थंकर महावीर प्रतिमा का कोई चिह्न नहीं है।

## जैन सन्त

संग्रहालय के पंजी संख्या 115 पर पद्मासन में एक सपरिकर खण्डित पाषाण प्रतिमा है, जो हरियाणा से प्राप्त हुई है। यह तीर्थंकर प्रतिमा जैसी है, लेकिन तीर्थंकर प्रतिमा नहीं है, देखें-

इस प्रतिमा के सिंहासन में सिंह बने हैं, उसके उपरान्त निकट में आराधक अंकित हैं। उनके बायें ओर महिला आसीन स्पष्ट है, दायीं ओर की छबि खण्डित है। इनके ऊपर आसन पट्टिका पर कलश जैसी आकृति है, थोड़ी अस्पष्ट है। दोनों ओर चँवरधारी दशार्ये गये हैं। श्रीवत्स चिह्न है, मुख-आनन खण्डित है किन्तु कलात्मक प्रभावल का कुछ भाग अवशेष है। चामरधारियों के ऊपर मुख्य प्रतिमा के शिर के समानान्तर सनाल कमल लिये हुए देवाकृतियां हैं। उनके ऊपर के स्थान वितान में अभिषेकातुर गज बने हैं। ये सभी अंकन सपरिकर तीर्थंकर प्रतिमाओं में पाये जाते हैं, किन्तु इस प्रतिमा के बाजुओं में बाजूबंद या अक्षमाला-भुजबंध जैसा कोई आभरण दशार्या गया है जो इसे तीर्थंकर प्रतिमा प्रतिष्ठापित करने से निषेध करता है। परन्तु फिर भी प्रतिमा के वक्ष पर श्रीवत्स की उपस्थिति इसे तीर्थंकर स्थापित करने के लिए पर्याप्त प्रमाण है। संग्रहालय ने इसे ह्यह्यजैन सन्तह्लह्ल उचित लिखा है। इसका समय 13वीं शताब्दी है।

## पद्मासन तीर्थंकर

संग्रहालय से बाहर परिसर में यह प्रतिमा स्थापित प्रदर्शित है। बलुआ खुरदुरे पाषाण की प्रतिमा है। यह अर्धपद्मासनस्थ है अर्थात पैर एक के ऊपर एक चढ़ा हुआ नहीं है, ऐसे अंकन अधिकांश दक्षिण भारत में प्राप्त होते हैं। यहां इसकी परिचय पट्टिका में भी दक्षिण भारत दशार्या गया है। इस प्रतिमा के आसन पर नहीं अपितु पैरों के बगल दोनों ओर सिंह आकृतियां दशाईं गईं हैं। दोनों और औसतन बड़े चामरधारी देव अंकित हैं। प्रभावल दक्षिण भारत की कला में प्रदर्शित है। शिर पर कलात्मक त्रिछत्र शोभित है। इस प्रतिमा का समय 16वीं शताब्दी अनुमानित किया गया है।

## तीन धातु तीर्थंकर

एक काष्ठ के आधार पर तीन धातु प्रतिमाएँ प्रदर्शित हैं। दो श्वेताम्बर प्रतिमाएं जान पड़तीं हैं और एक दिगम्बर। दिगम्बर प्रतिमा के मुख, नासिका आदि प्रक्षाल करने से घिस गये हैं। इनमें अभ्येिलेख हैं। ये 14वीं व 16वीं शताब्दी की प्रतिमाएं हैं। आलेख के साथ जो छायाचित्र दिये हैं वे कांच के अन्दर रखीं मूर्तियों के चित्र बाहर से निकालने पर मूर्तियां कुछ विकृत सीं दिखती हैं, किन्तु इनकी मुद्रा सौम्य है।

-डॉ० महेन्द्रकुमार जैन ह्यमनुज',
22/2, रामगंज, जिंसी, इन्दौर
मो. 9826091247
mkjainmanujbhoo@gmail.com

**दैनिक समाज जागरण**

# अमूल्य बुजुर्गों की सलाह, जीने की नई राह। बुजुर्ग हमारे संस्कार और धरोहर।

यह विडंबना है जब मनुष्य अत्यंत अनुभवी परिपक्व,प्रबुद्ध शालीन हो जाता है तब उसके अनुभव कार्य की लगनशीलता और परिपक्व मस्तिष्क का हम सदुपयोग नहीं करते उन्हें अवकाश प्रदान कर देते हैं। यह भी इस सिक्के का दूसरा पहलू है कि इस उम्र में शरीर में थकावट और वृद्धावस्था आ जाती है पर हम उन्हें सम्मान और यथा योग्य महत्व देकर उनके मार्गदर्शन और परामर्श का यथोचित लाभ लेकर अपने जीवन,व्यवसाय अथवा नई नीतियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, पर अमूमन ऐसा होता नहीं है।

वृद्धावस्था को जीवन का अंतिम पड़ाव एवं समस्याओं से गिरी हुई अवस्था माना जाता है, क्योंकि इस अवस्था में वृद्धों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है ।समय की रफ्तार के साथ समाज में अनेक परिवर्तन होने लगे हैं। नवीन पीढ़ी के लोग पुराने विचारों के लोगों का उनके जीवन में हस्तक्षेप उचित ना समझ कर बर्दाश्त नहीं करते हैं,इसी कारण युवा पीढ़ी बुजुर्गों और वृद्धों के विचारों की गहन उपेक्षा करने लगते हैं और बुजुर्गों को लगता है कि उनकी समाज में उपयोगिता धीरे धीरे कम हो रही है। जीवन का सांध्य काल आने पर मनुष्य कई समस्याओं से घिर जाता है। सबसे बड़ी समस्या शारीरिक क्षमता में कमी आ जाने की है, शरीर की सभी इंद्रियां धीमी पड़ जाती हैं,अनेक प्रकार की व्याधियों से शरीर घिर जाता है और मनुष्य धीरे-धीरे शरीर पर नियंत्रण खोता जाता है। उम्र के वृद्धावस्था के पड़ाव पर अनेक शारिरिक बीमारियों के साथ-साथ मूल समस्या मानसिक व्याधि की होती है। सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों में वेतन भोगी कर्मचारी को एक निर्धारित आयु के बाद सेवानिवृत्त कर दिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह व्यक्ति अब शारीरिक एवं मानसिक श्रम के योग्य नहीं रहा चाहे वह व्यक्ति स्वस्थ ही क्यों ना हो। इसके बाद उस व्यक्ति के जीवन में अनेक कठिनाई आने लगती हैं। जैसे ही व्यक्ति की आर्थिक उपयोगिता समाज में कम होने लगती है, वह समाज के लिए अनुपयोगी मान लिया जाता है और इस अवस्था में पहुंचने के बाद मानसिक तनाव की स्थिति बनने लगती है। लोगों के संपर्क में न रहना, सहयोगी तथा मित्रों की मृत्यु भी मानसिक तनाव का बड़ा कारण होती है। आत्मविश्वास की धीरे-धीरे कमी होने लगती है, जिससे मानसिक विकृति अकेलापन आदि जैसे रोगों का निर्माण होने लगता है। इस अवस्था में मान सम्मान की कमी की समस्या तो होती ही है, दूसरी तरफ सीमित तथा अल्प धन की उपलब्धता के कारण आर्थिक कष्ट भी वृद्धों को उठाना पड़ता है। इसके साथ ही परिवार तथा समाज की नजरों में व्यक्ति अनुपयोगी, बोझ, फालतू समझा जाने लगता है, जिससे बुजुर्ग व्यक्ति के मन में एक प्रकार की वितृष्णा आने लगती है। और कई बुजुर्ग इस अवहेलना को ना बर्दाश्त कर आत्महत्या तक कर बैठते हैं। जो व्यक्ति कुछ समय पहले तक महत्वपूर्ण था, विशिष्ट था वह अचानक ही बोझ समझा जाने लगता है। उसके मान सम्मान एवं भावनाओं का महत्व बहुत कम हो जाता है। भागदौड़ वाली इस जिंदगी में युवा पीढ़ी अपने बुजुर्गों से एक दूरी बनाना शुरू कर देती है और वह व्यक्ति अकेला ही रह जाता है। जब मनुष्य अपने को एकाकी समझने लगता है तो यह उसके जीवन का सर्वाधिक कठिन समय एवं पल होता है। आत्मविश्वास जनित प्रेरणा की कमी वृद्धावस्था को बोझिल बना देती है। व्यक्ति की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है, दूसरों पर निर्भरता बढ़ने लगती है। नई पीढ़ी द्वारा उसे अकेला छोड़ दिया जाता है। यही परिस्थिति वृद्धा अवस्था के लिए एक अभिशाप की तरह होती है। वृद्धावस्था में मनुष्य के मानसिक तथा शारीरिक कष्ट के प्रमुख कारणों में से संयुक्त परिवार का विघटन भी है। युवा पीढ़ी द्वारा अपने मां-बाप से अलग होकर रहने की चाहत हमारे देश में एक गंभीर समस्या पैदा करती है। वृद्ध व्यक्ति या दंपत्ति को जिस आयु में पुत्र, पुत्रियों की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है, ऐसे समय में पुत्र द्वारा उनकी देखभाल छोड़कर अलग रहने के लिए अलग मकान बनाना या किराए पर रहना, उस दंपत्ति या व्यक्ति को मानसिक रूप से प्रताड़ित भी करती है। भारत देश वही देश है यहां की संस्कृति में परिवार के बुजुर्ग को भगवान के समान माना जाता था, किंतु संयुक्त परिवार प्रणाली के विघटन के कारण आज की नई युवा पीढ़ी ना तो बड़ों के अनुशासन में रहना चाहती है नहीं उन्हें किसी प्रकार का आदर सम्मान देना चाहती है। औद्योगिकरण और विसंस्कृतिकरण प्रणाली के फल स्वरुप युवा पीढ़ी के रहन-सहन एवं जीवन शैली में तीव्र बदलाव देखा जा रहा है। इस युग में व्यक्ति जितना अपने कार्यों में व्यस्त हो गया है कि उसको परिवार के साथ बैठने, रहने की फुर्सत ही नहीं मिल पाती। भारत में बदलते परिवेश में ओल्ड एज होम की अवधारणा तेजी से बल पकड़ती जा रही है। नई पीढ़ी तरह पुरानी पीढ़ी के बीच एक तरह कम्युनिकेशन गैप भी आ जाता है, जो बुजुर्गों के लिए एक बड़ी समस्या होती है। बुजुर्ग दंपत्ति हो या व्यक्ति के पास जब तक धन रहता है तब तक उनके पुत्र, पुत्री उनका ख्याल रखते हैं और जब वह धनहीन हो जाते हैं, तो उन्हें नकार दिया जाता है ।यह एक बड़ी समस्या आज बुजुर्गों के सामने यक्ष प्रश्न बनकर खड़ी है। व्यक्ति को बुजुर्ग अवस्था में जब सबसे ज्यादा धन की आवश्यकता होती है तब उसके पास धन नहीं होता है। यह धन की कमी उपेक्षा का बड़ा कारण भी बनती है। युवा पीढ़ी का व्यक्तिगत स्वार्थ एवं धन के प्रति आकर्षण भी बुजुर्गों के प्रति प्रभाव तथा उपेक्षा का मूल कारण होता है।

व्यक्ति का जब सर्वश्रेष्ठ काल होता है तब उपेक्षित और समस्या ग्रस्त होकर अवसाद ग्रस्त हो जाता है। अंग्रेजी के प्रसिद्ध कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग वृद्धावस्था के बारे में लिखा है

**मेरे साथ रहो, रुको वृद्ध हो,**
**अभी जीवन का सर्वोत्तम शेष है।**

वृद्ध व्यक्ति भी मानव है, उसे भी संवेदना, सहानुभूति और प्यार की आवश्यकता होती है। नई पीढ़ी को चाहिए कि वृद्धों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें उनकी लगातार सेवा करनी चाहिए, उनके मार्गदर्शन उनका परामर्श परिवार तथा समाज के लिए जल कल्याणकारी होता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार उनका आशीर्वाद उनकी शुभकामनाएं लोक मंगलकारी होती हैं यह माना जाता है कि बुजुर्ग का आशीर्वाद ईश्वर के आशीर्वाद जैसा ही होता है।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक,लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़ ,9009 415 415,**

# मैने जग की अजब तस्वीर देखी, कोई हंसता है कोई रोता है



कवि प्रदीप जन्मः 6 फरवरी, 1915, उज्जैन, मध्य प्रदेश; मृत्युः 11 दिसंबर, 1998, मुम्बई, महाराष्ट्र) का मूल नाम 'रामचंद्र नारायणजी द्विवेदी' था। प्रदीप हिंदी साहित्य जगत और हिंदी फि ल्म जगत के एक अति सुदृढ़ रचनाकार रहे। कवि प्रदीप 'ऐ मेरे वतन के लोगों' सरीखे देशभक्ति गीतों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 1962 के 'भारत-चीन युद्ध' के दौरान शहीद हुए सैनिकों की श्रद्धांजलि में ये गीत लिखा था। 'भारत रत्न' से सम्मानित स्वर कोकिला लता मंगेशकर द्वारा गाए इस गीत का तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की उपस्थिति में 26 जनवरी 1963 को दिल्ली के रामलीला मैदान से सीधा प्रसारण किया गया था। यूँ तो कवि प्रदीप ने प्रेम के हर रूप और हर रस को शब्दों में उतारा, लेकिन वीर रस और देश भक्ति के उनके गीतों की बात ही कुछ अनोखी थी।

**जन्म**

देश प्रेम और देश-भक्ति से ओत-प्रोत भावनाओं को सुन्दर शब्दों में पिरोकर जन-जन तक पहुँचाने वाले कवि प्रदीप का जन्म 6 फरवरी, 1915 में मध्य प्रदेश में उज्जैन के बड़नगर नामक कस्बे में हुआ था। प्रदीप जी का असल नाम 'रामचंद्र नारायण द्विवेदी' था। इनके पिता का नाम नारायण भट्ट था। प्रदीप जी उदीच्य ब्राह्मण थे।

**शिक्षा**

कवि प्रदीप की शुरूआती शिक्षा इंदौर के 'शिवाजी राव हाईस्कूल' में हुई, जहाँ वे सातवीं कक्षा तक पढ़े। इसके बाद की शिक्षा इलाहाबाद के दारागंज हाईस्कूल में संपन्न हुई। इसके बाद इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। दारागंज उन दिनों साहित्य का गढ़ हुआ करता था। वर्ष 1933 से 1935 तक का इलाहाबाद का काल प्रदीप जी के लिए साहित्यिक दृष्टीकोंण से बहुत अच्छा रहा। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की एवं अध्यापक प्रशिक्षण पाठ् यक्रम में प्रवेश लिया। विद्यार्थी जीवन में ही हिन्दी काव्य लेखन एवं हिन्दी काव्य वाचन में उनकी गहरी रुचि थी।

**विवाह**

कवि प्रदीप का विवाह मुम्बई निवासी गुजराती ब्राह्मण चुन्नीलाल भट्ट की पुत्री सुभद्रा बेन से 1942 में हुआ था। विवाह से पूर्व कवि प्रदीप ने अपनी भावी पत्नी से एक प्रश्न पूछा था- "मैं आग हूँ, क्या तुम मेरे साथ रह सकोगी।" इसका बड़ा माकूल उत्तर सुभद्रा बेन ने दिया- "जी हाँ, मैं पानी बनकर रहूँगी।" इसका निर्वाह उन्होंने जीवन भर किया। 1950 में विले पार्ले में एस.बी. मार्ग पर 700 गज का प्लॉट खरीदकर 70 हजार रुपये में प्रदीप ने शानदार बंगला बनवाया। बंगला साहित्यिक मित्रों के स्वागत के लिए सदैव खुला रहता था। अमृतलाल नागर छः महीनों तक इस बंगले में रहे थे। प्रदीप दम्पत्ति दो पुत्रियों ह्यमितुलह्ल और ह्यसरगमह्ल के अभिभावक बने।

**कविता का शौक**

किशोरावस्था में ही कवि प्रदीप को लेखन और कविता का शौक लगा। कवि सम्मेलनों में वे खूब दाद बटोरा करते थे। कविता तो आमतौर पर हर व्यक्ति जीवन में कभी न कभी करता ही है, परंतु रामचंद्र द्विवेदी की कविता केवल कुछ क्षणों का शौक या समय बिताने का साधन नहीं थी, वह उनकी सांस-सांस में बसी थी, उनका जीवन थी। इसीलिए अध्यापन छोड़कर वे कविता की संरचना में व्यस्त हो गए।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

QXP 26-10-2023:Layout 1 12/10/2023 3:55 AM Page 3



# संवेदनशील सरकार में होती है गरीब-कमजोर की सुनवाई: सीएम योगी

## सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री, नव दम्पतियों को दिया आशीर्वाद

गोरखपुर, 9 दिसंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब सरकार संवेदनशील होती है तो गरीब-कमजोर लोगों की सुनवाई होती है। उन्हें बिना भेदभाव के पूरी पारदर्शिता के साथ शासन की योजनाओं का लाभ मिलता है। केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार ऐसी ही संवेदनशील सरकार है। यह सरकार बिना भेदभाव शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तो पहुंचा ही रही है, जन सहयोग से समाज की कुरीतियों को समाप्त करने का भी प्रयास कर रही है।





सीएम योगी शनिवार को महंत दिग्विजयनाथ पार्क में 1500 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम डबल इंजन सरकार के प्रयासों और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार का आयोजन है। दहेज की कुरीति से कई गरीब परिवार विवाह के पवित्र यज्ञ से वंचित हो जाते थे। बाल विवाह से पूरी तरह छुटकारा पाने के साथ दहेज के अत्याचार को समाप्त करने की दिशा में यह आयोजन अभिनव प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमें समाज में किसी भी ऐसी कुरीति को पनपने नहीं देना है जो समाज के विकास में बाधक हो।

### योजना के तहत अब तक हो चुके हैं तीन लाख बेटियों के हाथ पीले

आदित्यनाथने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक करीब तीन लाख शादियां करा चुकी है। 2017 के पूर्व प्रति जोड़े विवाह पर 31 हजार रुपये खर्च किए जाते थे बाद में इसे बढ़ाकर 51 हजार रुपये कर दिया गया है।

### महिला सशक्तिकरण केंद्र व राज्य सरकार की प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस निमित्त हर जरूरी कदम उठा रही है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मातृ वंदना जैसे कई कार्यक्रम महिलाओं की सुरक्षा व प्रेरणा की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकार ने संसद में एक नया विधेयक भी पारित किया है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत व नगर निकायों की तर्ज पर संसद व विधानसभाओं में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के प्रयासों का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में 01करोड़ 75 लाख तथा देश में 9 करोड़ 60 लाख महिलाओं को उज्ज्वला योजना का लाभ मिल रहा है। अब तो इस योजना के तहत होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर मिलना भी शुरू हो चुका है। उन्होंने गरीबों को मकान, शौचालय, आयुष्मान कार्ड देने की योजनाओं को उन्हें गरीबी से उबारने के साथ महिला सशक्तिकरण के अभियान का हिस्सा बताया।

### 25 हजार रुपये होगी कन्या सुमंगला योजना की राशि

सीएम योगी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को और मजबूती देने के लिए उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर उसकी पढ़ाई तक 15000 रुपये का पैकेज उपलब्ध कराया जाता है। नए वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर 25000 रुपये कर दिया जाएगा। बेटी की पढ़ाई तो मुक्त होगी ही, उसके अन्य खर्चो के लिए भी इस योजना से राशि मिल जाएगी।

### सीएम से लेकर विधायक तक, आनंद का अद्भुत क्षण

सीएम योगी ने सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को आनंद का अद्भुत क्षण बताया। कहा कि किसी एक शादी में समय निकाल पाना मुश्किल होता है लेकिन आज का यह आयोजन ऐसा शुभ व बड़ा कार्यक्रम है जहां मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी और अधिकारी वर-वधु पक्ष के लोगों का स्वागत करने, नवयुगलों को शुभाशीष देने आए हैं।

### दस नवयुगलों को प्रमाण पत्र व उपहार भी किया भेंट

समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में 1500 जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिन्दू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री ने उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से दस नवयुगलों को प्रमाण पत्र और उपहार-शगुन किट भेंट किया। प्रमाण पत्र देने के दौरान मुख्यमंत्री ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया।


कार्यक्रम को प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद,बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान और गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर विधायक श्रीराम चौहान, राजेश त्रिपाठी, महेंद्रपाल सिंह, डॉ विमलेश पासवान, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

# यूं ही नहीं है बच्चों को अपने सीएम योगी पर नाज

## सर्किट हाउस से सटे अंबेडकर पार्क में पिकनिक मनाने आए स्कूली बच्चों से मिले मुख्यमंत्री

गोरखपुर, 9 दिसंबर। अनुशासित शासन व्यवस्था के लिए देश-दुनिया में ख्याति बटोरने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के व्यक्तित्व का एक खास पहलू है, बाल प्रेम। देश के भविष्य के बीच सीएम योगी, वर्तमान के अपने निजी व्यस्तता में भी समय निकाल ही लेते हैं। प्रोटोकॉल से इतर मुलाकात, प्यार-दुलार, आशीर्वाद के बीच बच्चों ने कोई ख्वाहिश की तो उसे भी अभिभावक बनकर पूरा करना उन्हें आत्मीय संतोष देता है। तभी तो बच्चों को भी अपने सीएम योगी पर नाज है। योगी आदित्यनाथ के बाल प्रेम और बच्चों को उन पर गर्व की अनुभूति का एक संगम शनिवार सुबह गोरखपुर में देखा गया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से मुलाकात तो की ही, चॉकलेट देकर हेलिकॉप्टर के बारे में उनकी जिज्ञासा को भी तृप्त कराया।



शनिवार सुबह गोरखपुर सर्किट हाउस परिसर के हेलिपैड पर प्रोटोकॉल और सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद थी। इसी बीच जैसे ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर यहां लैंड हुआ, परिसर से सटे और एक बंद गेट से उस पार पड़ने वाले अंबेडकर पार्क में पिकनिक मनाने आए दो स्कूलों के बच्चों का उत्साह और उल्लास आसमान छूने लगता है। हवा में लहराते सैकडों बच्चों के हाथ देख और बाल कंठ से समवेत गुंजित अभिवादन की आवाज सुन सीएम योगी पहले से तय कार्यक्रम स्थल की बजाय मुस्कुराते हुए बच्चों के पास पहुंच जाते हैं। फिर वही सिलसिला जो मुख्यमंत्री को अलहदा बनाती है। बाल प्रेम, बच्चों के लिए प्रोटोकॉल से बेपरवाह। अंबेडकर पार्क के बंद गेट के पास बच्चों को प्यार-दुलार, गिफ्ट में चॉकलेट, खूब पढ़ने का आशीष तो जमकर हंसी ठिठोली भी। अकस्मात इस आत्मीय मुलाकात-संवाद के बीच बंद गेट से कई बच्चे मुख्यमंत्री की तरफ हाथ बढ़ा देते हैं और सीएम भी बिना पल गंवाए अभिभावक सरीखे होकर उनके हाथ थाम लेते हैं। इस बीच कई बच्चों ने मुख्यमंत्री के समक्ष हेलिकॉप्टर के बारे में नजदीक से जानने की इच्छा व्यक्त की। इस पर सीएम योगी ने पायलट और अधिकारियों से कहा कि बच्चों को नजदीक से हेलिकॉप्टर दिखाएं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अधिकारियों ने बच्चों को नजदीक से हेलिकॉप्टर दिखाया जहां बच्चों की फोटो भी खींची गई। सभी बच्चों को अधिकारियों ने चॉकलेट गिफ्ट किया। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में स्प्रिंगर पब्लिक स्कूल बरगदवा एयर एसआरजी लिटिल एंजेल चरगांवा के बच्चे शामिल रहे।

# नवंबर में 116445 बार हुई बसों की जांच, करीब 29 लाख रुपये की हुई वसूली

## सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप बसों के पारदर्शी संचालन को किया जा रहा सुनिश्चित

लखनऊ, 9 दिसंबरः योगी सरकार उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को समृद्ध बनाने के लिए प्रयासरत है। निगम से संचालित बसों के पारदर्शी संचालन के लिए योगी सरकार की तरफ से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं प्रतिमाह निगम के प्रवर्तन दलों द्वारा नियमित जांच की जाती है। इसी क्रम में नवंबर 2023 में प्रवर्तन दलों द्वारा यूपीएसआरटीसी द्वारा संचालित बसों की कुल 116445 बार जांच की गई। इस दौरान जांच दल ने करीब 29 लाख (28 लाख 88 हजार 506 रुपये) का प्रशमन शुल्क वसूला। प्रधान प्रबंधक प्रवर्तन अशोक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, परिवहन मंत्री एवं प्रबंध निदेशक के निर्देशों के अनुपालन में जांच दल द्वारा यूपीएसआरटीसी की संचालित बसों की जांच की जाती है। इसमें बिना टिकट यात्री, बिना बुक भार वहन, चालक/परिचालक की अल्कोहल टेस्ट आदि जांच होती है। प्रधान प्रबंधक प्रवर्तन ने बताया कि नवंबर में जांच दलों (मुख्यालय नियंत्रित टाटा सूमो प्रवर्तन दल, इंटर सेंटर दल एवं क्षेत्रीय प्रवर्तन दल) द्वारा जांच के दौरान कुल 4455 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गये, जबकि 125.42 टन बिना बुक भार पकड़ा गया। 8405 चालकों/परिचालकों का ब्रेथ एनलाईजर मशीन द्वारा एल्कोहल जांच की गयी।

# माफिया हावी होंगे तो बाधित कर देंगे विकास : सीएम योगी

**यूपी में शरारत के तहत कमजोर किया गया था सहकारिता को :सीएम योगी**

### डीसीएफ के नवनिर्मित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

गोरखपुर, 9 दिसंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सहकारिता हो या अन्य कोई क्षेत्र, यदि उसमें माफिया हावी होंगे तो विकास बाधित कर देंगे, आमजन को तबाह कर देंगे। उत्तर प्रदेश में 2017 से पहले यही होता था। पर, आज उत्तर प्रदेश में माफिया गिरोहों पर शिकंजा कस दिया गया तो न केवल प्रदेश के प्रति लोगों की धारणा बदली है बल्कि विकास के बड़े बड़े कार्य हो रहे हैं और लोगों की आय बढ़ रही है।

सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर के नथमलपुर में जिला सहकारी फेडरेशन (डीसीएफ) लिमिटेड के नवनिर्मित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक लंबे दौर तक गैंगवार के कारण गोरखपुरवासियों पर पहचान का संकट था। यहां उद्यमी निवेश नहीं करना चाहते थे, बैंक युवाओं को लोन नहीं देते थे। विकास के बड़े कार्य नहीं होते थे। अगर विकास की कोई बड़ी परियोजना आ भी गई तो माफिया ठेका हथियाने को हावी हो जाते थे, नतीजा होता था गैंगवार।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सहकारिता आंदोलन भारत के विकास की आत्मा रही है। जिन राज्यों ने इसकी मूल अवधारणा और महत्व को समझ लिया वे विकास में आगे निकल गए। जिन राज्यों में सहकारिता की उपेक्षा हुई या सहकारिता गलत लोगों के हाथ में चली गई, वे राज्य पिछड़ गए। राज्य के पिछड़ने से प्रति व्यक्ति आय पर भी नकारात्मक असर पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में शरारत के तहत सहकारिता को कमजोर किया गया। 2017 के पूर्व यूपी के 16 जिला सहकारी बैंकों के लाइसेंस रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने निरस्त कर दिए थे। इन बैंकों में पैसा जमा करने वाले छोटे किसान और छोटे व्यापारी तबाह थे। बेटी की शादी के लिए भी पैसा नहीं निकल पा रहा था। सीएम योगी ने कहा कि आज सरकार के सहयोग से कई बैंक फिर से खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में सहकारिता का फैलाव किया है। इसके लिए अलग से मंत्रालय गठित किया है जिसकी कमान गृहमंत्री अमित शाह के पास है। सहकारिता के जरिये सबकी सहभागिता से विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं।

### छोटी जोत के किसानों के बीच बनाएं सहकारिता का मॉडल

मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटी जोत के किसानों के बीच एफपीओ बनाकर और अलग अलग कार्यों जैसे खाद्य प्रसंस्करण, भण्डारण आदि से किसानों को जोड़कर सहकारिता का मॉडल खड़ा किया जा सकता है। इन मॉडलों से बड़ी संख्या में लोग प्रेरित होंगे और रोजगार भी बढ़ेगा। सीएम योगी ने बताया कि सरकार वेयरहाउस बनाने के लिए सब्सिडी भी दे रही है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहा नए भारत का दर्शन : सीएम योगी

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सुना प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन, 1100 पीएम आवासों के भूमि पूजन में हुए सम्मिलित, लाभार्थियों को किया सम्मानित

गोरखपुर, 9 दिसंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले साढ़े नौ सालों में भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चौतरफा विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। उनके नेतृत्व में नए भारत का दर्शन हो रहा है। नया भारत वैश्विक स्तर पर 142 करोड़ भारतवासियों के गौरव को बढ़ाता है। इस भारत मे बड़ी-बड़ी परियोजनाएं तो आगे बढ़ ही रही हैं, सबका साथ सबका विकास के ध्येय के अनुरूप योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सब तक पहुंच रहा है।




सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर के झारखंडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुनने से पूर्व उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नगरीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनने वाले 1100 आवासों के प्रतीकात्मक भूमि पूजन में भी सम्मिलित हुए और जनहित की योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया। सीएम योगी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की चर्चा के दौरान कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों के अंदर देश मे 10 करोड़ से अधिक गरीबों के शौचालय बनाए गए हैं, इनमें से 4 करोड़ शौचालय उत्तर प्रदेश के लोगों के बने हैं। देश मे 4 करोड़ गरीबों के आवास बनवाए गए हैं जिनमें से 55 लाख यूपी में बने हैं। देश में 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना से पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ मिल रहा है, यूपी में इस योजना से 10 करोड़ लोग सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। पीएम मोदी की पहल पर कोरोना काल से देश में 80 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न की सुविधा मिल रही है। शासन की ये योजनाएं सबको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

### शासन की योजनाओं के लाभ से कोई भी वंचित नहीं रहेगा

सीएम योगी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 15 नवंबर को पीएम मोदी ने झारखंड के एक सुदूर गांव से किया है। 26 जनवरी तक यह यात्रा देश के हर गांव तक पहुंचेगी। इस यात्रा के दौरान शासन की योजना से लाभान्वित लाभार्थी मेरी कहानी मेरी जुबानी से अन्य लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। यात्रा के दौरान ही पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ा भी जा रहा है। उन्होंने सबको विश्वास दिलाया कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम में कुछ लाभार्थियों में मुख्यमंत्री से अपने अनुभव साझा किए और योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार के प्रति आभार जताया।

### स्टालों का किया अवलोकन, बच्चों को कराया अन्नप्राशन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने नन्हे मुन्ने बच्चों को दुलारकर उनका अन्नप्राशन कराया और उपहार दिया। वह कुछ देर तक बच्चों के साथ खेलते रहे। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी की।

### झारखंडी महादेव मंदिर में की पूजा अर्चना

कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पूर्व सीएम योगी ने झारखंडी महादेव मंदिर में विधि विधान से देवाधिदेव महादेव की पूजा अर्चना कर लोक मंगल की प्रार्थना की।

# दो वर्ष में काशी पुराधिपति के दरबार में रिकॉर्ड 12.92 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी

## श्री काशी विश्वनाथ धाम का विस्तार, सुविधा और सुगमता के कारण महादेव के दरबार में बना उपस्थिति का कीर्तिमान

**सीएम योगी आदित्यनाथ भी अनवरत करते हैं बाबा का दर्शन, शिव भक्तों की सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए धाम में बेहतर सुविधा का देते हैं निर्देश**

**साल में जहां लाखों भक्त बाबा के दरबार में लगाते थे हाजिरी, अब वह संख्या करोड़ों में पहुंच रही**

वाराणसी, 9 दिसंबरः काशी पुराधिपति के दरबार का प्रताप है कि यहां हर मनोकामना पूर्ण होती है। यही कारण है कि दो वर्ष में यहां 12.92 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाकर सुखी-स्वस्थ होने की कामना की। पीएम नरेंद्र मोदी ने 13 दिसंबर 2021 को श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण किया था। काशी के चौतरफा विकास, श्री काशी विश्वनाथ धाम का विस्तार, वहां मिलने वाली सुविधा और सुगमता के चलते बाबा के भक्तों ने महादेव के दरबार में हाजिरी का कीर्तिमान बना दिया है। इसके बाद दिनोदिन भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। दो साल में काशी पुराधिपति के दरबार में रिकॉर्ड लगभग 12 करोड़ 92 लाख से अधिक लोगों ने शीश नवाया है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी समय-समय पर बाबा के दर्शन करते हैं और निरीक्षण के दौरान शिव भक्तों की सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन का निर्देश देते रहते हैं।



13 दिसंबर को लोकार्पण के हो जाएंगे दो वर्ष

श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण को 13 दिसंबर 2023 को दो वर्ष पूरे हो जाएंगे। बाबा का धाम हर वर्ष भक्तों के आमद का नया कीर्तिमान बना रहा है। प्रतिदिन बाबा के दरबार में लाखों भक्त दर्शन करने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद बाबा के दरबार में सौ बार से अधिक हाजिरी लगा चुके हैं। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण 13 दिसंबर 2021 को हुआ था। तब से 6 दिसंबर 2023 तक 12 करोड़ 92 लाख 24 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया है। वहीं दिसंबर अंत तक यह संख्या 13 करोड़ पार करने का अनुमान है।

श्रद्धालुओं की सुविधा का भी कुशल प्रबंधन मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा के मुताबिक मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर कुशल प्रबंधन किया जा रहा है। गर्मी, ठंड और बरसात में तेज धूप से बचाने के लिए जर्मन हैंगर, पैर न जले इसके लिए मैट, कूलर, पीने का शुद्ध पानी, श्रावण मास में दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क व्हील चेयर, सभी के लिए चिकित्सा आदि की व्यवस्था ने शिव भक्तों की मंदिर तक पहुंचने की राह आसान कर दी है।

### लोकार्पण के बाद श्रद्धालुओं ने किया दर्शन

*13 दिसंबर 2021 से दिसंबर 2021 तक--- 48,42,700 दर्शनार्थी*

*जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक -7,11, 47,000दर्शनार्थी*

*जनवरी 2023 से 6 दिसंबर 2023 -5, 32, 35,000 दर्शनार्थी*

**कुल----- 12करोड़ 92 लाख 24 हजार 700 दर्शनार्थी**

**श्रावण मास 2023 में एक करोड़ से अधिक भक्तों ने बाबा के दरबार में की समृद्धि की कामना**

अधिमाह के कारण श्रावण इस बार दो मास का पड़ा था। इसमें जुलाई 2023 में 72,02891व अगस्त में 95,62,206 श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए। दो महीने में यह संख्या लगभग एक करोड़ 67 लाख 65 हजार 97 रही। वहीं श्रावण मास 2022 में काशी पुराधिपति के दर्शन करने वालों की संख्या 76, 81561 थी।

# आज आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 206788 वादों का हुआ निस्तारण- जिला जज

माननीय न्यायामूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद/प्रशासनिक अधिकारी श्री पंकज भाटिया द्वारा दिनांक 09.12.2023 को दीवानी न्यायालय गौतमबुद्धनगर में आगमन किया गया, जिनके द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रात 10 बजे दीप प्रज्जवलित कर उदघाटन किया गया। उक्त अवसर पर समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित हुयें तथा श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत विधि दर्शन नामक पुस्तक का विमोचन माननीय न्यायामूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा किया गया उक्त पुस्तक की प्रतियॉ समस्त न्यायिक अधिकारीगण में वितरित की गई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय व तहसील स्तर पर माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर श्री अवनीश सक्सेना की अध्यक्षता एंव दिशा-निर्देशन में दिनांक 09.12.2023 को जनपद गौतमबुद्धनगर में किया गया। जिसमें जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारीगण द्वारा कुल 53989 वाद तथा प्री-लिटिगेशन स्तर पर राजस्व न्यायालय द्वारा कुल 83629 वाद, बैकं द्वारा 970 मामलें, एन0पी0सी0एल0 द्वारा 22 मामलें व यू0पी0पी0सी0एल के 4874 मामलें तथा श्रम न्यायालय द्वारा 362 मामलें व धनराशि 9346381 है, पुलिस विभाग द्वारा 6519 मामलों का निस्तारण किया गया। बी0एस0एन0एल0 द्वारा 26 मामलें तथा परिवहन विभाग द्वारा 19138 तथा यातायात विभाग द्वारा 34368 मामलों का निस्तारण हुआ इस प्रकार कुल प्री-लिटिगेशन के 159882 मामलें निस्तारित हुये। ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 206788 वाद निस्तारित हुये। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयवार निस्तारित वादों का विवरण निम्न हैः- श्री अवनीश सक्सेना, जिला जज 37 वादों का निस्तारण किया गया। श्री इंदर प्रीत सिंह जोश, पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय द्वारा 27 वाद व समझौता धनराशि 16550119 है। श्री उदय प्रताप सिंह, पीठासीन अधिकारी, अतिरिक्त वाणिज्य न्यायालय द्वारा 14 वाद व समझौता धनराशि 9327768 है। श्री बुद्धि सागर मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 27 है। श्रीमती प्रतिक्षा नागर, अपर जिला जज प्रथम द्वारा 03 वाद है। श्री विकास नागर, अपर जिला जज, पोक्सो कोर्ट प्रथम द्वारा 04 वाद हैं। श्री विजय कुमार हिमॉशु, अपर जिला जज द्वितीय/विशेष न्यायाधीश, (एस0सी0/एस0टी एक्ट) द्वारा 04 वाद है। श्री चन्द्र मोहन श्रीवास्तव अपर जिला जज, पोक्सो कोर्ट प्रथम द्वारा 587 वाद व जुमार्ना 6473227 है। श्री राजेश कुमार मिश्रा, अपर जिला जज-षष्टम द्वारा 07 वाद है। श्री रणविजय प्रताप सिंह, अपर जिला जज/एफ0टी0सी0 1 द्वारा 01 वाद हैं। श्रीमती प्रियंका सिंह, अपर जिला जज, एफ0टी0सी-द्वितीय द्वारा 02 वाद है। श्रीमती बुशरा आदिल रिजवी, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 05 वाद। श्री जयहिंद कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम द्वारा 13464 वाद व जुमार्ना धनराशि 634800 है। श्रीमती शिवानी त्यागी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय द्वारा 8046 वाद व जुमार्ना धनराशि 807440 है। श्री प्रदीप कुमार कुशवाहा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय द्वारा 9796 वाद व जुमार्ना धनराशि 1716660 है। श्रीमती अर्पिता सिंह अतिरिक्त सिविल जज सी0डि 1/ए0सी0जे0एम द्वारा 4568 वाद व समझौता धनराशि

QXP 26-10-2023:Layout 1 12/10/2023 3:55 AM Page 4



# न्याय देने में नाकाम हो रहीं फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतें यौन शोषण के पीड़ित बच्चों को है न्याय का इंतजार

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)केंद्र सरकार की तमाम नीतियों , प्रयासों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद भी पॉक्सो ( The protection of Children from Sexual offences Act ) के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई विशेष त्वरित अदालतों में 31 जनवरी 2023 तक देश में 2,43,237 मामले लंबित थे। अगर लंबित मामलों की इस संख्या में एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाए तो भी इन सारे मामलों के निपटारे में कम से कम नौ साल का समय लगेगा। बिहार की बात करें तो यहां पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में तकरीबन 26 साल का वक्त लगेगा। साथ ही 2022 में देश में पॉक्सो के सिर्फ तीन फीसदी मामलों में सजा सुनाई गई। ये चौंकाने वाले तथ्य एक शोधपत्र ह्लजस्टिस अवेट्स : ऐन एनालिसिस ऑफ द एफिकेसी ऑफ जस्टिस डेलिवरी मैकेनिज्म्स इन केसेज ऑफ चाइल्ड एब्यूजह्ल से उजागर हुए हैं जिसे दीप ज्योति कल्याण संस्थान ने जारी किया। इस शोधपत्र को इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) ने तैयार किया है। आईसीपीएफ और दीप ज्योति कल्याण संस्थान ह्लबाल विवाह मुक्त भारतह्ल के सहयोगी संगठन हैं। यौन शोषण के शिकार बच्चों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2019 में एक ऐतिहासिक कदम के जरिए फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों के गठन और हर साल इसके लिए करोड़ों की राशि देने के बावजूद इस शोधपत्र के निष्कर्षों से देश के न्यायिक तंत्र की क्षमता और दक्षता पर सवालिया निशान उठ खड़े होते हैं।

शोधपत्र आगे कहता है कि मौजूदा हालात में जनवरी, 2023 तक के पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में अरुणाचल प्रदेश को 30 साल लग जाएंगे, जबकि दिल्ली को 27, पश्चिम बंगाल को 25, मेघालय को 21, बिहार को 26 और उत्तर प्रदेश को 22 साल लगेंगे। फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों जैसी विशेषीकृत अदालतों की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य यौन उत्पीड़न के मामलों और खास तौर से यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से मुड़े मामलों का त्वरित गति से निपटारा करना था। इनका गठन 2019 में किया गया और भारत सरकार ने हाल ही में केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में इसे 2026 तक जारी रखने के लिए 1900 करोड़ रुपए की बजटीय राशि के आबंटन को मंजूरी दी है। इन फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों के गठन के बाद माना गया कि वे इस तरह के मामलों का साल भर के भीतर निपटारा कर लेंगी लेकिन इन अदालतों में आए कुल 2 , 68 , 038 मुकदमों में से महज 8,909 मुकदमों में ही अपराधियों को सजा सुनाई जा सकी है।

अध्ययन से यह उजागर हुआ है कि प्रत्येक फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालत ने साल भर में औसतन सिर्फ 28 मामलों का निपटारा किया। इसका अर्थ यह है कि एक मुकदमे के निपटारे पर नौ लाख रुपए का खर्च आया। शोधपत्र के अनुसार, ह्लप्रत्येक विशेष अदालत से हर तिमाही 41-42 और साल में कम से कम 165 मामलों के निपटारे की उम्मीद की जा रही थी। लेकिन आंकड़ों से लगता है कि गठन के तीन साल बाद भी ये विशेष अदालतें अपने तय लक्ष्य को हासिल करने में विफल रही हैं। इन मामलों में कानूनी प्रक्रिया के दौरान यौन शोषण के पीड़ित बच्चों और उनके परिवारों को पहुंचे आघात और उनकी वेदना की चर्चा करते हुए दीप ज्योति कल्याण संस्थान के कार्यकारी निदेशक बालकिशोर छतर ने कहा, ह्लपीड़ितों और उनके परिवारों को पहुंचे सदमे और उनकी पीड़ा की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसके अलावा न्याय की तलाश में इन परिवारों को अक्सर असहनीय कठिनाइयों और दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है।यह उन पर ढाए गए अत्याचारों और पीड़ा को रोजाना याद करने और उसे रोजाना जीने के समान है। जल्द से जल्द न्याय ही उन्हें इस पीड़ा से छुटकारा दिलाने का एकमात्र रास्ता है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए शोधपत्र आगे कहता है कि बाल विवाह बच्चों के साथ बलात्कार है। उधर, वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि देश में रोजाना 4,442 नाबालिग लड़कियों को शादी का जोड़ा पहना दिया जाता है।इसका मतलब यह है कि देश में हर मिनट तीन बच्चियों को बाल विवाह के नर्क में झोंक दिया जाता है जबकि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की हालिया रिपोर्ट कहती है कि देश में बाल विवाह के रोजाना सिर्फ तीन मामले दर्ज होते हैं।आईसीपीएफ के संस्थापक भुवन ऋभु ने बाल विवाह को रोकने के लिए देश में मजबूत नीतियों, कड़े कानूनों और पर्याप्त वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद सजा की मामूली दरों को गंभीर चिंता का विषय करार दिया। भुवन ऋभु ने कहा, ह्लकानून की भावना को हर बच्चे के लिए न्याय में रूपांतरित होने की जरूरत है। अगर बच्चों के यौन शोषण के आरोपियों में महज तीन प्रतिशत को ही सजा मिल पाती है तो ऐसे में कहा जा सकता है कि कानूनी निरोधक उपाय नाकाम हैं। अगर पीड़ित बच्चों को बचाना है तो सबसे जरूरी चीज यह है कि बच्चों और उनके परिवारों की सुरक्षा की जाए, उनके पुनर्वास और क्षतिपूर्ति के इंतजाम किए जाएं और पूरा न्यायिक तंत्र निचली अदालतों से लेकर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जैसी ऊपरी अदालतों तक मुकदमे का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करे।ह्ल यौन शोषण के पीड़ित बच्चों को एक समयबद्ध और बच्चों के प्रति मैत्रीपूर्ण तरीके से न्याय दिलाना सुनिश्चित करने और लंबित मामलों के निपटारे के लिए आईसीपीएफ और दीप ज्योति कल्याण संस्थान ने कई अहम सिफारिशें की हैं।सर्वप्रथम सभी फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतें संचालन में हों और वे कितने मामलों का निपटारा कर रहे हैं, इसकी निगरानी के लिए एक फ्रेमवर्क हो। इसके अलावा इन अदालतों से संबद्ध पुलिस से लेकर जजों और और पूरा अदालती स्टाफ को पूरी तरह सिर्फ इन्हीं अदालतों के काम के लिए रखा जाए ताकि ये प्राथमिकता के आधार पर मामलों को अपने हाथ में ले सकें। द्वितीयत साथ ही लंबित मामलों के निपटारे के लिए इन अदालतों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। आखिर पारदर्शिता के लिए इन सभी सभी फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों के कामकाज को सार्वजनिक दायरे में लाया जाए।

यह रिपोर्ट विधि एवं कानून मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो से मिले आंकड़ों पर आधारित है।

# महिलाओं एवं पुरुषों की लैंगिक समानता व हिंसा के विरोध में निकाली गई रैली

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमारअनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित आजाद जीविका महिला स्वावलंबी सहकारी समिति के द्वारा शनिवार को नई चेतना अभियान पहला बदलाव की ओर लैंगिक समानता एवं लिंग आधारित हिंसा रोकने के मुद्दों पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड कार्यालय परिसर में अंचल अधिकारी मुकेश कुमार एवं जीविका के इंचार्ज बीपीएम संजीव कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली गोह प्रखंड चारों दिशाओं में भ्रमण करते हुए जीविका दीदीयों ने नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि महिला के समान बिना हर बदलाव अधूरा है, जब नारी में शक्ति सारी फिर क्यों नारी हो बेचारी, हम सबको चुप नहीं रहना है लेकिन हिंसा नहीं सहना है। इस तरह के अनेको प्रकार के नारेबाजी करते हुए सैकड़ों दीदीयों ने बाजार का भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया है। इस मौके पर सीसी अनुराधा कुमारी सीसी पिंटू कुमार एमबीके गौरीश कुमार,सीएफ सीमा कुमारी, सुमित्रा देवी, रीना देवी , सावित्री देवी , सूरज कुमार मनीष कुमार , वकील कुमार सहित दर्जनों जीविका दीदी लोग मौजूद रहे।



# प्राचीन भारतीय इतिहास और पुरातत्व व संस्कृति विषय की परीक्षा में छात्राओं ने मारी बाजी

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमारअनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के देवकुंड स्थित बीएस कॉम्पटेटिव क्लास में डॉ आशुतोष मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित प्राचीन भारतीय इतिहास और




पुरातत्व व संस्कृति विषय की परीक्षा में छात्राओं ने मारी बाजी। जानकारी देते हुए डायरेक्टर बिकास कुमार ने बताया कि विशेष जानकारों द्वारा परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें दर्जनों छात्र छात्राओं ने भाग लिया। वहीं बेहतरीन अंक लाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सफल छात्रों में प्रथम द्वितीय तृतीय व चतुर्थ में क्रमशः सोनम कुमारी, सृष्टि कुमारी, रविकांत कुमार, खुशबू कुमारी, दौलती कुमारी व गोलू कुमार शामिल रहे जिन्हें संस्थान के द्वारा पेन भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं संस्थान के कंट्रोलर सुमित मिश्रा ने बताया कि समय-समय पर इस तरह के परीक्षा के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभागियों में उच्च स्तरीय कंपटीशन के लिए जज्बा पैदा होता है।

# मोबाइल टीवी ज्यादा देखने से देश में लाखों बच्चों को लग गया चश्मा।

***जंक फूड और मोबाइल टीवी की अधिक इस्तेमाल का असर स्कूली बच्चों की आंखों पर भी पड़ रहा है***

**दैनिक समाज जागरण, शांति देवी , जिला संवाददाता**

औरंगाबाद (बिहार) 09 दिसंबर 2023 :- जंक फूड और मोबाइल टीवी की अधिक इस्तेमाल का असर स्कूली बच्चों की आंखों पर भी पड़ रहा है । पिछले 3 साल में लाखों बच्चों की नजर कमजोर होने से चश्मा लगाना पड़ा है । यह खुलासा कई शहरों में आंखों के स्क्रीनिंग करने के बाद सामने प्रकाश मे आया है । इस साल स्क्रीनिंग हुए बच्चों की संख्या कम है लेकिन चश्मे वाली अधिक है । बीते 10 महीना में अगर बड़े-बड़े अस्पतालों का आंकड़ा देखा जाए तो पता यह चलेगा कि अधिकतर बच्चों को मोबाइल और टीवी देखने के कारण ही चश्मा पहनना पड़ा है ।और मोबाइल कंप्यूटर का काम इस्तेमाल आंखों की सेहत के लिए अच्छा रहेगा इसे माता पिता के द्वारा पहल करनी होगी कि बच्चे इसका उपयोग कम से कम कर सके ।विश्व इस परेशानी से जूझ रहा है । 3 घंटे से ज्यादा टीवी एवं मोबाइल देखने वालों को हो सकता है डायबिटीज ।राष्ट्रीय नेत्रहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के आंकड़ों को यदि गौर से देखा जाए तो देश में दृष्टिहीनता के मामले में अत्यधिक वृद्धि पाई गई है । मोबाइल टैबलेट टीवी लैपटॉपके सामने अधिक समय व्यतीत करने वाले बच्चों या व्यस्कों को आंखों को बहुत नुकसान पहुंचता है । स्क्रीन से निकलने वाली रोशनी से आंख का पानी सुखना भारीपन आंखों में थकावट और आंखों की चमक को भी प्रभावित करता है । इसलिए समय रहते संभालने की जरूरत है और यह सब चीजों का कम से कम उपयोग करने की आवश्यकता है ।

# बड़े भाई का सेहरा चढ़ने से पहले छोटे भाई की निकल गई अर्थी

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमारअनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)उपहारा थाना क्षेत्र के निमड़ा गांव में एक युवक का गुरुवार की रात पटना में संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि मृतक गुरुवार की रात्रि अपने दोस्तों के साथ खाना खाकर सो गया था। जब सुबह हुई तो उसके रुम से सभी दोस्त रुम छोड़कर फरार दिखें। किसी कारण वश मकान मालिक जब कमरे में गया तो देखा कि रजनीश कुमार मृत अवस्था में पड़ा हुआ है । इसकी सूचना मालिक ने परिजनों को दिया। मृतक की पहचान उक्त गांव निवासी राजकुमार सिंह के 24 वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार के रुप में हुई है। मृतक की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मृतक का बड़ा भाई पप्पू कुमार का 5 दिसंबर को ही रिश्ता लगा था, और कुछ ही माह के बाद बड़े भाई की शादी होने वाली थी। ऐसे में शादी का माहौल गम में तब्दील हो गया।यह युवक पटना में रहकर फाइनेंशियल बैंक में काम करता था। मृतक की मां बचपन में ही गुजर गई थी। किसी तरह से पिता ने भरण पोषण कर पढ़ाया लिखाया। जब शनिवार को जैसे ही गांव में शव पहुंचा तो पूरे परिवार में चीख पुकार मच गया। वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मौत के बाद से पूरा गांव में अनेकों तरह की चचाएं हो रही है। आखिर मौत किस कारण से हुआ यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही अस्पष्ट पता चल पाएगा।

# रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता के जिला टॉपर नीरज कुमार को पटना मे किया गया सम्मानित।

**दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ, बिहार-झारखंड प्रदेश**

एड्स नामक बीमारी की रोकथाम के लिए रेड रिबन क्विज प्रतियोगिता के नाम से भारत सरकार एक प्रतियोगिता कराती है, जिसके माध्यम से किशोर बच्चों को इस जानलेवा बीमारी के विरुद्ध जागरूक किया जाता है। सरकार का मूल उद्देश्य, इसके माध्यम से एड्स के प्रसार को रोकने और इससे बचने के उपाय को जन-जन तक पहुँचाना है। यह प्रतियोगिता विद्यालय से शुरू होकर राष्ट्रीय स्तर तक कराई जाती है।



बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिला में जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता 25 नवंबर 2023 को प्रतियोगिता कराई गई थी । इस प्रतियोगिता में अनुग्रह इंटर स्कूल औरंगाबाद से क्विज में जिला अव्वल आयी टीम के दो बच्चे प्रथम स्थान पर गाँव भरवार निवासी वार्ड सदस्य संघ औरंगाबाद के जिला अध्यक्ष अभय पासवान के पुत्र नीरज कुमार (नवम) और दुसरे पर वैभव कुमार (नवम) जिला स्तरीय प्रतियोगिता से चयनित होकर शुक्रवार को पटना पहुँचे। जहाँ पी एंड एम मॉल "होटल क्लार्क इन" में बिहार राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी, पटना द्वारा "रेड रिबन क्विज 2023" की जिला स्तरीय टॉपर को सम्मानित करने के साथ - साथ राज्यस्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमें सम्मिलित होने पर अभिभावक अभय पासवान के साथ प्रतिभागि को सहभागिता सह उत्तमता प्रमाण पत्र तो मिला ही, साथ ही एक बैग और प्रतियोगिता बुक, डायरी,पेन पुरस्कार स्वरूप इन्हें प्रदान की गई है। इसकी सूचना विद्यालय में मिलते ही सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं खुशी से झूम उठे।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई कि अपने विद्यालय से जिला टॉपर का उपलब्धि प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि का सारा श्रेय मार्गदर्शक एवं प्रिंसिपल श्री विरेन्द्र राम को जाता है। इस उपलब्धि पर स्कुल के वरीय शिक्षक प्रमोद सिंह ,रविन्द्र कुमार,पंकज सर,आनंद सर, वंदना कुमारी, अखिलेश सर, तथा स्कुल के सभी शिक्षक सहित जिला अस्पताल के जिला एडस नियंत्रण पदाधिकारी डाक्टर रवि रंजन आदि ने बच्चों को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दी।

# औरंगाबाद समाहरणालय से जिला पदाधिकारी ने स्कूली बच्चों को हरी झंडी दिखाकर यौन उत्पीड़न निषेध सप्ताह जागरूकता मार्च को किया रवाना.

**दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ ,बिहार - झारखंड प्रदेश।**

औरंगाबाद (बिहार) - औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने विभिन्न सरकारी स्कूली बच्चों को समाहरणालय से हरी झंडी दिखाकर यौन उत्पीड़न निषेध सप्ताह जागरूकता मार्च को रवाना किया. इस दौरान आईसीडीएस के तमाम पदाधिकारी, पर्यवेक्षक गण के अलावे विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल थे. बताते चलें कि बिहार सरकार के विभिन्न सरकारी विद्यालय के बच्चों ने शहर के पुरानी जीटी रोड से होते हुए संपूर्ण शहर में यौन उत्पीड़न निषेध सप्ताह के तत्वाधान में जागरूकता मार्च निकाला. इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध एवं निवारण अधिनियम 2013 में निर्दिष्ट प्रावधानों के तहत अवांछित व्यवहार करने वाले के खिलाफ अपराधिक मामले दर्ज



हो सकते हैं. उन्होंने आगे कहा कि 9 दिसंबर को ही इस एक्ट को अधिनियमित किया गया था. उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं को उचित सम्मान एवं सुरक्षा प्रदान करने में यह कानून काफी सहायक सिद्ध हुआ है. कार्यक्रम के दौरान समाहरणालय के तमाम पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे .

# छेड़खानी के मामले में पुलिस भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार, प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद(बिहार) -- हसपुरा पुलिस ने शनिवार को युवती के साथ छेड़खानी के मामले में हसपुरा थाना क्षेत्र ( दुगार्पुर ) गांव से एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अजय शंकर कुमार ने बताया कि युवक करपी थानाक्षेत्र के मुरारी गांव का मुकुल कुमार रहने वाला है। वह अपने रिलेशन में यहां दुगार्पुर आया था।दुगार्पुर गांव के युवती को छेड़खानी कर रहा था।इसकी सूचना हसपुरा को किसी ने दे दी।हसपुरा पुलिस सूचना मिलते ही दुगार्पुर पहुची औऱ युवक को गिरफ्तार कर थाना ले आई। थानाध्यक्ष अजय शंकर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक मुकुल कुमार के खिलाफ कागजी कार्रवाई करते हुए कोर्ट में समर्पित कर जेल भेज दिया गया।

# मामूली विवाद में चाकू के हमले से युवक जख्मी

**दैनिक समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 9 दिसंबर 2023 :- रिसियप थाना की पुलिस ने मामूली विवाद में चाकू मारने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह घटना शुक्रवार के शाम पांच बजे की है। गिरफ्तार युवक की पहचान औरंगाबाद के मुफस्सिल थाना के अंतर्गत नथुनी बीघा गांव निवासी संतोष राम एवं अशोक राम के रूप से हुई है। घटना के बारे में जानकारी होते हुए रिसियप थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि उक्त दोनों युवक बाइक पर सवार




होकर सनथुआ गांव के रास्ते से गुजर रहे थे। इसी क्रम में सनथुआ गांव निवासी दीपक राम को बाइक से धक्का लग गया। घटना के बाद बाइक सवार और दीपक राम के बीच झड़प होने लगी। इस बीच दीपक राम का भाई रवि राम घटनास्थल पर पहुंच गया। दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ता गया। इस दौरान संतोष राम और अशोक राम ने रवि राम पर चाकू से हमला कर दिया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना रिसियप थाना को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रवि राम चाकू लगने से गंभीर रूप से जख्मी है। गया के अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

# लैंगिक समानता एवं लिंग आधारित हिंसा रोकने के मुद्दों पर जागरुकता रैली का आयोजन।

**दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ, बिहार- झारखंड प्रदेश।**

औरंगाबाद (बिहार) 9 दिसंबर 2023 :- " नई चेतना अभियान- पहल बदलाव की ओर" कार्यक्रम के तहत 09 दिसंबर को महिला एवं बाल विकास निगम, जीविका एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में लैंगिक समानता एवं लिंग आधारित हिंसा रोकने के मुद्दों पर जागरुकता रैली का आयोजन समाहरणालय परिसर औरंगाबाद से किया गया! रैली को हरी झंडी दिखाकर जिला पदाधिकारी महोदय ने रवाना किया! रैली को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी महोदय ने उपस्थित महिलाओ एवं छात्राओं को हिंसा के खिलाफ हमेशा आवाज उठाने,कभी मूकदर्शक बनकर नहीं रहने , सहायता देने में पीछे नहीं रहने, सबके साथ समान व्यवहार करने, लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चुप्पी तोङने एवं इसकी शुरूआत हम अपने घर से करें जैसे विन्दुओं के बारे में बताया! उन्होंन कहा कि हम सभी लैंगिक समानता एवं लिंग आधारित भेदभाव तथा हिंसा को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करें! इसके लिए महिलाओं एवं बालिकाओं को आगे आना होगा और हिंसा के खिलाफ चुप्पी तोङनी होगी! लङकियां आज हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं सिर्फ उन्हें अवसर देने की आवश्यकता है! जिला परियोजना प्रबंधक ने कहा कि नई चेतना अभियान-पहल बदलाव की ओर" कार्यक्रम 25 नवम्बर से शुरू हुआ जो 20 दिसंबर तक चलेगा इसके तहत महिला एवं बाल विकास निगम एवं जीविका के संयुक्त तत्वावधान में जिला,प्रखंड,पंचायत,विद्यालय, आंगनबाङी केंद्र,क्लस्टर लेवल फेडरेशन, ग्राम संगठन एवं स्वयं सहायता समूह स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लैंगिक समानता एवं लिंग आधारित हिंसा को रोकने के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम, शपथ ग्रहण, सखी वार्ता, जागरकता रैली, परिचर्चा, सेमिनार, भाषण पेंटिंग रंगोली प्रतियोगिता इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं! इसी कङी में आज जिलास्तरीय जागरूकता रैली का आयोजन किया गया !रैली में जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक एवं जीविका के पदाधिकारी,जिला मिशन समन्वयक,महिला पर्यवेक्षिका,जीविका दीदी, विद्यालय की छात्राएं, आंगनबाङी सेविका सहायिका, आईसीडीएस के कर्मी , वन स्टॉप सेंटर, अल्पावास गृह कर्मी एवं विद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया ! रैली समाहरणालय परिसर से निकलकर रमेश चौक होते हुए जामा मस्जिद से पुनः वापस ब्लाक मोङ होते हुए समाहरणालय परिसर आकर समाप्त हुआ!

# कृषि समन्वयक के निधन पर शोकसभा का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 9 दिसंबर 2023 :- प्रखंड कृषि कार्यालय मदनपुर में पदस्थापित कृषि समन्वयक मुकेश कुमार आजाद के आकस्मिक निधन



पर शनिवार को ई-किसान भवन अंबा में शोक सभा का आयोजन किया गया। विदित हो कि शुक्रवार की रात्रि हृदय गति रुकने के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी। शोक सभा में उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस मौके पर किसान सलाहकार आकाश कुमार, संजीव कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, प्रवीण सिंह, बीज विक्रेता अभय कुमार सिंह, जदयू युवा प्रखंड अध्यक्ष संतन कुमार सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थें।

# यह बिहार प्रदेश का महत्व पुर्ण न्यूज हैं।

## माननीय उच्च न्यायालय के दहलीज पर समाज कल्याण विभाग की अनियमिता !

**दैनिक समाज जागरण, शांति देवी ,संवाददाता**

औरंगाबाद (बिहार) 09 दिसंबर 2023 :- बिहार राज्य में जे.जे.बी. के गठन में भारी अनियमिताकी मामला बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले में चर्चा का विषय बन चुका है और

विभागीय चयन नियमावली के दिशा-निर्देश के विपरीत रक्त संबंधियों को भी एक ही जिला में दो पदो पर अध्यक्ष एव सदस्य बनाने की चर्चा जोरों पर है। वही दूसरे जिले के निवासी को किसी दुसरे जिले में सदस्य बनाने की बाते जोरों पर हैं।

तथ्य चाहें जो भी हों नियमावली के विरुद्ध एक ही जिला में एक जगह पर रक्त संबंधियों तथा जिले के बाहर के लोगों को दुसरे जिले में सदस्य तथा अध्यक्ष पद पर नियोजन की मामला, वास्तविक में जांच का विषय है। प्रेस में नाम नहीं छापने के शर्त पर उपरोक्त तथ्यों की जानकारी एक व्यक्ति ने मीडिया से साझा की है

प्रेस में नाम नहीं छापने के शर्त पर एक व्यक्ति ने बताया कि बिहार प्रदेश में जे.जे.बी. के परीक्षा में समाज कल्याण विभाग ने व्यापक पैमाने पर नियोजन पमें मनमानी की है तथा हद का सभी सीमाएं संबंधितों ने पार कर दी है। हद तो तब हो गई ,जब दिवंगत महिला को भी सी डब्लू सी का मेंबर बनाया गया और सगी बहनें एक ही कमेटी में सदस्य एवं अध्यक्ष बनाए गए ।


प्राप्त जानकारी के अनुसार विभागीय कर्मियों के संबंधी भी चयनित हुए ।

बताया जाता है कि गया जिला के निवासी को नवादा में अध्यक्ष बनाया गया है। और अरवल जिले में जेजेबी के सदस्य को एक साल में दो स्थायी पतों को बदलकर अरवल से जहानाबाद और जहानाबाद बाद से अरवल कर दिया गया है जो जांच का विषय है।

समाज कल्याण विभाग ने राज्य के 29 जिलों के बाल कल्याण समिति और 34 जिलों के लिए किशोर न्याय परिषद के सदस्यों और अध्यक्षों की सूची जारी की है । इसमें बड़े पैमाने पर अनियमितता का मामला सामने आ री है।

चयन के लिए लिखित परीक्षा और मौखिक साक्षात्कार की औपचारिकताएं पूरी की गई थी। पूरी प्रक्रिया को गोपनीयता रखने का दावा भी किया गया था परंतु उनकी दावा मिथ्या साबित हुई । इस प्रकार की गड़बड़ी और अनियमित सामने आई है जिससे समाज कल्याण विभाग और उनकी आला अफसर की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहे हैं ।

कहीं मृत्य महिला को,तो कहीं रक्त संबंधी ,कहीं दूसरे जिले के व्यक्ति को एक ही जगह सदस्य और अध्यक्ष के रूप में चयनित कर लिया गया है । विभाग के अधिसूचना के अनुसार बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय परिषद के लिए आवेदन में संबंधी जिले का मूल निवासी होना अनिवार्य है । एक ही कमेटी में दो रक्त संबंधी नहीं रह सकते। यह भी शर्त थी कि ऐसे संस्थान जो बाल संरक्षण पुनर्नवास के लिए कार्य कर रहे हैं उसमें कार्यरत कर्मियों के सदस्य नहीं रह सकते । फिर भी नियोजन के दौरान सभी नियमों को तख्त पर रखकर



IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE AT PATNA
Civil Writ Jurisdiction Case No.14672 of 2023

In re Juvenile Justice (Care and Protection of Children ) Act, 2015

... ... Petitioner/s

Versus

The Additional Registrar & Ors.

... ... Respondent/s

Appearance :
For the Petitioner/s : Ms. Ritika Rani, *Amicus Curiae*
For the Respondent/s : Mr. P.K. Shahi (AG)
Mr. Amish Kumar, AC to AG

CORAM: HONOURABLE THE CHIEF JUSTICE
and
HONOURABLE MR. JUSTICE RAJIV ROY
ORAL ORDER

(Per: HONOURABLE THE CHIEF JUSTICE)

05-12-2023 Post on 15.12.2023 so as to enable learned counsel for the respondents to file counter affidavit.

(K. Vinod Chandran, CJ)

( Rajiv Roy, J)

Anushka/-

नियोजन की गई है।

विदित हो कि ऐसे में विभागीय कर्मियों के संबंधी भी समिति में शामिल है जहां तक किशनगंज का प्रश्न है बाल कल्याण समिति के लिए मृतक महिला को बनाया गया है । सदस्य की मृत्यु हो चुकी है ,उसका भी रिजल्ट जारी हुआ है ।

गया जिले के लिए सीडब्ल्यूसी में सगी बहनें अध्यक्ष एवं सदस्य बने है। अरवल जिले के लिए खखइ में जहानाबाद जिले के बाल कल्याण समिति के न्यू वर्तमान कमेटी के सदस्य बनाया गया है । जिनका स्थाई पता 1 साल में ही बदल गया, जहां तक गया के निवासी को नवादा जिले में सीडब्ल्यूसी के सदस्य बनाए गए हैं। वही नवादा जिले के लिए भी गया जिले के ब्यक्ति को जेजेबी का सदस्य बनाया गया है और पत्ता नवादा जिला दशार्या गया है।

औरंगाबाद जिले में गया जिले के निवासी को जेजेबी का सदस्य बनाया गया है।सीडब्ल्यूसी की जारी सूचना में रोहतास जिले के बाल कल्याण पदाधिकारी के रूप में कार्यरत संबंधियों को गया जिले में सीडब्ल्यूसी का सदस्य बनाया गया है । उपरोक्त तत्व में अनियमित कि मामला गहन जांच के बाद ही प्रकाश में आएंगे और जांचोंपरांत ही इसका खुलासा होगा।

माननीय उच्च न्यायालय बिहार पटना में उपरोक्त मामले में

जुवेनाइल जस्टिस केयर ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन एक्ट 2015 बनाम एडीसनल रजिस्टार एवं अन्य वके विरुद्ध C W J C 14672 / 2023 दाखिल किया। जिसमें मुख्य न्यायाधीश एवं राजीव राय की बेंच ने 5 .12 .2023 को सुनवाई की है तथा 15 .12 .2023 को संबंधित पक्ष को काउंटर एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया है ।

4 .12 . 2023 को विभाग द्वारा जारी अधिसूचना को माननीय उच्च न्यायालय के दहलीज पर 5 12 2023 को सुनवाई हेतू पंजीकृत किया गया है।

QXP 26-10-2023:Layout 1 12/10/2023 3:55 AM Page 5



# आज से 14 दिसम्बर तक से नौनिहालों को डोर टू डोर जाकर पोलियोरोधी दवा की खुराक पिलायी जाएगी

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**
जिले में रविवार से आगामी पांच दिनों 14 दिसंबर तक चलने वाला अनु-राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पोलियो अभियान शुरू होगा । जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि भारत सहित विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र के 10 अन्य देशों को 27 मार्च 2014 को पोलियो मुक्त प्रमाणित किया गया था। देश में पोलियो का अंतिम मामला 13 जनवरी 2011 को पश्चिम बंगाल के हावड़ा में सामने आया था। वैश्विक स्तर पर, पोलियो का वायरस अफगानिस्तान और पाकिस्तान में स्थानिक है। हालांकि भारत पोलियो मुक्त प्रमाणित हो गया है लेकिन वायरस के वैश्विक उन्मूलन होने तक वाइल्ड पोलियो वायरस के बाहर से आने या टीका जनित पोलियो वायरस का जोखिम बना हुआ है। इसी वजह से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के निर्देश पर पल्स पोलियो अभियान चलाने की सलाह दी गई है। राज्य स्वास्थ्य समिति के दिशा निर्देश के आलोक में सभी प्रखंडों में पोलियो की दवा उपलब्ध करा दी गयी है । सभी एमओआईसी अपने स्तर से पूर्व में ही माइक्रोप्लान तैयार कर चुके हैं। साथ ही सभी टीकाकर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। जिला स्तर पर जिलाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में जिला टास्कफोर्स की बैठक में दिए गये निर्देश के आलोक में सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तर की बैठक भी की जा चुकी है । ताकि, इस पल्से पोलियो अभियान में एक भी लाभुक बच्चा न छूटे।

नौनिहालों की जिंदगी सुरक्षित व स्वस्थ बनाने के लिए सरकार तत्पर है – जिलाधिकारी

जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने कहा कि नौनिहालों की जिंदगी सुरक्षित व स्वस्थ बनाने के लिए जितना सरकार तत्पर है उतना ही जागरूक माता-पिता को भी होना चाहिए। कोई भी बच्चा अपंगता का शिकार न हो, इसे ले समय-समय पर अभियान चलाकर स्वास्थ्य विभाग पोलियो की दवा उनके घर तक पिलाने का कार्य कर रही है। अभियान को सफल बनाने में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। शहरी मलिन बस्ती, अल्पसेवित समुदाय, ईंट भट्टा, घुमंतु बंजारा इत्यादि को विशेष रूप से अभियान का लाभ देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों की लाइन लिस्टिंग के अलोक में पल्स पोलियो




टीकाकरण के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा किया जायेगा । अभियान के दौरान प्रतिदिन शाम को कार्यक्रम की समीक्षा की जाएगी। साथ ही, डब्ल्यूएचओ एवं यूनिसेफ के द्वारा अभियान की मॉनिटरिंग की जाएगी।

0 से 5 साल के बच्चे को पिलाएं खुराक : सिविल सर्जन

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने कहा कि पोलियो एक खतरनाक बीमारी है। जिससे बचाव के लिए अभियान चलाकर पोलियो की दो बूंद खुराक 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाती है। 10 दिसंबर से पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत हो रही है। इस दौरान जिले के सभी लोग अपने बच्चों को पोलियो की दो बूंद खुराक जरूर पिलाएं। ताकि पोलियो होने की संभावनाओं को खत्म किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस अभियान में डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, सहित अन्य सहयोगी संस्थाएं अहम योगदान निभाएंगी।

टीकाकर्मियों का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण करना अनिवार्य -

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ देवेन्द्र कुमार ने बताया, अभियान के तहत शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को डोर टू डोर जाकर पोलियो की खुराक पिलायी जाएगी। इसके अलावा बस पड़ाव, चौक चौराहों व बाजारों आदि जगहों पर प्रशिक्षित टीका कर्मियों द्वारा वहां से गुजरने वाले सभी लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायी जाएगी।

अभियान के लिए प्रखंड स्तर पर टीम गठित की गयी है । हाउस टू हाउस टीम, मोबाइल टीम, चौक चौराहों के लिए टीम का गठन किया गया है । टीम के सभी सदस्य अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम की सफलता में भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि टीकाकर्मियों का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण करने के लिए निर्देशित किया गया है। कार्यरत टीकाकर्मियों एवं पर्यवेक्षकों का शतप्रतिशत प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाना है। साथ ही, ट्रांजिट स्थलों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चौक चौराहों आदि पर प्रशिक्षित टीकाकर्मियों को नियुक्त कर लक्षित बच्चों को पोलियो की खुराक देना जरूरी है।

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र का हुआ आयोजन, 3 का हुआ निष्पादन

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**
किशनगंज मुख्यालय स्थित महिला थाना परिसर में पारिवारिक विवाद को लेकर पुलिस परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन राहत संस्था के सचिव डॉक्टर फरजाना बेगम एवं ऐ एस आई अनुष्का शर्मा के नेतृत्व में किया गया। पारिवारिक विवाद से पीड़ित कुल 7 मामले पहुंचे। इस दौरान राहत संस्था के सचिव डॉक्टर फरजाना बेगम एवं ए एस आई अनुष्का शर्मा के द्वारा समझा भुझा कर मौके पर 3 का निष्पादन कर दिया गया

# जांच के दौरान एक महिला के पास से 7 लीटर चुलाई शराब बरामद किया, भेजा जेल

राहुल कुमार, किशनगंज
मध्य निषेध अधिनियम के तहत उत्पाद विभाग किशनगंज की टीम ने किशनगंज जिले के बालू चुका के पास गुप्त सूचना के आधार पर जांच किया। जांच के दौरान 7 लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया। वही इस दौरान मध्य निषेध अधिनियम के तहत उत्पाद विभाग की टीम ने महिला को गिरफ्तार कर शनिवार को सदर अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कर कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# बुढागंज में पेयजल टंकी के लिए घटिया चारदीवारी निर्माण पर ग्रामीणों का विरोध।

**रंजीत कुमार पोद्दार समाज जागरण संवाददाता**
खोरीबाड़ीः खोरीबाड़ी प्रखंड के बुढागंज ग्राम पंचायत के हाथीडुब्बा संसद में पीएचई विभाग ओर से पेयजल की टंकी लगाई जा रही है। इसके लिए पेयजल की टंकी के चारों ओर चारदीवारी बनाई जा रही है। आरोप है कि चारदीवारी में गुणवत्तापूर्ण नहीं बनाया जा रहा। इसके कारण स्थानीय लोगों ने इसका विरोध करते हुए काम को रोक दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि चारदीवारी के निर्माण के दौरान जमीन की खुदाई करने के बजाय जमीन पर से ही ऊंची ढलाई की जा रही है. । स्थानीय लोगों ने कहा कि पीएचई विभाग ने घटिया गुणवत्ता का काम कर रहे हैं। इसलिए आज काम को बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा पीएचई विभाग द्वारा गुणवत्तापूर्ण काम नहीं किया गया तो, चारदीवारी का काम नहीं करने दिया जायेगा। इस संबंध में बुढागंज ग्राम पंचायत प्रधान अनिता राय ने कहा कि अगर काम निम्न गुणवत्ता का हुआ तो ग्रामीण तो काम को बंद करा ही देंगे। उन्होंने कहा पीएचई विभाग उसे इस बारे में कुछ नहीं बताया है। हालांकि घटिया कार्य होने पर कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। इस संबंध में सिलीगुड़ी महकमा परिषद के कर्माअध्यक्ष किशोरी मोहन सिंह ने कहा कि पीएचई विभाग द्वारा पेयजल की टंकी बनाई जा रही है। काम की गुणवत्ता खराब होने के कारण स्थानीय लोगों ने काम बंद करा दिया है। इंजीनियर के आने तक यह काम बंद रहेगा। उन्होंने कहा घटिया काम को तोड़ कर फिर से चारदीवारी का निर्माण गुणवत्तापूर्ण कराया जायेगा। वहीं भाजपा खोरीबाड़ी बुढागंज मंडल कमेटी के महासचिव संजीत सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ऐसा विकास कर रही है कि ग्रामीण



भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। उन्होंने आने वाले दिनों में काम अच्छा नहीं होने पर आंदोलन की धमकी दी है। वहीं इस संबंध में लोक स्वास्थ्य व तकनीकी विभाग के अपर अभियंता सुजॉय चक्रवर्ती ने कहा स्थानीय लोगों की शिकायत बेबुनियाद है और चारदीवारी का काम गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जा रहा है। उन्होंने इस संदर्भ में ग्रामीणों से बात करने की बात कही।

# बूंदाबांदी से बढ़ी ठंड , लोग रहे ठिठुरते

**उत्तम सिंह संवाददाता दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ**
(दार्जिलिंग):- खोरीबाड़ी व नक्सलबाड़ी में दो दिनों से आसमान में बादल छाए रहे। बीते गुरुवार को बूंदाबांदी बारिश हुई। इससे तापमान गिरने के साथ ही सर्दी बढ़ गई। सर्द हवाओं से लोग ठिठुरते नजर आए और घर से निकलने को बचते रहे। वहीं, ठंड में बढ़ोतरी से जनजीवन प्रभावित होना शुरू हो गया है।बढ़ते ठंड की वजह से लोग काफी परेशान दिख रहे हैं । मौसम के अचानक मौसम में ठंडक बनी हुई है, जबकि सामान्य से बेहद हल्की हवा चल रही है ।

खोरीबाड़ी व भारत- नेपाल सीमा के आसपास के क्षेत्रों में लोग घर में दुबके हुए है । ठंड में बढ़ोतरी होने की वजह से सड़कों पर सन्नाटा पसर गया है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों की रफ्तार धीमी हो गयी



है। तीन दिनों से धूप नहीं निकली । अचानक मौसम के करवट बदलने पर ठिठुरन से लोग परेशान हो रहे हैं । खोरीबाड़ी प्रखंड से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में भी सर्दी के तेवर आसमान छूने लगी हैं । कंपकंपा देने वाली ठंड से जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। गुरुवार व शुक्रवार को शीतलहर चलने से लोगों में ठिठुरन आ गयी है । बढ़ते ठंड से बचने के लिए लोग जगह-जगह अलाव तापते नजर आ रहे हैं । खोरीबाड़ी में दिन भर ठंड पड़ने से लोग परेशान रहे । गुरुवार दोहपर को हुई हल्की बारिश के साथ शुक्रवार को मौसम ठंडक बनी रही। लोग दिनभर गर्म कपड़ों में लिपटे रहे। तीन दिनों से तापामन में अचानक गिरावट आने से लोग दिनभर अलाव जलाकर तापते नजर आ रहे हैं।

# किशनगंज मुख्यालय स्थित टाउन थाना परिसर में जमीनी विवाद को लेकर जनता दरबार का आयोजन 2 मामले का हुआ निष्पादन

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**
किशनगंज मुख्यालय स्थित टाउन थाना परिसर में जमीनी विवाद को लेकर



सीओ समीर कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जमीनी विवाद से संबंधित कुल चार मामले पहुंचे वही इस दौरान किशनगंज सीओ समीर कुमार के द्वारा सभी के कागजात बारीकी से जांच कर दो मामले का निष्पादन मौके पर कर दिया। बाकी बचे मामले को अगले शनिवार जनता दरबार में आने के लिए कहा गया।

# भाजपा नेताओं ने लाइव सुना पीएम मोदी का संबोधन।

**रंजीत ठाकुर दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
अररिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को रघुनाथपुर उत्तर पंचायत के पंचायत भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। सांसद प्रदीप कुमार सिंह,विधायक जयप्रकाश यादव सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री की बात सुनी। सांसद प्रदीप सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक रथ नहीं,बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी है। जनता को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के अद्भुत संकल्प के साथ यह गाड़ी हर गांव,कस्बे और शहर में पहुंच रही है। इसका उद्देश्य मोदी सरकार की जनकल्याणकारी और जनहितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है,ताकि हर पात्र व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इस यात्रा के तहत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों में हर जगह लोगों की खूब भीड़ उमड़ रही है। लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं विधायक जयप्रकाश यादव ने कहा कि



विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रत्येक शब्द इसके उद्देश्य से खुद हीं अवगत करवाता है। मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, जनधन, किसान सम्मान निधि, आवास, विश्वकर्मा तथा किसान क्रेडिट कार्ड जैसी कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर अमलीजामा पहनाया है। इससे करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इस दौरान हेल्थ चेकअप और ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाए जा रहे हैं। पूरे देश को नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है। मध्य प्रदेश,राजस्थान और छत्तीसगढ़ की जनता ने भी इसे प्रमाणित भी किया है। आने वाले लोकसभा चुनाव में मोदी की गारंटी केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा,सुधीर भगत,नवीन यादव,किरण देवी,दीपक कुमार मुन्ना, मिथिलेश भारती, लड्डू यादव, माधव यादव, नित्यानंद मेहता, समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 7 लीटर चुलाई शराब के साथ एक महिला गिरफ्तार व शराब पीने के आरोप में 18 व्यक्ति गिरफ्तार

**राहुल दैनिक समाज जागरण किशनगंज**
मध्य निषेध अधिनियम के तहत उत्पाद विभाग किशनगंज के द्वारा जिले के विभिन्न चेक पोस्ट पर जांच अभियान चलाई गई. जांच अभियान के दौरान उत्पाद विभाग के टीम ने किशनगंज प्रखंड के तेउसा पंचायत अंतर्गत बालू चुका के पास गुप्त सूचना के आधार पर बंगाल की ओर से आ रही एक महिला की जांच की गई. जांच के दौरान 7 लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया. दूसरी और रामपुर चेक पोस्ट पर से 175 मिलीग्राम शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया. साथ ही शराब पीने के आरोप में 18 व्यक्ति को गिरफ्तार किया.

# व्यवहार न्यायलय परिसर किशनगंज में आयोजित की वर्ष की अंतिम भव्य राष्ट्रीय लोक अदालत

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार किशनगंज के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय किशनगंज परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त लोक अदालत में श्री मदन किशोर कौशिक जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने पीठ के सदस्यों एवं अन्य पदाधिकारियों से अपील किया की पक्षकारों को ध्यान में रखते हुए मामलों का निपटारा उदारता पूर्वक एवं नियमानुसार करें तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार किशनगंज ओम शंकर ने पक्षकारों से विशेष अनुरोध किया कि वे अपने-अपने वादों का निष्पादन शांति पूर्वक एवं कोरोना वायरस संक्रमण को देखते हुए सुरक्षात्मक रूप से करें। राष्ट्रीय लोक अदालत के पीठ के न्यायिक सदस्य कुमार गुंजन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम किशनगंज, राघवेन्द्र नारायण सिंह मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी किशनगंज, रोहित श्रीवास्तव अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम किशनगंज, अमृत कुमार सिंह मुंसिफ प्रथम किशनगंज, इंजमामुल हक न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी किशनगंज, रंधीर कुमार , न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी किशनगंज सम्मिलित थे। इन छः पीठों में गैर न्यायिक सदस्य के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार




किशनगंज के पैनल अधिवक्ता क्रमशः जय किशन प्रसाद, मधुकर प्रसाद गुप्ता, प्रदीप ठाकुर, महादेव प्रसाद दिनकर, प्रभात कुमार रॉय, एवं संगीता मानव की प्रतिनियुक्ति की गई थी। राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय के कुल 202 मामलें जिसमें दावा वाद के 09 मामलें, अपराधिक शमनीय 134 मामलें, विधुत विभाग के 58 मामलें एवं चेक बाउंस के 01 मामलें सम्मिलित हैं। 09 दावा वादों में कुल- 65,25,000 /- का समझौता हुआ। बैंक ऋण के कुल 541 मामले में समझौता राशी कुल रुपए 8,15,43,314/- का तथा 14 टेलीफोन बिल से संबंधित मामलों में कुल रुपए 70,729/- का समझौता हुआ। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में काफी भीड़ देखी गई। जहाँ जिले के विभिन्न क्षेत्रो से आए पक्षकारों ने अपने-अपने वाद का निष्पादन करवाने में काफी सक्रिय भूमिका निभाई। पक्षकारों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो इसके लिए जगह-जगह सहायता केंद्र पर साथ ही प्रत्येक पीठ में एक झएक पारा विधिक स्वंय सेवकों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज के कर्मी के साथ-साथ व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण ने काफी सक्रीय भूमिका में दिखें।

# दुर्गा पूजा में सर्वश्रेष्ठ प्रतिमा,पंडाल और नागरिक सुविधा प्रदान करने हेतु समितियां हुई सम्मानित

**राजीव झा दैनिक समाज जागरण संवाददाता किशनगंज**
दुर्गा पूजा 2023 पर किशनगंज जिलांतर्गत पूजा समितियों के द्वारा दुर्गा पूजा पंडाल,प्रतिमा और बेहतर नागरिक सुविधा व प्रभावी नियंत्रण की व्यवस्था की गई,इसे प्रोत्साहित करने के निमित्त डीएम,किशनगंज तुषार सिंगला के द्वारा उक्त तीनों श्रेणी में आकर्षक/उत्कृष्ट प्रथम तीन का चयन हेतु चयन समिति का गठन किया गया था। चयन के उपरांत डीएम,किशनगंज और एसपी किशनगंज के द्वारा खेल भवन - सह- व्यायामशाला में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में चयनित पूजा समिति को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही,डीएम और एसपी के द्वारा संयुक्त रूप से दुर्गा पूजा और छठ पूजा में विधि व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान हेतु सभी बीडीओ व सीओ तथा एसएचओ के अतिरिक्त जिला स्तरीय दंडाधिकारी को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि दुर्गा पूजा 2023 के तीन विधाओं के प्रथम तीन स्थान प्राप्त पूजा समिति अंतर्गत प्रतिमा श्रेणी में प्रथम स्थान शिव शक्ति धाम पूजा समिति, लोहार पट्टी, किशनगंज,दूसरा स्थान बाजार पूजा समिति,ठाकुरगंज और तीसरा स्थान के लिए माँ अम्बे पूजा समिति, बहादुरगंज को प्रशस्त्रि पत्र और ट्रॉफी देकर डीएम और एसपी ने सम्मानित किया।इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ पंडाल और सजावट श्रेणी में प्रथम स्थान टाउन क्लब रूईधासा, किशनगंज ,द्वितीय स्थान मनोरंजन क्लब, किशनगंज और तृतीय स्थान के लिए विप्लवी क्लब, ठाकुरगंज को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ नागरिक सुविधा व प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रथम पुरस्कार मनोरंजन क्लब किशनगंज , द्वितीय स्थान



कालीबाड़ी दुर्गा पूजा समिति, सुभाषपल्ली, किशनगंज और तीसरा स्थान प्राप्त करने पर डुमरिया दुर्गा पूजा समिति, डुमरिया किशनगंज को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में पूजा समिति के सदस्य के अतिरिक्त नागरिक एकता मंच के सदस्य उपस्थित थे।

इसके अतिरिक्त दशहरा/दुगार्पूजा एवं छठ पर्व 2023 के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण के निमित्त प्रतिनियुक्त जिला स्तरीय दंडाधिकारी/ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/ सभी अंचलाधिकारी/सभी थानाध्यक्ष तथा अध्यक्ष/सचिव नागरिक एकता मंच को सम्मानित किया गया।मौके पर डीएम तुषार सिंगला ने दुर्गा पूजा 2023 पर आकर्षक पूजा पंडाल,प्रतिमा निर्माण और सुविधा के लिए सभी पूजा समिति का प्रोत्साहन किया और सम्मान समारोह की परंपरा को आगे जारी रखने की बात कही। इसे लेकर पूजा समिति सदस्य में काफी उत्साह रहा। उन्होंने नागरिक एकता मंच समेत आम जन को जिला प्रशासन के साथ उत्कृष्ट समन्वय पर आभार जताया तथा भविष्य में आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन और जिला पुलिस के पर्व में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को विधि व्यवस्था संधारण में उनके लग्न और समर्पण की सराहना की और शुभकामनाएं दी। एसपी डॉ इनाम उल हक मेंगनु के द्वारा पूजा समितियों तथा नागरिक एकता मंच को पर्व त्योहार पर प्रशासन के साथ सहयोगात्मक कार्य की सराहना की गई तथा दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी का मनोबल बढ़ाया गया। मौके पर जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी,नगर परिषद अध्यक्ष, नागरिक एकता मंच के पदाधिकारी व सदस्य तथा बीडीओ, सीओ, एसएचओ व पूजा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# ठाकुरगंज : ताराचंद धानुका अकादमी में बिहार सरकार कार्मिक विभाग के प्रधान सचिव डॉ बी राजेंद्र जी का हुआ अभिवादन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज**
08दिसंबर। जिले के ठाकुरगंज प्रखंड में स्थित अंतरराष्ट्रीय स्वरूप का



ताराचंद धानुका अकादमी के विद्यार्थियों के लिए सात दिसंबर महप्रेरणा का दिन रहा। विद्यार्थियों को बिहार सरकार कार्मिक विभाग के प्रधान सचिव डॉ बी राजेंद्र जी और उनके परिवार का अभिवादन करने तथा शिक्षा के माध्यम से श्रेष्ठ पद पर पहुंचने की प्रेरणा मिली। यह जानकारी देते हुए सूत्रों ने बताया कि व्यक्तिगत यात्रा के दौरान ताराचंद धनुका अकैडमी में 07 दिसंबर को बिहार सरकार कार्मिक विभाग के प्रधान सचिव डॉ बी राजेंद्र परिवार के साथ कुछ समय के लिए पहुंचे जहां ठाकुरगंज ताराचंद धनुका अकैडमी के बच्चों उनका अभिवादन किया।

# एसएसबी जवानों ने शराब सहित एक बाइक किया जप्त, मौके से तस्कर हुवे फरार।

रंजीत ठाकुर दैनिक समाज जागरण संवाददाता



अररिया। फुलकाहा एसएसबी 56 वीं वाहिनी के जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार की सुबह नाका ड्यूटी के दौरान नेपाल निर्मित दिलवाले नामक 360 बोतल शराब के साथ एक सुपर स्प्लेंडर बाइक को जप्त करने में सफलता मिली है। वहीं जवानों को देख शराब तस्कर बाइक छोड़ मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई इंडो नेपाल सीमा के समीप मानिकपुर गांव में बीओपी प्रभारी इंस्पेक्टर हरबंस लाल के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी लखन सिंह,आरक्षी अमित विश्वास, राजकुमार,बाघा काना मी आदि जवान के द्वारा की गई है।

# ग्रामीणों के बीच सामग्री वितरण किया गया

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**
184 वाहिनी सीआरपीएफ की तरफ से झाड़ग्राम जिले की बेलपहाडी थाना के ताराफेनी कैंप, एवं जांबोनी थाना के ओरो कैंप में आस पास के गांव की जरूरत मंद नागरिकों को एवं स्कूली बच्चों को सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत ,मछरदानी , स्कूल बैग, स्टडी मैटीरियल आदि बांटा गया, इस अवसर पर बाहिनी की कमांडेंट बी आर मीणा , सीनियर अधिकारी, जवान एवं काफी सारे स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

# भारत नेपाल सीमा पर सीमा स्तंभ के मरम्मत एवं रंगरोगन के कार्य का शुभारंभ किया गया।

**रंजीत ठाकुर, दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
अररिया। शनिवार 08 दिसंबर 2023 को 56वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल बथनाहा के कार्यक्षेत्र बाह्य सीमा चौकी दामादिघी अंतर्गत सीमा स्तंभ संख्या 177/1(65) पर ए पी एफ नेपाल द्वारा विषम संख्या वाले सीमा स्तंभ के रंगरोगन तथा मरम्मत कार्य का शुभारंभ किया गया।



कार्यक्रम में नेपाल के पदाधिकारी व अतिथि :- अंजनी कुमार पोखरेल, डीआईजी ए पी एफ नेपाल, विराटनगर महानगरपालिका के मेयर नागेश कोइराला (प्रमुख अतिथि), बिरेंदर कुमार यादव, मोरंग जिला के प्रमुख जिला अधिकारी, सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल न.3 गण के एस पी , तीर्थ बहादुर थापा, एसपी नेपाल पुलिस जिला मोरंग, दीपक पोखरेल, कस्टम कार्यालय प्रमुख विराट नगर, ज्ञान इंदर राज ढकाल व नेपाल ए पी एफ के अधिकारी। एवं सशस्त्र सीमा बल से :- सुरेंद्र विक्रम, कमांडेंट 56वीं वहिनी सशस्त्र सीमा बल बथनाहा, अर्जुन अडनूर, सहायक कमांडेंट एवं 56वीं वाहिनी एच कंपनी प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार संगरलिया।

अत्यंत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें भारत - नेपाल सीमा सुरक्षा के विभिन्न मुद्दों एवं सूचनाओं के आदान- प्रदान विषय

QXP 26-10-2023:Layout 1 12/10/2023 3:55 AM Page 6



# एचडीएफसी बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, 20 दानवीरों ने किया रक्तदान

**रमण किशोर चौबे,जिला सवांददाता दैनिक समाज जागरण**



रोहतास जिले के एचडीएफसी बैंक के डेहरी शाखा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि गोपाल नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने फीता काटकर किया कार्यक्रम की शुरूआत एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक संदीप कुमार, डब्ल्यूबीओ पवन कुमार, सुबू सेन गुप्ता व जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वालित कर की गई। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर मे लगभग 20 दानवीरो ने रक्तदान किया। शाखा प्रबंधक संदीप कुमार ने बताया कि पूरे भारत में प्रत्येक वर्ष एचडीएफसी बैंक के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। उसी के तहत आज नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया हैं। वहीं मुख्य अतिथि नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को 6 माह के अंतराल मे रक्तदान करना चाहिए। इससे लोगों को स्वास्थ्य लाभ भी मिलता है। और रक्तदान करने से व्यक्ति के शरीर में नये रक्त का संचार होता है जिससे लोग स्वस्थ रहते हैं। रक्तदान शिविर में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पैथोलॉजी चिकित्सक डॉ. कुलदीप कुमार, ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. संजीव कुमार पाराशर,अभिषेक पांडे,रामजी पाल समेत कई कर्मियों ने सहयोग किया। वहीं एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक संदीप कुमार,हइड पवन कुमार ( यूनिट हेड ) सुब्बू सेन गुप्ता( मैंनेजर ), सोनाली कुमारी, नीरज चौधरी सहित कई लोगों ने रक्तदान शिविर में अपना बहुमूल्य सहयोग दिया।

# भारत विकसित संकल्प यात्रा के माध्यम से नए आयुष्मान कार्ड व उज्जवला योजना के अंतर्गत फ्री गैस वितरित

**रमण किशोर चौबे,जिला सवांददाता दैनिक समाज जागरण**



भारत विकसित संकल्प यात्रा एलईडी वैन यानी प्रधानमंत्री मोदी के गारंटी वाली ग्रामीण आम जनता के लिए मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर रोहतास प्रखंड के रसूलपुर पंचायत में पहुंची,जिसमे मुख्य अतिथि के रूप से सासाराम लोकसभा के सांसद छेदी पासवान व भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार उपस्थित रहे। भारत विकसित संकल्प यात्रा के माध्यम से नए आयुष्मान कार्ड तथा उज्जवला योजना के अंतर्गत दो महिलाओं को फ्री गैस कनेक्शन सांसद छेदी पासवान ने वितरित किया। लाभार्थी के रूप में नेहा देवी,गीता देवी सहित लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सांसद छेदी पासवान का आभार व्यक्त किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में कृषि विज्ञान,पेट्रोलियम,बैंक ,स्वास्थ्य ,नाबार्ड,डाक विभाग के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री जी की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत चर्चा कर छूटे हुए लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन किया।उपस्थित जनसमूह ने संकल्प पत्र के माध्यम से संकल्प लिया। तत्पश्चात मोदी जी का पंचायत लाभार्थियों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी विजय सिंह ने किया। मंडल अंध्यक्ष विवेक बहादुर, नगर अध्यक्ष दीपक कश्यप,युवा जिला महामंत्री सुधीर कुमार,विशाल देव,नौहट्टा अध्यक्ष गुड्डू सिंह,वकील खरवार,रसूलपुर पंचायत मुखिया जय कुमार जी,सहित भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।

# तरारी में अलग अलग पदों ले लिए पांच ने नाजिर रशिद कटाया

**दैनिक समाज जागरण : नीरज त्रिपाठी, तरारी भोजपुर**

भोजपुर जिला अन्तर्गत तरारी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में अलग अलग पदों के लिए होने वाले मध्यावर्ती चुनाव को ले पांच अभ्यर्थियों ने अब तक नाजिर रसीद कटवा लिया है।प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ अशोक कुमार जिज्ञासु ने बताया कि शुक्रवार को सेदहां पंचायत में मुखिया पद के लिए पूर्व मुखिया दिलीप कुमार पासवान ने सबसे पहले नाजिर रसीद कटाया।शनिवार को सेदहां के मुखिया पद के लिए दीपक कुमार और गन्नू राम ने भी रसीद कटाया। गौरतलब है कि सेदहां पंचायत के मुखिया अक्षय कुमार की उम्र में गडबडी व अव्यस्क होने पर कोर्ट ने दो वर्ष उपरांत अयोग्य करार देते हुए निर्वाचित मुखिया को रद्द कर दिया गया।जिसके वजह से मध्यावर्ती चुनाव सुनिश्चित किया गया है। वहीं सिकरहटा पंचायत के वार्ड 12 के सदस्य पद के लिए कुंती देवी और तरारी पंचायत के वार्ड 2 के पंच सदस्य के लिए पुरूषोत्तम कुमार ने नाजिर रसीद कटाया है।

# पशु स्वास्थ्य परामर्श शिविर आयोजित

**दैनिक समाज जागरण सतीश कु० पीरो भोजपुर**



भोजपुर जिले के पीरो प्रखंड के कातर पशु मेला मैदान पर शनिवार को जीविका के तत्वावधान में पशु स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्धघाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम ने विधिवत रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया । मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि पालतु पशुओं को स्वस्थ रखने के लिए उनके स्वास्थ्य की देखभाल जरूरी है। इसके अभाव में पशुओं से अपेक्षित लाभ नहीं प्राप्त किया जा सकता है।पशुपालक समुचित जानकारी के अभाव में पशुधन के स्वास्थ्य का ध्यान नहीं दे पाते हैं। इस बात को ध्यान में रखकर पशु स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक दीपक प्रकाश द्वारा बताया गया की इस शिविर मे कुल 217 घरों के लगभग 335 विभिन्न जानवरो को कम्फेड एवं पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सकों द्वारा ईलाज एवं मार्गदर्शन दिया गया । इस कार्यक्रम में पशुपालन विभाग से डा. रवि प्रकाश एवं डा. रजनीश कुमार, जीविका के तरफ से जिला स्तरीय प्रबंधक अमित कुमार, एलएचएस अभिषेक कुमार, अनुज कुमार वीरेंद्र कुमार, मो साबिर आलम, रंजीत कुमार, योगेंद्र कुमार, शशि कुमार, जीविका दीदी, मुखिया प्रतिनिधि कन्हैया सिंह, शिव कुमार आदि मौजूद थे।

# बीएनएमयू में 47 दिनों बाद 86 कर्मचारियों का हड़ताल हुआ समाप्त

### बुद्धिजीवियों की पहल पर कर्मचारी काम पर लौटने का लिया निर्णय

### पूर्व विधायक सहित शिक्षाविदों की पहल का कर्मचारियों पर हुआ असर

### कुलसचिव को पत्र देकर हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने का दिया पत्र

**समाज जागरण मधेपुरा ।**

बीएनएमयू में 86 कर्मचारियों की 48 दिनों से चल रहे हड़ताल शुक्रवार की देर शाम समाप्त हो गयी। पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना के पहल पर शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों ने हड़ताली कर्मचारियों से लंबी बात कर उन्हें हड़ताल समाप्त कराने के लिए मनाया। गणमान्य लोगों की दो दिनों के पहल पर शुक्रवार को कर्मचारियों पर असर दिखा। काफी नानुकुर के बाद कर्मचारियों ने उनलोगों की बात मानते हुए काम पर लौटने का निर्णय लिया। इससे पहले गुरुवार को भी बुद्धिजीवियों ने कर्मचारियों से वार्ता की थी। लेकिन बात नहीं बनने पर शुक्रवार को फिर उनसे वार्ता की। पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. परमानंद यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना, रामचंद्र विद्यापीठ के डायरेक्टर डॉ. रजनीश रंजन, सिंडिकेट सदस्य लैफ्टिनेंट गौतम कुमार, बीएन मुस्टा के महासचिव डॉ. नरेश कुमार, पूर्व एचओडी डॉ. अरुण कुमार, संबंद्ध कॉलेज प्रधानाचार्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार, प्रदेश महासचिव डॉ. माधवेंद्र झा सहित कई एचओडी, पूर्व प्रधानाचार्यों ने छात्र हित में कर्मचारियों को काम पर लौटने का आग्रह किया। उनलोगों ने कहा कि विवि के विकास में बाधक नहीं बनते हुए काम करें और अपनी मांगों के लिए आंदोलन जारी रखें। क्षेत्र के सभी बुद्धिजीवि कर्मचारियों के साथ हैं। करीब चार घंटे तक चली लंबी बहा के बाद कर्मचारी नेताओं ने हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया। कर्मचारी नेताओ का कहना था कि हड़ताल के दौरान उनपर कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं हो इसके लिए विवि प्रशासन से आश्वासन मिलना जरूरी है। बुद्धिजीवियों ने कहा कि पहले आप लोग काम पर लौटिए बाद में कुलपति और कुलसचिव से इस मुद्दे पर बात करेंगे। बुद्धिजीवियों द्वारा कर्मचारियों के हड़ताल समाप्त करने केनिर्णय की लिखित जानकारी कुलसचिव को दी गयी। मौके पर डीन डॉ. नबीन कुमार, एचओडी डॉ. अशोक कुमार यादव, पूर्व एचओडी डॉ. अरुण कुमार झा, प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद कुमार, पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ. गजेंद्र कुमार यादव, पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. पीएन पीयूष, डॉ. जगदेव प्रसाद यादव, जदयू नेता प्रो. बिजेंद्र नारायण यादव, माया अध्यक्ष राहुल यादव सहित अन्य मौजूद थे। बुद्धिजीवियों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन कुलसचिव को सौंपाः कर्मचारियों के साथ हुई वार्ता के बाद बुद्धिजीवियों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर को सौपा गया। इन लोगों ने कुलसचिव से आग्रह किया कि कर्मचारियों के हित में उनपर सहानुभ्ज्ञूतिपूर्वक विचार किया जाए। कुलसचिव ने कहा कि कर्मचारियों से कई बार आंदोलन समाप्त करने का आग्रह किया गया लेकिन वे लोग नहीं माने। बुद्धिजीवियों ने कहा कि पूरानी बातों को भूल कर सब मिलजुल कर विवि के विकास में काम को आगे बढ़ाएं।

सरकार को कर्मचारियों के मुद्दे पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की मांगः कर्मचारियों के हड़ताल समाप्त होने के बाद पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना ने कहा कि स्थापना काल से विवि में काम कर रहे कर्मचारियों के हित में सरकार को सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इतने दिनों के बाद इनलोगों की नौकरी को समाप्त करना न्यायसंगत नहीं होगा। उन्होंने कहा कि वे लोग कर्मचारी के साथ हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि कर्मचारी कोर्ट में अपनी अर्जी लगाएं। रामचंद्र विद्यापीठ के डायरेक्टर डॉ. रजनीश रंजन, डॉ. परमानंद यादव सहित अन्य ने कहा कि कर्मचारियों के योगदान से ही विवि का विकास हो पाया है। सभी बुद्धिजीवि इनकेसाथ रहेंगे। मौके पर कर्मचारी नेता डॉ. राजेश्वर राय, अखिलेश्वर नारायण, संतोष कुमार, डॉ. संजीव कुमार, बिमल कुमार, हीरेंद्र कुमार पप्पू, राजेश कुमार बबलू, डॉली कुमारी, कौशिक कुमार, राजकशोर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 473 मामले निष्पादित

**रमण किशोर चौबे, जिला सवांददाता दैनिक समाज जागरण**




रोहतास जिले के बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें 473 मामलों का निष्पादन किए गए। 1 करोड़ 86 लाख 8 हजार 400 रु0 प्राप्त। मिली जानकारी मुताबिक विभिन्न बैंक के 350 मामलों में 1 करोड़ 81 लाख रुपये की हुई समझौता। विद्युत के 20 मामलों से 4 लाख 70 हजार रु० की समझौता आपराधिक(क्रिमिनल) के 90 मामलों के निष्पादन से 33 हजार रुपये प्राप्त हुए। माप-तौल के 13 मामलों के निष्पादन से 5 हजार 400 रुपये मिले। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुकदमों को निपटारे के लिए पांच बेंचों का गठन किया गया था। न्यायालय में मुकदमों की संख्या कम करने के उद्देश्य से तथा पीड़ित पक्षकारों को सुगम तरीके से न्याय दिलाने के लिए समय-समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। पूर्व में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में बड़े पैमाने पर किए गए मुकदमों की निपटारे को देखते हुए 9 दिसम्बर 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कि तिथि निर्धारित किया गया था।सभी तरह के सुल्हिय मामले का आसानी से कम खर्च पर तत्काल निबटाए जाते है। जिससे पक्षकार को समय, रुपये की बचत होती है। मानसिक तनाव से मिलती है मुक्ति। आपराधिक सुल्हिय, वन, विद्युत, माप-तौल, बैंक, मजदूरी आदि मामले का होता है निपटारा। 5 बेंच बनाए गए थे ,जिसमे बेंच संख्या एक में मुकेश कुमार मिश्रा एसीजेएम के यहाँ उनके न्यायालय के सभी तरह के सुल्हिय मामले तथा एसीजेएम कोर्ट -2 के मामलों का निष्पादित किया गया। बेंच-दो में राजीव कुमार एसडीजेएम के यहाँ सभी तरह के सुल्हिय मामले तथा एसीजेएम -तीन के एवं वन, खनन, पीएनबी के सभी शाखाओं के मामले देखा गया। बेंच-तीन विजयंत कुमार सिंह( मुंसिफ) के यहाँ सभी तरह के सुल्हिय मामले एवं रिक्त कोर्ट तथा दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के सभी शाखाओं के मामले। बेंच-चार महादेव (जे०एम०) के यहाँ सभी तरह के सुल्हिय मामले, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक, सेन्ट्रल बैंक, केनरा बैंक आदि। बेंच -5 आदित्य गर्ग (जे० एम०) उनके न्यायालय के सभी तरह के सुल्हियत मामले, एसबीआई बैंक, विद्युत, माप-तौल के मामलों का निपटारा किए गए। कार्यों के निष्पादन में लोक अदालत प्रभारी देवेन्द्र कुमार, पैनल अधिवक्ताओं,पीएलवी ने अपेक्षित सहयोग किया।

# कुव्यवस्था के बीच प्रधानमंत्री मातृत्व जांच शिविर का आयोजन कर 27 गर्भवती महिलाओं का किया गया जांच

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**




भोजपुर जिले चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहतबजांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें काफी खामियां देखी गई। यहां तक की गर्भवती महिलाओं का अल्पाहार की भी व्यवस्था नहीं की गई थी।महिलाओं के लिए महिला चिकित्सकों के द्वारा सारी जांच उपलब्ध कराई जानी है।मगर महिला चिकित्सक की अनुपस्थित रहने के कारण चिकित्सके मुखदेव यादव के द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं का जांच किया गया जानकारी के लिए बता दे की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरपोखरी में प्रखंड के अलग-अलग गांव से 27 गर्भवती महिलाएं निशुल्क जांच हेतु पहुंची हुई थी। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरपोखरी की लचर व्यवस्था देख काफी महिलाओं ने नाराजगी भी जाहिर की महिलाओं का कहना था कि आए दिन महिला चिकित्सक अस्पताल से प्रधानमंत्री मातृव जांच शिविर के दिन अनुपस्थित रहती है लेकिन इस पर अस्पताल प्रबंधन कोई कार्रवाई नहीं करती है इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अग्निवेश कुमार का अस्पताल में मौजूद नहीं रहने के कारण मोबाइल के द्वारा संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन संपर्क नहीं हो पाया जिसके कारण ज्यादा जानकारी प्राप्त नहीं हो पाई है।

# मानवाधिकार जागरूकता संघ का उद्देश्य

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**

भोजपुर जिला अंतर्गत सहार प्रखंड में स्थित मानवाधिकार संघ का स्थित ऑफिस में मानवाधिकार के बारे में जानकारी बिहार प्रदेश अध्यक्ष विकटेश शर्मा ने दी, तथा बताया कि संघ का मुख्य उद्देश्य अपराधियों से समाज को मुक्त करना उपेक्षित वर्गों के लोगों को समाज के मुख्य धारा में लाना है। नागरिकों को उचित सलाह एवं कानूनी अधिकार उपेक्षित वर्गों के लोगों को अधिकार दिलाना है। पुलिस के भय आम जनता से निकाल कर सही तालमेल एवं सूझबूझ करना उपेक्षित वर्गों को न्याय दिलाने का कार्य करना।महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाना और उपेक्षित वर्गों के महिलाओं को न्याय दिलाने का कार्य करना।समाज में व्याप्त रिश्वतखोरों को रोकना और उपेक्षित वर्गों के अधिकार दिलाने का कार्य करना।सरकारी योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाना उपेक्षित वर्गों के अधिकार दिलाने के लिए कार्य करना।पीड़ितों की एफ०आई०आर० दर्ज कराने में सहयोग करना उपेक्षित वर्गों के अधिकारों के लिए कार्य करना ।राष्ट्र हित एवं जनहित में भ्रष्ट लोगों का पदार्फाश करने के लिए समय-समय पर आर टीआई का उपयोग करना उपेक्षित वर्गों के अधिकारों के लिए कार्य कर रहे हैं।समाज में श्रमिक शोषण रोकना और उपेक्षित वर्गों के अधिकारों के लिए कार्य कर रहे हैं।पर्यावरण प्रदूषण को रोकना उपेक्षित वर्गों के अधिकारों के लिए कार्य करना।आमलोगों को अपने अधिकारों के बारे में उपेक्षित वर्गों के अधिकारों के लिए कार्य करना।अपने मान्य सामान्य और अधिकारों की रक्षा हेतु भारतीय मानवाधिकार जागरूकता संघ से जुड़कर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़े ।

# पनोरमा एस डी वाटिका का प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने किया भूमि पूजन

### फर्स्ट फेज में 151 परिवारों को लग्जरी आशियाना देने का लक्ष्य, समारोह में पहुंचे कई दिग्गज हस्ती

**समाज जागरण अररिया।**

मीर/मिश्र की धरती के नाम से मशहूर अररिया जिला मुख्यालय के महादेव चौक के निकट कृष्णापुरी वार्ड नंबर 9 में पनोरमा ग्रुप द्वारा शनिवार को नये प्रौजेक्ट एस डी वाटिका का भूमि पूजन पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने आचार्य पंडित श्री ज्योतिष झा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण( अनुष्ठान) के साथ किया. पूजन अर्चन संपन्न के बाद पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने मीडिया से बात करते हुए बताया की पूर्णियां के बाद पनोरमा ग्रुप अब अररिया में अपना प्रोजेक्ट "पैनोरमा एसडी वाटिका" का निर्माण करने का योजना बनाया है जिसमें लगभग 151 परिवारों को पनोरमा ग्रुप आशियाना देकर उन्हें बसाने का अपना लक्ष्य है ।

### अपार्टमेंट बुकिंग पर मिल रहा है क्रेता को भारी ऑफर का लाभ

संजीव मिश्रा ने कहा की पनोरमा ग्रुप पिछले साल 2016 से रियल ईस्टेट में कदम रखकर कार्य की शुरूआत की और अबतक पनोरमा ग्रुप के सभी सफल प्रौजेक्ट को सफलता हासिल हुआ इसका सारा श्रेय पूर्णियां अररिया,सुपौल के छातापुर समेत कोशी-सीमांचल के लोगो को जाता है।

उन्होंने आगे कहा की पनोरमा ग्रुप का प्रयास हैं की हर तबके के लोगो को किफायती दरों पर उन्हें घर देकर बसाया जा सके इसके लिए हम लगातार हम प्रयासरत भी हैं इन्ही सब बातों को ध्यान में रखते हुए पनोरमा ग्रुप ने रियल ईस्टेट के साथ-साथ शिक्षा-स्वास्थ्य में भी अपना कदम बढ़ाते हुए पनोरमा सिटी,पनोरमा हाईट,ई होम्स पनोरमा,आर-आर प्लाजा,पनोरमा रामेश्वरम,पिहू ब्लॉक,शुभम ब्लॉक,जेएनजे पनोरमा,पनोरमा स्क्वायर,गृह जिला सुपौल के छातापुर में पनोरमा पब्लिक स्कूल,पनोरमा हॉस्पीटल के बाद अब अररिया जैसे सुदूरवर्ती इलाके में हर सुविधाओ से सुसज्जित घर बनाने के लिए अपना एसडी वाटिका का प्रौजेक्ट बनाने का निर्णय लिया है। अपार्टमेंट बुकिंग कराने पर अभी भारी ऑफर मिल रहा है।

### स्पॉट बुकिंग कराने वालों की संख्या हुई दो दर्जन से ज्यादा

भूमि पूजन के दौरान लग्जरी आशियाना लेने के इच्छुक दो दर्जन से ज्यादे लोगों ने छूट ऑफर का लाभ लिया और पैनोरमा एस डी वाटिका में अपना अपार्टमेंट के लिए बुकिंग कराया।

### लोगों को मिलेगा रोजगार, शिवपुरी कृष्णापुरी के वासिंदे खुश

वार्ड नंबर 9 महानगर सा लुक में बनने वाले अट्टालिका/अपार्टमेंट बनाए जाने की खुशी जहां जिलावासी में देखी जा रही है वहीं जिले के सबसे बड़ा



आबादी वाला शिवपुरी कृष्णापुरी के वासी बेहद खुश नजर आ रहे हैं। वाटिका का भव्य द्वार, चाहर दिवारी, आगे गार्डन एवम विद्युत से पटा दीवार रात में भी खूबसूरती का इजहार कर रही है।

इधर भूमि पूजन समारोह में पहुंचे इस्कॉन टेंपल के श्री नंद गोपाल जी महराज ने भी मीडिया से बात करते हुए कहा की अररिया का इतिहास हर दृष्टिकोण से अव्वल एवं गौरवमयी रहा हैं अररिया ने कई महान हस्तीयों को जन्म दिया कथा शिल्पी फणीश्वरनाथ रेणु से और कई लोग अररिया के नाम को देश-विदेश में अपना लोहा मनवा चुके हैं

### पनोरमा ग्रुप का प्रौजेक्ट आने से अररिया में होगा समृद्ध विकास-संजय मिश्रा।

अररिया के सामाजिक कार्यकर्ता व एसडीएम ग्रुप के निदेशक श्री संजय मिश्रा ने भी कहा की हमें आशा हैं कि अररिया जैसें शहरों में पनोरमा ग्रुप के कदम रखने से अररिया का हर संभव तरक्की होना तय है। इस मौके पर पनोरमा ग्रुप के भूमि पूजन समारोह में पहुंचे पराशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा ने भी पनोरमा ग्रुप के कार्यों की तारिफ करते हुए कहा की जिस तरह से पूर्णियां-अररिया,सुपौल के छातापुर को संजीव मिश्रा ने सजाने-सवांरने का बीड़ा उठाया हैं ये एक इतिहास हैं और महती भूमिका भी जो काफी काफिले तारिफ है।

इस मौके पर पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा,सीईओ श्री नंदन झा,संजय मिश्रा, लोजपा के राष्ट्रीय महासचिव शंकर झा बाबा , के एन डिग्री कॉलेज बखरी, कुसाकांटा के प्रधानाचार्य प्रो.त्रिलोकनाथ झा, वरीय भाजपा नेता प्रेम मिश्र,पार्षद प्रतिनिधि अविनाश आनंद, संजय मल्लिक, प्रणव रौशन गुड्ड, रितेश झा,नंद गोपाल, रमण झा,अरूणेश झा,विक्रम भगत,अभिलाष झा, प्रिति, नेहा, रोमा,जूली,रूपा व पनोरमा ग्रुप के कई लोग मौजूद थे।

# भाकपा माले ने निकाला राजव्यापी प्रतिरोध मार्च

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

भाकपा माले ने शनिवार को बिक्रमगंज शहर के तेंदुनी चौक पर काराकाट




विधायक अरुण सिंह के नेतृत्व में फिलिस्तीनी नागरिकों के समर्थन और आक्रमणकारी इजरायल के विरुद्ध इंसाफ मंच रोहतास जिला कमेटी के नेतृत्व में राजव्यापी प्रतिरोध मार्च निकाला गया और जनसभा की गई। जनसभा को भाकपा-माले केंद्रीय कमेटी सदस्य व विधायक अरुण सिंह,भाकपा-माले जिला सचिव नंदकिशोर पासवान, इंसाफ मंच के जिला अध्यक्ष कैसर नेहाल, इंसाफ मंच के जिला सचिव रविशंकर राम, जिला उपाध्यक्ष नौशाद खां,इमरान खां,चन्द्रधन सिंह,गोपाल राम,राजेश कुमार,अनुग्रह सिंह,असगर अली सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

# सड़क दुर्घटना मे रिटायर शिक्षक की हुई मौत एक घायल

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत परसथुआ गांव के पूर्व शिक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार रिटायर शिक्षक परसथुआ हाई स्कूल व कपासिया हाई स्कूल में सेवा दे चुके शिक्षक कुंवरलाल पांडेय गांव परसथुआ के बताए गए। वही मोटरसाइकिल पर साथ चल रहे एक अन्य शिक्षक पारस पासवान जो कपसिया हाई स्कूल में कार्यरत है उनको भी गम्भीर चोट की वजह सदर हॉस्पिटल सासाराम में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना मुरादाबाद सासाराम के समीप की बताई जाती है। घटना के बाद पहुंची सासाराम की पुलिस ने परिजनों के सहमति के बाद उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। घायल पारस पासवान ने बताया कि शिक्षक के साथ अन्य कार्य को लेकर सासाराम जा रहे थे कि पीछे से आ रहे एक पार्सल वाहन ने दुर्घटना का अंजाम दे दिया और भाग निकला।

# 148 गर्भवती महिलाओ का प्रसव पूर्व हुआ जांच

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**




रोहतास जिला अंतर्गत कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत 148 गर्भवती महिलाओं का हिमोग्लोबिन शुगर, एचआईवी, वीडीआरएल यूरिन, टीबी का स्क्रीनिंग आदि की जांच की गई। पीएचसी मे आए सभी गर्भवती महिलाओं का जांच डॉ तुषार कुमार के द्वारा किया। जांच के लिए जीएनएम एएनएम को लगाया गया था ताकि किसी को कोई कठिनाइयां ना हो इसके लिए पीएचसी प्रभारी एवं स्वास्थ्य प्रबंधक स्वयं अपने स्तर से निरीक्षण करते देखे गए। आई हुई सभी गर्भवती महिलाओं को प्रभारी द्वारा खानपान एवं गर्भ में पल रहे शिशु की देखभाल के लिए कई अहम सुझाव भी दिए। प्रसव पूर्व जांच के लिए भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिखाने की सलाह दी गई व महिलाओ को पीएचसी मे प्रसव भी कराने हेतु प्रेरित किया गया। मौके पर रोहिणी कुमारी , ज्योति कुमारी , नीता कुमारी , राहुल कुमार, सोनू कुमार , प्रभु कुमार , निधि कुमारी , सुजाता कुमारी, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# वाहन जांच में पंद्रह हजार का ऑनलाइन जुमार्ना

**दैनिक समाज जागरण ददन सोनी अकोढ़ी गोला रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत अकोढ़ी गोला थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में वाहन जांच चलाया गया, जिसमें हेलमेट, डिक्की,ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, प्रदूषण का जांच किया गया। जांच के दौरान यातायात नियमों का उलंघन करने वाले एवं कागजात तथा हेलमेट नहीं रखने वाले वाहन चालकों से पंद्रह हजार रुपया का ऑनलाइन जुमार्ना वसूला गया। आगे भी थाना क्षेत्र में वाहन जांच जारी रहेगा।

# पांच लीटर देसी महुआ के महुआ शराब के साथ धंधेबाज एक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के बेलासपुर गांव में शनिवार को पुलिस ने छापामारी कर 5 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया । इसकी जानकारी थानाध्यक्ष ने दी । उन्होंने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर बेलासपुर गांव में स्थित महादलित टोला में छापामारी की गई । जहां रवि शंकर राम के घर में छुपा कर रखे गए 5 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया । पुलिस में धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया । जिसे न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है ।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं की हड़ताल समाप्त

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पीरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के सभी प्रखड़ो में बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर अपनी पांच सूत्री मांगों के समर्थन में पिछले 29 सितंबर से हडताल पर गयी आंगनबाड़ी सेविकाएं काम पर लौट आई हैं। संगठन द्वारा सेविकाओं की सेवा नियमित करने, राज्यकर्मी का दर्जा देने, मानदेय में सम्मानजनक बढोतरी करने सहित कई अन्य मांगों को लेकर यह हडताल शुरू की गई थी। सरकार से वार्ता के पश्चात संगठन द्वारा 8 दिसंबर को विधिवत रूप से हडताल समाप्त करने की घोषणा कर दी गई है। पिछले ढाई माह से आंगनबाड़ी सेविकाओं के हडताल पर रहने से आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताला लटका हुआ था। ऐसे में कुपोषित बच्चे व महिलाएं सरकार प्रायोजित योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे थे। आंगनबाडी सेविकाओं के काम पर लौट आने से वीरान पड़े केन्द्रों पर फिर से बच्चों की किलकारी सुनाई पडने लगी है। बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन पीरो प्रखंड इकाई की सचिव पुष्पा कुमारी ने पत्र द्वारा विभागीय अधिकारियों को हडताल समाप्त होने व सेविकाओं के काम पर लौट आने की विधिवत सूचना दी है।

# बीआरसी पीरो से साधनसेवी की बाइक चोरी

**दैनिक समाज जागरण सतीश कु० पीरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के पीरो थाना अंतर्गत नगर के प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित प्रखंड संसाधन केन्द्र से अज्ञात चोरों ने समावेशी शिक्षा प्रभाग के संसाधन शिक्षक धनजंय कुमार पांडेय की बाइक चुरा ली। इस संबंध में भुक्तभोगी श्री पांडेय ने पीरो थाना में बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज करने के लिए लिखित आवेदन दिया है। श्री पांडेय के अनुसार शनिवार की दोपहर वे विद्यालय निरीक्षण रिपोर्ट जमा करने बीआरसी पीरो आये थे। उन्होंने बीआरसी परिसर में अपनी बाइक खड़ी की थी। जब वे जांच रिपोर्ट जमा कर बाहर आए तो पाया कि उनकी बाइक गायब कर दी गई है। श्री पांडेय ने तत्काल इसकी सूचना पीरो थाना को दी लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। बता दें कि इसके पहले भी चोरों ने बीआरसी परिसर से एक शिक्षक की बाइक चुरा ली थी। बाइक चोरी की बढ़ती घटनाओं से स्थानीय लोगों की चिंता बढ गई है।

# लूर्दस कान्वेंट में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के लूर्दस कान्वेंट बालिका इण्टर कॉलेज में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राए व जनपद के विशिष्ट जन उपस्थित रहे। प्रदर्शनी का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत कर तथा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदया ने अपने उद्बोधन में कहा कि कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी के साथ ही इस तरह के आयोजनों से छात्र-छात्राओं में रचनात्मकता एवं सृजनता का विकास होता है साथ ही इससे नवाचार एवं कौशल विकास को भी बल मिलता है। अपने उद्बोधन में जिलाधिकारी महोदया ने विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं छात्राओं के







जनपद में होने वाले विभिन्न शिक्षणेतर कार्यों में सहभाग हेतु बधाई दी। अपने उद्बोधन में उन्होंने कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी के उद्घाटन की घोषणा की तथा परिभ्रमण कर छात्राओं द्वारा लगाये गये स्टालों पर जाकर उनके द्वारा निर्मित विभिन्न कलाकृतियों एवं मॉडलों की भरपूर प्रशंसा की। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालय की छात्र-छात्राएं, ईसाई धर्म प्रान्त के फादर्स एवं सिस्टर्स, कान्वेन्ट स्कूल की छात्राओं के अभिभावक, विद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# कचहरी की बहुमंजिला बिल्डिंग में आई दरार 2022 में ही करोड़ों की लागत से बनी थी बिल्डिंग

**ब्यूरो समाज जागरण अयोध्या।**

जनपद अयोध्या कचहरी में बने बहुमंजिला बिल्डिंग में शुक्रवार को दरारें आ गई। इससे वहां हड़कंप मच गया। बिल्डिंग के बीचों बीच दरार पड़ने की सूचना मिलते ही उसमें मौजूद अधिवक्ता और मुवक्किल खुद का जीवन संकट में देख बिल्डिंग से निकलकर भागे। घटना को लेकर सभी में काफी नाराजगी है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि बिल्डिंग निर्माण में करोड़ों का घोटाला हुआ है।

बताया जाता है कि बहुमंजिला बिल्डिंग और जिम्मेदार विभाग के पदाधिकारियों ने 10 वर्ष पूर्व बिल्डिंग का निर्माण शुरू किया था। जो बीते दस वर्षों तक चला। भवन का उद्घाटन करने के तिथि जब आयी तो आनन-फानन में संस्था ने जल्दी-जल्दी बिल्डिंग बनाकर खड़ी कर दी। इस दौरान बिल्डिंग निर्माण करवाने वाली कार्यदाई संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज के



कर्मचारियों ने काफी अनियमितता बरती। अधिवक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश जल निगम यूनिट 44 के अभियंताओं की भी बड़ी लापरवाही रही है।

भवन का उद्घाटन 2022 में हुआ है। इसके एक साल के अंदर ही भवन में दरार आनी शुरू हो गई। अधिवक्ताओं का आरोप है कि भवन निर्माण में नियमों का पालन नहीं किया गया। जिसके चलते भवन पहले से ही बिल्डिंग में कई खामियां थी। इसके बावजूद भी जल निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने बिल्डिंग को हरी झंडी दे दी। अधिवक्ताओं ने बिल्डिंग निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कार्यदायी संस्था और जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

बिल्डिंग निर्माण के बाद भी इस पर सवाल उठने लगे थे।

इसके बावजूद भी प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। इस बहुमंजिला इमारत में खराब सीढ़ियों के कारण एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। इसके अलावा कई अधिवक्ता भी गिरकर चोटिल हो चुके है। इमारत के निर्माण होने के बाद से ही यहां लिफ्ट भी आए दिन खराब रहती है।

# सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत कार की टक्कर लगने से नीचे गिरा

**ब्यूरो समाज जागरण अयोध्या।**

जनपद अयोध्या में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना अम्बेडकरनगर हाईवे पर पेपर मिल के पास की है। कार की टक्कर से बाइक सवार अनियंत्रित होकर ईंट लदी ट्राली के नीचे चला गया। ट्रैक्टर ट्राली बाइक समेत युवक को करीब सौ मीटर तक घसीटता रहा। हादसे की चपेट में आकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार, ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है। कार चालक व ट्रैक्टर चालक दोनों मौके से फरार हो गए। अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के दर्शन नगर चौकी के उप निरीक्षक एसएन सिंह ने बताया कि महाराजगंज थाना क्षेत्र के सरायराशी गांव निवासी अमर बहादुर निषाद ( 21) पुत्र राम जियावन निषाद बाइक से अयोध्या शहर की तरफ जा रहा था। जैसे ही हाईवे पर पेपर मिल के पास पहुंचा कि पीछे से एक कार ने टक्कर मार दिया। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार अनियंत्रित हो गया। वह ईंट लादी जा रही ट्राली के नीचे गिर गया। इस दौरान उसे बाइक समेत ट्रैक्टर करीब 100 मीटर तक बाइक सवार को घसीटता रहा।



घटना के बाद आसपास के लोगों ने किसी तरह ट्रैक्टर ट्राली रुकवाई और पुलिस को सूचना दी। तब तक कार और ट्रैक्टर चालक दोनों फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के पैतृक आवास सरायराशी में कोहराम मच गया है। मौके पर गांव वालों की भारी भीड़ जमा रही। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अब तक दुर्घटना के सर्वाधिक 67 मुकदमों के निस्तारण का बना रिकार्ड

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर। अब तक की लोक अदालत में सड़क दुर्घटना के सर्वाधिक मुकदमों के निस्तारण का रिकॉर्ड इस लोक अदालत में बना। ट्रिब्यूनल जज भूदेव गौतम द्वारा सर्वाधिक 67 मुकदमों का निस्तारण किया गया। पीड़ित परिवारों को 4.99 करोड रुपए क्षतिपूर्ति मिलेगी। इसके अलावा 61 प्रकीर्ण मामलों का निस्तारण किया गया जिसमें रिफंड बाउचर के माध्यम से 6.39 करोड रुपए याचीगण के पक्ष में अवमुक्त हुए। याचीगण की ओर से सर्वाधिक 18 मामलों का निस्तारण अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव ने कराया जिसमें पीड़ित परिवारों को 1.26 करोड रुपए क्षतिपूर्ति मिलेगी। विपक्षी बीमा कंपनी की ओर से अधिवक्ता प्रवीण मोहन श्रीवास्तव द्वारा 22 मुकदमों का निस्तारण कराया गया। ट्रिब्यूनल जज ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक




अदालत का शुभारंभ किया। साथ ही कहा कि लोक अदालत में पक्षकार पूर्ण संतुष्टि पर आपसी सहमति से सौहार्दपूर्ण ढंग से मुकदमों का निस्तारण करते हैं। दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं तथा टीपी हब प्रभारियों को लोक अदालत को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुये भविष्य में और अधिक मुकदमों का निस्तारण कर पीड़ित परिवारों को त्वरित क्षतिपूर्ति दिलवाने की अपेक्षा की। पीठ के सदस्य अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव व राना प्रताप सिंह ने कहा कि दुर्घटना में परिवार के मुखिया की मृत्यु पर पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति की आवश्यकता होती है। ऐसे में लोक अदालत एक प्रभावी अस्त्र साबित होती है। इस अवसर पर अधिवक्ता एसपी सिंह, एके सिंह, बीएल पटेल, निलेश निषाद, सूर्यमणि पांडेय, अवधेश यादव, जेसी पांडेय, अरविंद अग्रहरि, संतोष सोनकर, मिथिलेश ओझा, जीपी सिंह आदि उपस्थित थे।

# बाल संरक्षण परियोजना द्वारा किशोरियों के समूह ने थाने का किया भ्रमण

## अपराध होने की दशा में कानूनी प्रक्रिया से हुई रूबरू

**मनोज केसरी संवाददाता समाज जागरण मडियाहू**

मड़ियाहूं, जौनपुर। एक्शन एड यूनिसेफ के सहयोग से नई पहल बाल संरक्षण परियोजना के तहत किशोरियों के एक समूह ने कोतवाली मड़ियाहूं और महिला थाने का भ्रमण किया। 53 किशोरियों वाले इस समूह ने सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी तमाम गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की। एक्शन एड के जिला समन्वयक विनोद कुमार ने किशोरियों को सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ने के लिए एक्शन एड की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रम से अवगत कराया। एसएचओ कोतवाली मड़ियाहूं विनय प्रकाश सिंह ने महिलाओं के साथ कोई भी अपराध होने की दशा में थाने में मुकदमा दर्ज किए जाने से लेकर उसकी विवेचना, चार्जसीट तैयार कर अपराधी को न्यायालय से सजा दिलाने तक की प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने मिशन शक्ति के तहत किशोरियों को 1090, 1076 और एंटी रोमियो दस्ते के बारे में भी जानकारी दी। महिला थाना प्रभारी सरोज सिंह ने कहा की किशोरियों को अपने साथ कोई भी अपराध होने पर डरने की जरूरत नहीं है, उन्हें बेझिझक इसकी शिकायत पुलिस से करनी चाहिए। पुलिस उनकी पूरी मदद करेगी। अपराध को दबाने से अपराध बढ़ता है। महिला थाने की सलाहकार शोभना ने बताया कि जब लड़कियां चुप्पी तोड़ेंगी तभी उन पर



अत्याचार बंद होगा। साइबर क्राइम के बारे में भी उन्हें जानकारी दी गई। यूपी एनआरएलएम की भारतीय सरोज ने कहा कि किशोरियों को ब्यूटी पार्लर, मोबाइल रिपेयरिंग, सिलाई, कढ़ाई, पेंटिंग इलेक्ट्रॉनिक में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सौहार्द साथी एवं पत्रकार आनंद देव ने किशोरियों के इस समूह को भारतीय संविधान की उद्देशिका भेंट करते हुये कहा कि किसी भी नागरिक के साथ भेदभाव न हो और राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए जरूरी है कि हम सभी समता, स्वतंत्रता, न्याय, बंधूता जैसे संवैधानिक मूल्यों को समझें और अपने जीवन को उन्हीं मूल्य के अनुरूप ढालने की कोशिश करें।

# अयोध्या जगदीशपुर राष्ट्रीय राजमार्ग लगभग 98 प्रतिशत कार्य पूरा

**ब्यूरो समाज जागरण अयोध्या।**

जनपद अयोध्या जिलाधिकारी नितीश कुमार ने अयोध्या जगदीशपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज मऊशिवाला का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित एनएचएआई के अधिकारियों को रेलवे सम्पार के कार्यो के प्रगति में और तेजी लाने के निर्देश दिये। एनएचएआई द्वारा अवगत कराया गया कि एनएच 330 ए अयोध्या जगदीशपुर का 98.5 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित पीएनसी रायबरेली के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर को मार्ग के समस्त कार्यो को आपेक्षित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिये।



इस दौरान जिलाधिकारी ने मार्ग के दोनों तरफ अंतिम छोर तक की भूमि को समतल करने व जन उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आबादी वाले क्षेत्रों में लगायी जा रही रेलिंग के फिनिसिंग कार्य व मीडियन के फिनिसिंग कार्य को भी शीघ्र पूर्ण करने तथा समस्त कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर पीएनसी रायबरेली के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ध्रुव खाडिया सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कायस्थ पाठशाला का विकास ही मेरा लक्ष्य : चौधरी राघवेन्द्र

## जीबीपीपी एशिया का सबसे बड़ा ट्रस्ट : राकेश श्रीवास्तव

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर। एशिया के सबसे बड़े ट्रस्ट के.पी. ट्रस्ट प्रयागराज के न्यासियों की पूर्व निर्धारित बैठक शहर के एक लॉन में हुई। आनंद मोहन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन पत्रकार संजय अस्थाना ने किया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव/जिलाध्यक्ष जौनपुर/कर्मचारी नेता राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि हमें गर्व है कि कायस्थ पाठशाला के संस्थापक मुंशी काली प्रसाद जी हमारे जौनपुर के रहे जिन्होंने संगम नगरी प्रयागराज में एक कमरे में अपनी निजी संपत्ति से मात्र 7 बच्चों को लेकर जिस केपी ट्रस्ट की स्थापना की थी, वह आज एक विशाल वट वृक्ष के रूप में एशिया का सबसे बड़ा ट्रस्ट कहा जाता है। चौधरी परिवार ने अपनी करोड़ों की संपत्ति ट्रस्ट को दान कर दिया। चौधरी महावीर प्रसाद, चौधरी नौनिहाल सिंह, चौधरी जितेंद्र नाथ ने अपना सर्वस्व लगाकर इसे शिक्षा के रूप में अग्रणी बनाया है। जौनपुर के लोग हमेशा से चौधरी परिवार के साथ रहे हैं। इस चुनाव में भी जौनपुर के साथी आगामी 25 दिसंबर को चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह को अपना



मतदान कर विजई बनाने का काम करेंगे। कायस्थ पाठशाला के महामंत्री एस.डी. कौटिल्य ने पाठशाला के बारे में विस्तार से बताया कि पाठशाला की क्या योजनाएं चल रही हैं, आगामी क्या योजनाएं प्रस्तावित हैं। कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष पद प्रत्याशी चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि हमारे पितामह ने तो उस समय करोड़ों रुपए की संपत्ति पाठशाला को दान कर दी, हम जिस घर में रहते हैं, वह भी हमारा नहीं है। पाठशाला का है। हम उसे बचाने का काम करते है। उसके संरक्षण व संवर्धन का काम करते हैं। इसी क्रम में सरोज श्रीवास्तव, मयंक नारायण, राजेश श्रीवास्तव बच्चा, पूर्व सभासद मनीष श्रीवास्तव, आनंद शंकर श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, पूर्व प्रधानाचार्य प्रमोद श्रीवास्तव आदि ने भी विचार व्यक्त करते हुये चौधरी राघवेंद्र को जीताने की अपील के साथ मुंशी काली प्रसाद की मूर्ति जौनपुर के किसी चौराहे पर लगवाने की मांग किया। इस अवसर पर श्याम रतन श्रीवास्तव, दयाशंकर निगम, जय आनंद, अजय आनंद, प्रमोद श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, विपनेश श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, राजेश किशोर श्रीवास्तव, राकेश साधु, राकेश श्रीवास्तव, सुरेश अस्थाना, पंकज श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, राजन स्वरूप वर्मा, मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट, एस.सी. लाल, प्रमोद श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, धीरज श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव प्रधानाचार्य, शिवम श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव गुलगुल, शशिराज सिन्हा, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव सहित तमाम स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# लोक अदालत के दिन ही पहली बार सुलह के साथ मिला चेक

जौनपुर। 23 फरवरी 2021 को स्कूटी से विद्यालय जा रही सिपाह निवासी अध्यापिका नुजहत जहां की सेंट पैट्रिक स्कूल के पास ट्रक चालक की उपेक्षा से दुर्घटना हो गई जिसमें उन्होंने अपना दाहिना पैर खो दिया। बीमा कंपनी से 40 लाख रुपए में सुलह हुई। पहली बार लोक अदालत के दिन ही चोला मंडलम जनरल इंश्योरेंस कम्पनी के विधि प्रबन्धक आशुतोष मिश्रा प्राधिकरण में उपस्थित हुए और पीड़ित अध्यापिका को 40 लाख रुपए का चेक ट्रिब्यूनल जज भूदेव गौतम व विधि प्रबंधक आशुतोष ने प्रदान किया। इसके पहले भी विधि प्रबन्धक के अथक प्रयास से इश्तियाक बनाम लाल साहब मुकदमे में याचिका दाखिल होने के मात्र 28 दिन के भीतर 5 लाख रुपए में दोनों पक्षों की आपसी सहमति से सुलह हो गई थी। इस मामले में याची के 8 वर्षीय बच्चे की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हुई थी।

# नौ दिवसीय रामकथा का शुभारंभ

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

महर्षि विश्वामित्र की नगरी बक्सर के ब्रह्मपुर प्रखंड क्षेत्र के उधुरा स्थित श्रीराम मंदिर में श्री सीताराम विवाह महोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार से नौ दिवसीय रामकथा का शुभारंभ हुआ। मुख्य यजमान भिवानी वासी सुरेश बंसल व विजय मित्तल ने सपरिवार श्रीराम कथा का संकल्प लेकर श्रीरामचरितमानस को सिर पर लेकर मंदिर की परिक्रमा करते हुए व्यासपीठ पर विराजमान किया।प्रथम दिवस कथावाचक बाल संत हरिदास जी महाराज ने श्रीरामचरितमानस महिमा के साथ संत-असंत, सुर-भूसुर तथा गुरु की महिमा का रसमय वर्णन किया। इस अवसर पर मंदिर के महंत भरतदास,पुजारी जगदीशदास, कार्यक्रम के संचालक राजेश राय पिंटू, जगदीश पाण्डेय,राजू मिश्र, दीनबंधु मिश्र, दिवाकर पाण्डेय, गोलू मिश्र, सोनू मिश्र आदि की सहयोगात्मक उपस्थिति रही।



# श्रीनाथ सरोवर में घुस गई एस आई की कार

**आशु खरवार दैनिक समाज जागरण संवाददात बलिया**

रसडा.श्रीनाथ सरोवर में शुक्रवार की सायं चार बजे एस आई की कार घुस गई गाड़ी में बैठा युवक बाल बाल बचा सूचना पर पहुंची पुलिस सरोवर से कार निकाल कर जांच में जुटी हैं मनियर थाना पुरुषोत्तम पट्टी काजीपुर निवासी एस आई राम आशीष राम का पुत्र विजय राम अपने मित्र खेजुरी थाना के अखैनी खड़सरा निवासी विजय राम पुत्र हरी किशुन के साथ एक महिला को रसड़ा बाजार कराने लाया था श्रीनाथ सरोवर के समीप गाड़ी खड़ी करके एस आई का पुत्र विजय राम महिला को लेकर बाजार गया था इसी बीच गाड़ी में बैठा उसका मित्र विजय ने गाड़ी को चालू कर दिया ब्रेक के जगह विजय एक्सिलेटर पर पैर रख दिया जिससे तेज रफ्तार की कार सीढ़यों को फांदते हुए गहरे पानी में चली गई संयोग अच्छा था गाड़ी का सीसा खुला था जिसके कारण विजय गाड़ी से किसी तरह गाड़ी से बाहर निकल कर तैर कर बाहर निकला गाड़ी को पानी में घुसते ही मंदिर के आस पास के लोग दौड़ पड़े एस आई रामाशीष रामपुर वाराणसी में तैनात है सूचना पर पहुंचे सिटी इंचार्ज बांके बहादुर सिंह पहुंच कर गाड़ी निकलवाने के साथ साथ मामले की छानबीन में जुट गए



# जोगा मुसाहिब में आज रामबदन राय कृत फिरकी वाली नाटक का मंचन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के मल्ल शिरोमणि रूस्तम ए हिन्द स्व0 मंगला राय की जन्म स्थली जोगा मुसाहिब में 10 दिसम्बर रविवार को सायं साढ़े चार बजे से चर्चित साहित्यकार लेखक प्रो० रामबदन राय कृत नाट्य फिरकी वाली की प्रस्तुति वाइल्ड बंच क्रिएशन्स बलिया के द्वारा किया जाएगा।इसके निर्देशक समीर खान हैं।जोगा मुसाहिब की धरती पर पहली बार इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। आयोजन समिति के लोग इस कार्यक्रम को शानदार तरीके से संपन्न कराने के लिए लगे हैं।

# जलालाबाद फ्लाईओवर ब्रिज की मरम्मत के संबंध में उप जिलाधिकारी नजीबाबाद ने परियोजना निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग को अवगत कराया

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर नजीबाबाद फ्लाईओवर ब्रिज मे गहरे गहरे गड्ढे होने तथा पुल की एक्सपेंशन जॉइंट में गैपिंग आने, लोहे की रेलिंग निकली होने से के संबंध में उप जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबंधक को कार्रवाई की दिशा निर्देश दिए हैं

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में जलालाबाद रेलवे क्रॉसिंग संख्या 484 पर बने फ्लाईओवर ब्रिज की मरम्मत ना होने तथा आमजन को आ रही परेशानियों के संबंध में पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश सरकार को अवगत कराया गया था इस संबंध में पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना निदेशक ने जिला प्रशासन को भेजी अपनी एक रिपोर्ट में मरम्मत कार्य प्रगति पर होने की बात कही जबकि मौके पर कोई



कार्य शुरू नहीं किया गया था। अब पुन जिलाधिकारी के आदेश पर उप जिला अधिकारी नजीबाबाद संजय बंसल ने पूरे मामले की जांच की जिस पर उप जिलाधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि पुल की मरम्मत के संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना निदेशक को निर्देशित कर दिया गया है इसके अलावा उन्होंने कहा कि यह फ्लाईओवर बिजनौर से नजीबाबाद.. कोटद्वार को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग का अंश है, इस पुल की मरम्मत कार्य किये जाने हेतु ट्रैफिक को डॉयवर्ट करते हुए सुनियोजित तरीके से ही कार्य कराया जाना संभव हो पायेगा।

# कांग्रेसियों ने केक काटकर श्रीमती सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर नजीबाबाद दिनांक 9 दिसंबर 2023 को मोहल्ला पाईबाग कांग्रेस कार्यकर्ता वसीम अख्तर के निवास स्थान पर सभी कांग्रेसियों ने केक काटकर श्रीमती सोनिया गांधी जी का जन्म दिन मनाया इस अवसर पर सोनिया गांधी जी के लम्बी उम्र की कामना की और कांग्रेस कार्यकताओं ने आने वाले लोकसभा चुनावों में घर घर तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया इस अवसर पर कांग्रेस के मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव श्री अनीस विशाल अंसारी रहे ,सलाउद्दीन सेफी जिला महासचिव,पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रईस कुरैशी, संजय मेहरा ,अमजद सिद्दीकी, गौरव अग्रवाल नईमुल अख्तर, नदीम फारूकी, वसीम अख्तर, अभिनव अग्रवाल, शहबाज अख्तर, शारिब अन्सारी, अकरम खां शराफत चौधरी, सलीम कुरैशी मुस्लिम, अंसारी सिराजुद्दीन खान मौ0 ताहिर अदि मोजूद रहे



# बच्चों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें - जुनैद मेंहदी

बिसौली आई एम खान। कस्बा सैदपुर में पल्स पोलियों अभियान के अंतर्गत रविवार को 131बूथों पर पोलियो ड्राप पिलाई जाएगी। इसको लेकर शनिवार को स्कूली बच्चों ने रैली निकाली और लोगों से बूथों पर बच्चों को दवा पिलाने की अपील की इधर मस्जिदों से भी इमामों ने पोलियो ड्राप पिलाने की अपील की ,0 से 05 साल तक के बच्चों को दवा जरूर पिलाएं रैली के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ जुनैद मेहंदी ने कहा हमारा भारत पोलियों मुक्त हैं लेकिन अभी कुछ देशों में यह बाकी है। कहीं यह लौट कर न आ जाएं इस लिए हम सब मिलकर अपने बच्चों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें। पोलियो की खुराक हर बार दिलाएं। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ जुनैद मेहंदी डॉक्टर विकास श्रीवास्तव, वीपीएम नवेद अहमद, डब्लूएचओ से केएन मिश्रा, तूबा खान, वंदना त्रिपाठी, समाजसेवी एसएच कुरैशी, प्रगति कमल, उपासना आदि मौजूद रहे।



# मड़हा में आग लगने से गृहस्ती का सामान जल कर खाक, भैंस भी झुलसी

**ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

सुरेरी, जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकरौर चौहान बस्ती में बीती रात अचानक आग लग जाने से जयशंकर चौहान पुत्र राम धीराज चौहान का मड़हा पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। बताते चलें कि जयशंकर के मड़हा में बीती रात खाना बनाने के बाद सोते समय चूल्हे में बची आग से अचानक आग लग जाने से मड़हा में रखा गेहूं, चावल, दाल, धान, तेल तथा गृहस्थी का सारा सामान, कृषि यंत्र, कपड़ा, रुपया आदि जलकर खाक हो गया। साथ ही मड़हे के बगल दूसरे मड़हे में बंधी भैंस आग के चपेट में आने से पुरी तरह झुलस गयी जिसमें भैंस का दो वर्ष का बच्चा जो पूरी तरह जल गया था, की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी ग्रामीणों को होती, उसके पहले आग पूरी तरह से मड़हा में लग चुकी थी, फिर भी ग्रामीणों ने बड़ी मेहनत और मशक्कत के साथ आग को बुझाया लेकिन तब तक सब कुछ जलकर खाक हो चुका था।



QXP 26-10-2023:Layout 1 12/10/2023 3:55 AM Page 10




# पीड़ित ने इटवा पुलिस पर लगाया विवेचना में लीपा पोती का आरोप

### इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरी महरी के रहने वाले ओमकार मिश्रा ने दर्ज कराया था मुकदमा।

### पीड़ित ओमकार मिश्रा का आरोप, मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी आरोपी को नहीं पकड़ रही पुलिस।

सिद्धार्थनगर। इटवा थाना क्षेत्र के पिपरी महरी गांव के रहने वाले ओमकार मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर इटवा पुलिस पर विवेचना में लीप पोती का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ओमकार मिश्रा का आरोप है कि गांव के रामकुमार उर्फ ताखन पुत्र राम नारायन ने जमीन खरीदवाने का झांसा देकर पीड़ित से बारी बारी करके तीन लाख रुपए ले लिया। और जमीन भी नहीं दिलवाया। जिस पर पीड़ित ने थानाध्यक्ष इटवा को शिकायती पत्र देकर धन गमन करने के आरोप में आरोपी पर मुकदमा पंजीकृत कराया। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षीगण प्रभावशाली हैं इसी वजह से इटवा पुलिस विवेचना में लीपा पोती कर रही है। विपक्षियों को आज तक पुलिस द्वारा थाने पर कभी नहीं बुलाया गया और ना ही पूछताछ किया गया। इसी वजह विपक्षियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। बताते चलें इटवा पुलिस विवेचना में लीपापोती को लेकर आए दिन सुर्खियों में रहती है। ओमकार मिश्रा ने मीडिया को बताया कि इस मामले की विवेचना अन्य थानों से कराए जाने पर ही उनको न्याय मिल सकती है।



# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पखवाड़ा के तहत आयोजित की गई एक दिवसीय जनपद स्तरीय स्टेकहोल्डर्स कार्यशाला, महिला व बालिका हिंसा जैसे विषयों व कानूनों पर दी गई जानकारियां

**समाज जागरण - बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद । गिरते हुए बाल लिंग अनुपात (उरफ) में वृद्धि करने के साथ साथ कन्या भ्रूण हत्या को रोकने तथा बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ साथ मिशन ऑपरेशन जागृति संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाम से एक फ्लैगशिप योजना की शुरूआत की गई है। जिसके अंतर्गत, महिला कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव, निदेशक संदीप कौर एवं उप निदेशक आशुतोष कुमार सिंह के आदेश एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार महिला कल्याण अधिकारी एवं जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा के नेतृत्व में 1 से 15 दिसंबर तक विशेष पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। जिसमें, ग्रामीण विकास विभाग व विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या व बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला विधिक प्राधिकरण सचिव एवं जिला अपर सत्र न्यायाधीश यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित सभागार में पोक्सो अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न उत्पीड़न निवारण अधिनियम, जेजे एक्ट आदि विषयों पर "एक दिवसीय जनपद स्तरीय स्टेकहोल्डर" कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका संचालन महिला कल्याण अधिकारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा ने किया। इस दौरान संबंधित अधिनियम के पंपलेट वितरण किए गए और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।



कार्यशाला में सरकारी व गैर सरकारी रिसोर्स पर्सन के रुप में अधिवक्ता आरती यादव, किशोर न्यायिक बोर्ड से विश्व विमोहन कुलश्रेष्ठ बाल कल्याण समिति से प्रोफेसर उग्रसेन पांडे एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व अपर सत्र न्यायाधीश यजुवेंद्र विक्रम सिंह ने संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए अति महत्त्वपूर्ण जानकारियां दी।

कार्यशाला में मुख्य रूप से पुलिस विभाग, समस्त बाल कल्याण अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग से आशा एएनएम, माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग से अध्यापिकाएं एवं आईसीडीएस विभाग से आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सहित सीओ सदर हीरालाल कनोजिया, प्रशिक्षणाधीन सीओ अमरीश कुमार, प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह एवं बाल संरक्षण अधिकारी अपर्णा कुलश्रेष्ठ, शिक्षिका कल्पना राजौरिया, सीमा निमेष लुबना वसीम सहित अल्ळ्व थाना रंजना गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना, ॠ जुगेंद्र सिंह प्रभारी रखढव, थाना रसूलपुर ररक रविन्द्र कुमार सिंह, थाना रामगढ़ रक रजनी वर्मा, महिला थाना रक प्रीति राय, थाना अल्ळ्व ॠ प्रेमपाल सिंह, थाना अल्ळ्व आ0 सतेन्द्र कुमार व अन्य पुलिस कर्मी और शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का आयोजन दिलाई सपथ

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन प्रधान प्रतिनिध रियाज के अगुवाई मे किया गया

सिद्धार्थनगर- विकास खण्ड भनवापुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेव मुस्तहकम मे शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन प्रधान प्रतिनिध रियाज के अगुवाई मे किया गया विकसित भारत यात्रा मे बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग राष्ट्रीय आजीविका मे स्टाल लगाकर सरकार को योजनाओ के बारे मे जानकारी दी गयी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिध भनवापुर लवकुश ओझा ने कहा सरकार की योजनाओ का प्रचार-प्रसार गांव मे विभाग के लोग पहुंच कर कर रहे है ताकि पात्र ब्यक्तियो तक लाभ पहुंच सके इसके लिए हर ग्राम पंचायत मे चौपाल लग रहा है तथा उपस्थित लोग को विकसित भारत का सपथ दिलाया इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिध लवकुश ओझा, खण्ड विकास अधिकारी आलोक दत्त उपाध्याय, संजय पटेल, सुनील कुमार, सचिव रण विजय यादव, समाज सेवी सुखदेव मिश्रा, बेव मुस्तहकम इन्डियन ग्रामीण वितरक वीरेन्द्र कुमार, अमित पान्डेय, अन्नू द्विवेदी, रीषू सिंह, गुड्डू तिवारी, हरि राम चौधरी, विवेक कुशवाहा सहित भारी संख्या मे ग्रामीण मौजूद रहे।



# संकल्प विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं का किया गया प्रचार प्रसार

### कही नाराजगी तो कही सरकार की योजनाओं का हुआ बखान

### प्रधानमंत्री आवास वा किसान सम्मान निधि के लाभाथीयी के खिले चेहरे

### इलेक्टानिक प्रचार वाहन पर लोगो ने जाना विभिन्न योजनाओं का लाभ

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को गढ़ीवा मझिगवां व मडौली गांव में भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही संकल्प विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया वही महावतपुर असहट पिपरहा से जलंधरपुर मार्ग पर बनी रोड़ का उद्घाटन भी किया।

जिसमे कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति रही। वही कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री वा विधायक को मड़ौली में रोड के संबंध में कुछ ग्रामीणों ने खरी खोटी भी सुनाई।

शनिवार दिन में पहला कार्यक्रम ग्राम पंचायत गढीवा मझिगवा में रखा गया जहां भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं का उल्लेख करते हुए साध्वी ने जनता के लगें दरबार को जमकर सजाया।



उस दौरान कई लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी भी सौंपी गई। वही उज्वला योजना के तहत भी कई लाभार्थियों को सिलेंडर किट सौपी गई। वही इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 50 गोल्डन फॉर्म खाद्य रसद विभाग की तरफ से 10 फॉर्म प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत 11 फॉर्म तो वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 127 फॉर्म जमा किए गए। जबकि शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, उद्योग विभाग के अधिकारी कार्यक्रम से नादारत रहे। वही किसान सम्मान निधि के तहत कई किसानों के फॉर्म जमा किए गए। इसके कुछ देर बाद केंद्रीय मंत्री का काफीला ग्राम पंचायत मडौली पहुंचा। जहां कार्यक्रम की शुरूआत हुई जैसे ही केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सरकार की उपलब्धियां गिनानी शुरू की। वैसे ही ग्रामीण की जनसंख्या में इजाफा होना शुरू हो गया पूरा मैदान लोगों से खचाखच भर गया। इस दौरान कई लोग अपनी समस्या सुनाने के लिए मंच के पास पहुंचे जहां उन्हें दरकिनार कर दिया गया। इसी दौरान मडौली गांव निवासी करूणेश सिंह नाम के युवक ने रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाते हुए सवाल जबाव किया।

वही कार्यक्रम के दौरान साध्वी निरंजन ज्योति के अलावा, क्षेत्रीय विधायका कृष्णा पासवान, विजयीपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आदित्य त्रिवेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सिंह तोमर प्रधान अतुल सिंह, मड़ौली ग्राम प्रधान सचिव शिवचंद्र निषाद सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी गण के अलावा विजयीपुर खण्ड विकास अधिकारी सकील अहमद , एडीओ पंचायत मो हारून सहित ब्लाक कर्मचारी ,सप्लाई इंस्पेक्टर हरीश साहनी,समेत कृषि विभाग,पंचायती राज विभाग, सहित अन्य विभाग वा भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम सभा गढ़िवा हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम मे जनप्रतिनिधियों अधिकारियों की उपस्थिति में ग्राम सभा सचिव की अनुपस्थिति पर डीपीआरओ उपेंद्र राज खफा दिखे जिस पर विकासखंड अधिकारी विजयीपुर न होने से कार्यवाही की बात कही

# सखियावं एवं घनघौल गाँवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर..विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हसवा विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सखियावं एवं घनघौल ग्राम पंचायत में बैठक का आयोजन किया गया। शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा की गोष्ठी आयोजित हुई । जिसमें सैकड़ों लोगों की भीड़ बैठक में मैहजूद हुए।बीडीओ ने मां सरस्वती के चित्र में फूलों की माला डाल कर दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया। सखियावं कंपोजिट विधालय और घनघौल कंपोजिट विधालय में बच्चों ने स्वागत गीत और संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया।विकसित भारत संकल्प यात्रा की बैठक के दौरान खंड विकास अधिकारी ने सभी को संकल्प दिलाया कि संपूर्ण भारत को विकसित देश बनाने का प्रयास सरकार कर रहीं हैं। जानकारी देते हुए कहाकि शहर से लेकर गाँव - गाँव में विकसित गाँव बनाने का लक्ष्य चल रहा है। सरकार ने पांच लाख रुपये इलाज किसी भी अस्पताल मे निशुल्क किया जा रहा है। यही ही नहीं सासद और विधायक निधि से गंभीर रूप पीड़ित व्यक्ति निशुल्क कराया जा रहा है। मोदी सरकार किसानों को छः हजार रुपये सीधे खातों में भेजा जा रहा है। हर घर में जल पहूँचा कर ही सरकार लोगों का सपना साकार कर रहीं हैं। थारियावं कृषि वैज्ञानिक विभाग एस. के पाड़ेय ने किसानों को बताया किअपने अपने खेतों में मोटे अनाज के लिए सरकार विशेष रूप से अधिक प्रयोग में लाया जाए। गेहूँ के आटे के प्रयोग करने से शरीर में मोटापा अधिक हो रहा है। काकुन, बाजारा, सावन, ज्वार के खेती अधिक से अधिक करें। कैल्शियम और आयरन विटामिन अधिक पाया जाता है। खेतों में गोबर , हरी खाद, केचुआ खाद,की खाद अधिक प्रयोग करें। तभी खेती अधिक उपजाऊ भूमि तैयार हो जायेगी।



बीडीओ सतीश चन्द्र पाड़ेय और एडीओं पंचायत कौशलेन्द्र सिंह एंव सखियावं ग्राम प्रधान राघवेंद्र सिंह , एवं घनघौल ग्राम प्रधान जानकी एवं बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर अनीता कुमारी, शशि दुबे एवं सखियावं गाँव की गर्भवती महिलाओं में आरती देवी, सावित्री देवी, इसके अलावा अन्नप्राशन के लिए कुनाल, शिवाशी एवं सखियावं रोजगार सेवक शिव प्रताप मौर्य,और घनघौल रोजगार सेवक मेवालाल, रमेश चन्द्र गुप्ता , राकेश श्रीवास्तव, सखियावं गाँव की खुशबू देवी, गायत्री, सपना, सरिता एवं अन्नप्राशन अभी मौर्य, पायल , आंगनबाड़ी कार्यकत्री गायत्री दिवेदी, रानी देवी , सूर्य मुखी, एएनएम अर्चना देवी और सखियावं गाँव की गर्भवती महिलाएँ मंजू देवी, सेजल, एवं अन्नप्राशन सिदार्थ, सुनैना,एवं घनघौल गाँव की अनीता देवी, गुड़िया देवी, अंकिता देवी, ममता देवी,गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराया गया एवं अंश, मनू, वंतिका बच्चों को खीर खिलाकर मासूम बच्चों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर भाजपा मंडल प्रभारी भिटौरा ब्रजेश दिवेदी,, एवं महामंत्री मंगल सिंह , सखियावं सचिव मकरंद कुमार मिश्रा , एवं घनघौल सचिव रवींद्र सिंह,घनघौल रोजगार सेवक मेवालाल,आंगनबाड़ी कार्यकत्री ज्योति, सूर्य मुखी, जयकरन , मोहम्मद इमरान,पशु विभाग डा राजेश यादव, स्वास्थ्य विभाग हेमचन्द्र चौधरी, आशा बहू संगीता देवी,अजय कुमार एवं फिजियो थेरेपी मोहम्मद रिजवान,सत्येन्द्र दिवेदी , सुपरवाइजर शशि दुबे, एवं अनीता कुमारी एवं पूर्व ग्राम प्रधान शारदा प्रसाद यादव, ,सहित अन्य जनप्रतिनिधि मैहजूद रहे।

# 10 दिसंबर से प्रारंभ होगा राष्ट्रीय कार्यक्रम सघन पल्स पोलियों अभियान

**दैनिक समाज जागरण ऋषभ कुमार**

बिंदकी फतेहपुर - उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर में आज दिनांक 08 दिसंबर 2023 को उपजिलाधिकारी महोदय तहसील बिंदकी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्यक्रम सघन पल्स पोलियों अभियान की TTF बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे उप जिलाधिकारी महोदया द्वारा बताया गया कि दिनांक 10 दिसंबर 2023 दिन रविवार को बूथ वाले दिन प्रातः 8 बजे से 4 बजे तक खुले रहेंगे। और बुलावा टोली बनाकर .5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्रॉप दिलाने के लिए प्रचार प्रसार करेंगे । BMC यूनिसेफ वैभव निगम के द्वारा बताया गया कि बूथ का उद्धघाटन किसी प्रभावशाली व्यक्ति से किया जाए । इस मौके पर तहसील बिंदकी के समस्त ब्लॉक के प्रभारी चिकित्साधिकारी पीएचसी देवमई डॉ विमलेश कुमार, सीएचसी बिंदकी के अधीक्षक डॉ धर्मेंद्र, सीएचसी अमौली डॉ पुष्कर कटियार, बीएमसी यूनिसेफ वैभव निगम देवमई बीएमसी यूनिसेफ शरद कुमार तिवारी खजुहा , बाल विकास परियोजना अधिकारी,खंड विकास अधिकारी,और खंड शिक्षा अधिकारी अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# बाल मेला एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर शहर के आबूनगर स्थित विद्या त्रिपाठी इंटर कॉलेज में विद्यालय परिवार ने बाल मेला एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र व छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें बच्चों द्वारा कबड्डी, खो-खो, कुर्सी दौड़, मेंढक दौड़ जैसे खेलों का आयोजन किया गया और जिन बच्चों ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया उनको प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिका एवं प्रबंधक सुषमा तिवारी संचालक कृष्ण कुमार त्तिवारी प्रधानाचार्य राजकुमारी सोनी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। वही 67वीं प्रदेसीय विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 सीएबी इंटर कॉलेज प्रयागराज में संपन्न हुई जिसमें विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के कक्षा 11 के सम्यक त्रिवेदी पुत्र संजय त्रिवेदी अंडर 17/19 में प्रतिभा किया और गोल्ड मेडल हासिल कर अपने विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया।




# अस्पताल के प्रांगण से मुख्य विकास अधिकारी ने जन जागरूकता रैली को फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जनपद फतेहपुर में 10 दिसम्बर 2023 को पल्स पोलियो दिवस को सफलता पूर्वक आयोजन को दृष्टिगत दिन शनिवार को जिला अस्पताल के प्रांगण से मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने जन जागरूकता रैली को फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न स्कूलों के छात्र/छात्राओं व एन0सी0सी0 के द्वारा दो बूद जिंदगी के नारे लगाते हुए आबूनगर पुलिस चौकी के पीछे से बिन्दकी बस स्टॉप होते हुए जिला अस्पताल में रैली का समापन हुआ।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 10 दिसम्बर 2023 को होने वाले बूथ दिवस पर लगाये गये अधिकारी, कर्मचारी तैनाती बूथ पर समय से पहुंचकर बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूद दवा पिलाये व पल्स पोलियो को देश से भगाये। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों की बूथों पर निगरानी हेतु ड्यूटी लगायी गयी हैं वो निरन्तर भ्रमण करके शत प्रतिशत बच्चों को दवा पिलवायें।



मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि 10 दिसम्बर 2023 दिन रविवार को 09:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक 1280 बूथों के माध्यम से 437697 लछित बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलायी जायेगी, के लिए ट्रांजिट टीमो की संख्या 42, घर-घर टीमों की संख्या 884, पर्यवेक्षक की संख्या 256, ईट भट्टो एवं घुमंतू परिवार हेतु सचल टीमों की संख्या 39 लगायी गयी है। उन्होंने बताया कि 11 दिसम्बर 2023 से 15 दिसम्बर 2023 तक ए टीम, 18 दिसम्बर 2023 से बी टीम द्वारा घर-घर जाकर बूथों से छूटे बच्चों को दवा पिलायेंगे। अभियान हेतु प्राप्त वैक्सीन 548000 बी0ओ0पी0वी0 है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी,जिला सूचना अधिकारी, पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

# विधायक अयाह- शाह द्वारा किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। दिनांक 09.12.2023 को मा० विकास गुप्ता जी विधायक अयाह शाह की अध्यक्षता में विकास खंड असोथर के अंतर्गत ग्राम चककाजीपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ । विधायक जी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मा0 विधायक जी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि जनता की भलाई के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से छूटे पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाना, साथ ही जनता की भलाई के लिए जो योजनाएं चल रही है वह जन जन तक पहुंचे और नागरिकों को योजनाओ की जानकारी हो। जिससे कि नागरिक जागरूक होकर योजनाओ का लाभ उठा सके। विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में प्रत्येक गांव तक पहुंचकर नागरिकों को जागरूक करने साथ ही लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब, महिलाओ, खेत, खलिहान के विकसित होने पर ही विकसित राष्ट्र की संकल्पना पूरी होगी ।साथ ही किसानों को कृषि यंत्रों में ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कराकर लाटरी के माध्यम से अनुदान देकर यंत्र की खरीदारी कराई जा रही है। देश की आधी आबादी में महिलाओ को सशक्त बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार दिन रात कार्य रही है। महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समूहों के माध्यम से, उद्योग से जोड़कर, रोजगारपरक योजनाओ व उनके उत्पादों की बिक्री का बाजार में सही मूल्य दिलाकर उनकी उनकी आय बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंनें कहा कि इस अभियान के तहत जनता की सरकार जनता के द्वार आकर योजनाओ से लाभान्वित करने के साथ ही जागरूक करने का कार्य मोदी जी की गारंटी वाला रथ (प्रचार वाहन) व कैम्प के माध्यम से किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए बिना भेद भाव के सबका साथ, सबका विश्वास, सबके प्रयास से कार्य कर रही है।

इस मौके पर मा0 विधायक जी ने महिलाओं को पोषण किट वितरित की व विभिन्न योजनाओ के लाभार्थियों को यथा-मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत शौचालय, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के स्वीकृत प्रमाण-पत्र का वितरण किये। खंड विकास अधिकारी असोथर ने विभाग से संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,फतेहपुर ने बताया कि दिनांक-09.12.2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर न्यायालय फतेहपुर एवं समस्त तहसील में किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक-09.12.2023 का उद्वाटन रणंजय वर्मा माननीय जनपद न्यायाधीश, फतेहपुर के कर कमलो द्वारा विटनेश कक्ष दीवानी न्यायालय परिसर फतेहपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का संचालन किया गया एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फतेहपुर के द्वारा अपने आर्शीवचनो में सभी न्यायिक अधिकारियो को इस लोक अदालत मे अधिकाधिक मामलो को निस्तारित किये जाने का निर्देश दिया एवं सभी न्यायिक अधिकारियो को यह भी कहा कि अधिकाधिक संख्या में वादो को सुलह समझौता केन्द्र में प्रेषित किया जाये जिससे वादो का निस्तारण सुलह समझौता के माध्यम से अधिकाधिक संख्या में हो सके। माननीय जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा, अखिलेश पाण्डेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रथम फतेहपुर, मो0 अहमद खान, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, श्रीमती नित्या पाण्डेय अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहपुर द्वारा न्यायालय परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।

आज दीवानी न्यायालय परिसर फतेहपुर, खागा न्यायालय परिसर, ग्राम न्यायालय, बिन्दकी परिसर, कलेक्टेज्ट परिसर फतेहपुर, समस्त तहसील परिसर, समस्त नगर पालिका एवं समस्त नगर पंचायत परिसर, श्रम कार्यालय परिसर, समस्त विद्युत वितरण खण्ड परिसर, कार्यालय दूर संचार, समस्त बैंको द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

उपरोक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा द्वारा कुल 02 वादो का निस्तारण करते हुए 272674 रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। अमित पाल सिंह, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, फतेहपुर के द्वारा 31 वैवाहिक वादों एवं 11 प्रीलिटिगेशन विवादो का निस्तारण किया गया एवं सुश्री मंजुला सरकार, अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, फतेहपुर द्वारा 08 वैवाहिक वादो एवं 06 प्रीलिटिगेशन विवादो का निस्तारण किया गया। धनेन्द्र प्रताप सिंह, पीठासीन अधिकारी, मोटर वाहन दुर्घटना न्यायाधिकरण, फतेहपुर द्वारा 55 मोटर दुर्घटना याचिकाओं का निस्तारण करते हुए 30321726 रु० का प्रतिकर दिलाया गया। श्री अखिलेश कुमार पाण्डेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रथम फतेहपुर द्वारा 06 वादो का निस्तारण करते हुये 3000 रुपये दिलाया गया। मोहम्मद अहमद खान विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा 01 वाद का निस्तारण करते हुये 500 का अर्थदण्ड के रुप में जमा कराया गया। विनोद कुमार चैरसिया, विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम द्वारा 03 वाद का निस्तारण करते हुए 30,000 रू0 अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। अनिल कुमार ट॰ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पाक्सो प्रथम द्वारा 02 वादो का निस्तारण करते 2000 रु0 वसूल कराया गया। श्री विनय तिवारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ई0सी0 एक्ट द्वारा 132 वादों का निस्तारण करते हुये 135000/रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। श्री अविजीत भूषण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ0टी0सी0 प्रथम द्वारा 02 वादों का निस्तारण करते हुये 1000/रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया।

राम नरेश मौर्या, अध्यक्ष जिला उपभोक्ता फोरम, फतेहपुर द्वारा 08 वादो का निस्तारण करते हुये 1186068/रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। प्रभारी अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत द्वारा 03 वादो का निस्तारण करते हुये 386233/रुपए वसूल कराया गया। राज बाबू मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट द्वारा दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुये .../रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। श्रीमती रोमा गुप्ता अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नं० 1 द्वारा 2623 दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुए 105847 रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। श्री महेन्द्र कुमार पासवान अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-02/एम0पी0एम0एल0ए0 द्वारा 537 दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुए रू० 3659/- अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया।

अनुपम कुशवाहा, सिविल जज/सी0डि0/एफ0टी0सी0. द्वारा 951 वादो का निस्तारण करते हुए 6622686 रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। प्रत्यूश गुप्ता ग्राम न्यायालय जू0डि0 बिन्दकी, द्वारा 3020 वादों का निस्तारण करते हुए 6471/- रू0 अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। श्रीमती अंकिता सिंह तृतीय सिविल जज जू0डि0 द्वारा 147 दाण्डिक वादों का निस्तारण करते हुए 12366. रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया। श्रीमती भावना साहू सिविल (जू०डि०/एफ०टी०सी०) महिला हिंसा अधिनियम द्वारा 287 वादों का निस्तारण करते हुए 26772 रू० अर्थदण्ड के रूप में जमा कराया गया।

# ट्रेन की चपेट में आकर रेलवे कर्मचारी की मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के रसूलाबाद और फैजुल्लापुर रेलवे स्टेसन के बीच ट्रेन की चपेट में आकर रेलवे कर्मचारी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रामपुर थरियांव निवासी स्व. बलराम यादव का 25 वर्षीय पुत्र विकास कुमार यादव जो रेलवे में नौकरी करता था। आज वह ड्यूटी पर था तभी ड्यूटी के दौरान थाना क्षेत्र के रसूलाबाद और फैजुल्लापुर रेलवे स्टेसन के बीच ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री की शिकायत ग्राम प्रधान ने की सीडीओ से

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुरझबहुआ ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम चुरियानी का एक मामला प्रकाश में आया है।जिसमे आंगनबाड़ी केंद्र की संख्या दो गुना दर्शाकर पोषाहार को बेंच लिया जाता है।टीकाकरण में भी आंगनबाड़ी अपने दायित्वों का निर्वहन करती है।जहां ग्राम प्रधान सुनैना देवी ने बताया कि बच्चों की संख्या 12झ 15 के बीच रहती है। जबकि आंगनबाड़ी कार्यकत्री सरोज देवी दो गुना संख्या बढ़ाकर रखती हैं।आंगनबाड़ी कार्यकत्री के फजीर्वाड़े की शिकायत ग्रामीणों ने कई बार की तो उन्होंने अपने पति एवं प्रतिनिधि वीरेंद्र शिवहरे को आंगनबाड़ी केंद्र पर भेजा।ग्रामीणों ने जो शिकायत की थी वह सही मिली तो आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बच्चों की दर्ज फर्जी संख्या दिखाने से उनके पति को मना कर दिया और फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी देने लगी।जहां ग्राम प्रधान ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री की इस तानाशाही की शिकायत सीडीओ से की गई है।।



QXP 26-10-2023:Layout 1 12/10/2023 3:55 AM Page 12



# गोंड आर्ट कलाकारों का उत्साह वर्धन करने कैंप आयोजित

## सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने किया उत्साहवर्धन



शहडोल ।वन्या, जनजातीय कार्य विभाग म०प्र० भोपाल के तत्वावधान में जनजातीय समुदाय की आर्ट पेंटिंग कला गोंड़ पेंटिंग को प्रोत्साहित एवं संरक्षित करने के उद्देश्य से दिनांक 09 दिसंबर 2023 को जनजातीय कार्य विभाग शहडोल द्वारा जिले के गोंड़ आर्टिस्टों का पंजीयन एवं जी.आई. टैगिंग का कार्य वन्या जनजातीय कार्य विभाग म०प्र० भोपाल के अधिकारियों द्वारा स्थानीय सीनियर जनजातीय बालक छात्रावास स्टेडियम रोड शहडोल में संपन्न हुआ। इसमें जिले के विभिन्न दूरस्थ स्थलों के गोंड़ जनजातीय समुदाय के स्थानीय आर्टिस्टों द्वारा गोंड़ आर्ट से संबंधित कलाकृतियाँ अवलोकन कराते हुए पंजीयन कराया गया। जिले में प्रथम बार वन्या जनजातीय कार्य म०प्र० भोपाल द्वारा यह जी.आई. टैगिंग कैम्प आयोजित किया गया, जिसे स्थानीय जनजातीय आर्टिस्टों एक आर्ट ब्राण्ड नेम तथा उसका पंजीयन क्रमांक उपलब्ध होने से आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हो सकेंगे। आनन्द राय सिन्हा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य शहडोल अपने विभागीय अमले के साथ स्वतः पंजीयन स्थल पर उपस्थित रहकर, गोंड़ आर्ट कलाकारों का उत्साहबर्धन किया तथा राज्य स्तरीय दल के प्रति आभार व्यक्त किया गया। साथ ही भविष्य में इस प्रकार के कैम्प आयोजित करने हेतु अपेक्षा व्यक्त की गई, ताकि ज्यादा से ज्यादा गोंड़ कलाकारों को अवसर उपलब्ध हो सकें।

# करूआताल मे हो रहे शिवमहापुराण कथा को सुनने उमड़ रहे है श्रोता।।



शहडोल । समीपस्थ ग्राम करूआताल स्थित शिव मंदिर प्रांगण में गत 4 दिसम्बर 2023 से प्रारम्भ शिव महापुराण की अलौकिक अद्वितीय कथा का रसास्वादन करने हेतु ग्राम व क्षेत्र से सुधी श्रोतागण तथा धमार्नुरागी सपरिवार पहुंच रहे है व्यासपीठ से प्रख्यात कथावाचक श्री राकेश जी पाठक (श्री धाम -- वृन्दावन) है इस पुनीत धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान ध्यान सिंह तोमर श्रीमती गायत्री देवी है क्षत्रिय परिवार द्वारा आयोजित यह कथा दोपहर 2बजे से 5बजे तक होती है 7 दिसम्बर 2023 को कथा के क्रम मे शिव विवाह पर सुन्दर तथा प्रेरक प्रसंग पर प्रवचन हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालु उपस्थित होकर प्रसंग का श्रवणपान किया । भगवान भोलेनाथ की यह भव्य दिव्य कर्णप्रिय कार्यक्रम आगामी 14 दिसम्बर 2023 को हवन प्रसाद विवरण तथा भण्डारा के साथ समापन होगा।

कार्यक्रम के दशार्नाभिलाषी अमृत लाल सिंह कोमल सिंह, रामकृपाल सिंह ,सुरेन्द्र सिंह, आदि ने सभी सम्मानित श्रद्धेय श्रोतागणो आगामी शेष दिनो की कथा सुनने के लिए अनुरोध किया है । मालुम हो कि कथावाचक श्री राकेश जी वर्ष 2007 मे ग्राम करूआताल मे श्रीमदभागवत की कथा क्षेत्र वासियो को अपने श्रीमुख श्रवण करा चुके है जिससे इस क्षेत्र के श्रोतागण उनके मुरीद है ।

# करोड़ों की रकम बरामदगी का मामला, कानपुर में सांसद, विधायक और मेयर ने जलाया सांसद धीरज साहू का पुतला




सुनील बाजपेई

कानपुर आज यहां शनिवार को विधायक और मेयर की अगुवाई में भाजपाइयों ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए 300 करोड़ रुपए की नगदी बरामद किए जाने के मामले में झारखंड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू का पुतला जलाया।

आज शनिवार को कानपुर में सांसद, विधायक, महापौर और कार्यकताओं ने जगह-जगह भ्रष्टाचार का पुतला दहन किया।

पुतला दहन करते हुए सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि सोचिए जब कांग्रेस के सांसद के पास 300 करोड़ रुपए की काली कमाई मिली है तो राहुल गांधी के पास कितना रुपया होगा। इस बीच विधायक महेश त्रिवेदी ने बताया कि जनता अगर अपना भला चाहती है तो कांग्रेस जैसी पापी आत्माओं से छुटकारा पाना पड़ेगा । सुरेश सांसद धीरज साहू का पुतला जलाने की इसी क्रम में महापौर प्रमिला पांडेय ने भी भाजपा कार्यकताओं के साथ मिलकर परेड चौराहा पर भ्रष्टाचार का पुतला फूंका। इस दौरान महापौर ने कहा कि कांग्रेस के एक सदस्य के ठिकानों से जिस तरह नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं वह यह बताने के लिए काफी है कि कांग्रेस पार्टी किस कदर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# नगर पंचायत मोहनलालगंज के पांडेय मार्केट में आयुष्मान कार्ड व दिव्यंग पेंशन व मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला पेंशन सहित कई योजनाओं से सम्बंधित कैम्प लगवाया गया

विवेक कुमार संवाददाता

जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट व लक्ष्य यूथ फाउंडेशन द्वारा पाण्डेय काम्प्लेक्स मोहनलालगंज में स्वावलंबन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं पंजीकरण कर पात्र ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम आयोजक चेयरमैन प्रतिनिधि व व्यापार मण्डल अध्यक्ष अजय पाण्डेय सत्यम ने बताया कि समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन स्टाप सेंटर, लक्ष्य यूथ फाउंडेशन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना , मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की जानकारियां एवं पंजीकरण करआमजनमानस को लाभान्वित किया गया और बताया कि हमारे ट्रस्ट का प्रयास है की नगर पंचायत मोहनलालगंज के जो भी पात्र नागरिक जानकारी के अभाव में सरकार की योजनाओं से वंचित हैं उन्हें ट्रस्ट के कार्यकताओं के माध्यम से जागरुक कर योजनाओं की सही जानकारी दे पंजीकरण कराकर लाभान्वित कराया जा रहा है। कार्यक्रम सहयोगी लक्ष्य यूथ फाउंडेशन के प्रबंधक अवधेश कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर स्वावलंबन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक कर लाभान्वित कराया जा रहा है हमारा एक ही लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र को लाभान्वित कराया जाए। वहीं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा कठपुतली कार्यक्रम के माध्यम से योजनाओं की जानकारीयां दी गयी। कार्यक्रम में सहयोगी जन सेवा केंद्र संचालक अजय साहू, मुकेश कुमार, अशोक कुमार, आशीष यादव, शिवम साहू,अश्वनी आनंद, मुकुल, जितेंद्र यादव, नवीन कुमार, मन्नू रॉय सहित अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

# जनपद एवं ग्रामपंचायत उपचुनाव को लेकर कलेक्टर ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

**धापेवाडा, मोहरई,चिखला में सरपंच और जमुनिया में जनपद सदस्य, 40 ग्रामों में होगा पंच के लिए उपचुनाव**

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(10 दिसंबर )राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के मद्देनजर जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है ।उन्होंने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम-1985, मप्र संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम-1994 और आयुध अधिनियम-1989 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के बाद से उपनिर्वाचन के लिये आदर्श आचार संहिता पंचायतों में तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है।

### इस पर रहेगा प्रतिबंध

मप्र कोलाहल अधिनियम 1985 तथा ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का आग्नेय अथवा घातक शस्त्र तथा बंदूक, रायफल पिस्टल, तमंचा, भाला, बल्लम्, तलवार, चाकु, बरछी, फरसा, गंठासा, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार व विस्फोटक सामग्री आदि का सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति, संस्था, संगठन, यूनियन, राजनैतिक दल सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी आमसभा, जुलूस, धरना, प्रदर्शन, रैली का आयोजन नहीं करेगा। सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किसी भी व्यक्ति द्वारा नहीं किया जा सकेगा। साथ ही लाउड स्पीकर का उपयोग प्राप्तः 06.00 बजे से पूर्व एवं रात्रि 10.00 बजे के बाद पूर्णतः प्रतिबंधित होगा।

### इन स्थानों पर होगा उपचुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत बालाघाट, बैहर व खैरलांजी के ग्राम धापेवाड़ा, मोहरई और चिखला में सरपंच तथा बालाघाट के ग्राम जमुनियॉ में जनपद सदस्य का उपनिर्वाचन होगा। जबकि जनपद पंचायत बालाघाट के ग्राम बगदरा-14 व हट्टा-07 में, जनपद पंचायत लांजी के ग्राम देवरबेली में, जनपद पंचायत किरनापुर के ग्राम दहेगडवा, खारा, मुरी, डोगरगांव, कान्द्रीकला में, जनपद पंचायत परसवाडा के ग्राम पोगारझोडी, जगनटोला, धनवार में, बिरसा जनपद पंचायत के ग्राम रघोली-रघोली, सालेंटेकरी-11 सालेटेकरी-13 सालेटेकरी-17 कचनारी-03, 05, 06, 07, 09,11,16 बहेराभाटा-05, 07, 10, 11, 14, 20 बाकीगुडा, रेलवाही, अचानकपुर में, जनपद पंचायत खैरलांजी के ग्राम मोहाडी में, जनपद पंचायत वारासिवनी के ग्राम सिर्रा, मेंडकी, लालपुर में और जनपद पंचायत कटंगी के ग्राम हरदोली, नवेगांव, टेकाडी (म०) में एवं कटेरा तथा बनेरा में पंच के लिये उप निर्वाचन होना है।

# चोरी के मटेरियल बिक रहे ऊंचे दाम, प्रशासन बेखबर

## पंचायतों में चल रहा सचिव राज, नकेल नहीं कस रहे



शहडोल। जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामपंचायतों को मानो चोरी की छूट दे दी है। निर्माण कार्यों में लगने वाले मटेरियल की उपलब्धता किस प्रकार और कहां से की जा रही है उसकी वैधता है या नहीं यह सब देखने की आवश्यकता वरिष्ठ अफसरों द्वारा महसूस नहीं की जा रही है। इसलिए पंचायतों में एक ओर फर्जी वेण्डर संस्थाएं पनप रही हैं वहीं दूसरी ओर चोरी के और घटिया दर्जे के मटेरियल काम में लाए जा रहे हैं। ग्रामपंचायतों के निर्माण कार्यों में सरपंच, सचिव तथा ठेकेदार अवैध गतिविधियां अंजाम देते हुए जमकर कमाई कर रहे हैं। यही विभागीय अधिकारियों के चहेते भी बने बैठे हैं।

**कहां से आ रही मुरुम**

संभाग के अंदर कहीं भी मुरुम की वैधानिक खदाने नहीं हैं, लेकिन पंचायतों के कार्य में जैसे ग्रेवल रोड निर्माण में मुरुम का काफी मात्रा में उपयोग किया जा रहा है। उसका बिल भुगतान और भाड़ा व्यय दिया जा रहा है। अधिकारी संबंधित ठेकेदार और सचिव से यह पूछने की जरूरत नहीं समझते हैं कि जब कहीं भी मुरुम की वैधानिक खदान नहीं है तो फिर मुरुम कहां से लाई जा रही है। जाहिर है कि कहीं से चोरी करके ही लाई जा रही है। जिसका बिल भुगतान और भाड़ा भुगतान उस तरह किया जा रहा है जैसे वैधानिक प्रक्रिया के अनुरूप खरीदी की गई हो।

**रेत की रायल्टी कहां?**

इसी तरह निर्माण कार्यों में रेत की आवश्यकता पड़ती है। भारी मात्रा में रेत तो गिरवाई जाती है लेकिन उसकी खरीदी किस प्रक्रिया से की गई और रायल्टी कितनी दी गई इसका कोई लेखा जोखा नहीं रहता है। इस बात से किसी अधिकारी का कोई सरोकार नहीं रहता है कि रेत कैसे आई। हद तो तब हो जाती है जब कार्रवाई करने का अधिकार रखने वाले अफसर खुद यह कहते हैं कि ग्रामपंचायतें खुद ही अपने जुगाड़ से रेत एकत्र कर लेतीं हैं। अगर सहयोग से रेत एकत्र होती है तो फिर उसका भुगतान क्यों लिया जाता है और लेनदेन होता है तो रायल्टी की याद क्यों नहीं आती? शासन को ही चूना क्यों लगाया जा रहा है।

**वेण्डर फर्मों की जांच नहीं**

ग्रामपंचायतों के निर्माण कार्यों में मटेरियल सप्लाई के लिए वेण्डर फर्में सक्रिय हैं लेकिन इनकी भी वैधानिकता की जांच नहीं की जा रही है। जिन फर्मों का रजिस्ट्रेशन सालों से निरस्त है वे भी धड़ल्ले से काम कर पैसा पीट रहीं हैं। इन फर्म के संचालक ही अधिकांशतः ठेकेदारी कर रहे हैं और मटेरियल सप्लाई का कार्य भी कर रहे हैं। मटेरियल घटिया लिया जा कर ऊंची दरें दशार्यी जा रही हैं। शासन का हर तरह से नुकसान किया जा रहा है। लेकिन अधिकारी खुद दलाल ठेकेदारों व वेण्डरों के पिू बने हुए हैं। अब तो सचिव उनके बगल में बैठने लगे हैं।

# स्वर्ण भूमि को मिला एसबीआई का प्री एप्रूव्ड लोन, ग्राहकों में खुशी

विजय तिवारी उमरिया

सम्भाग का पहला प्री एप्रूव्ड प्रोजेक्ट का खिताब कबीर बिल्डकान स्वर्ण भूमि कालोनी उमरिया को मिला है।इस बात की जानकारी देते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक शहडोल अमित बघेल ने बताया कि एसबीआई ने इस प्रोजेक्ट को प्री एप्रूव्ड कर दिया है,अब ग्राहकों को भटकने की जरूरत नही बल्कि सरलता से एसबीआई ऋण दे सकती है,और वो बेहतर मकान के मालिक बन सकते है।इस दौरान अमित बघेल क्षेत्रीय प्रबंधक एसबीआई,आलोक कुमार वर्मा मुख्य प्रबंधक क्रेडिट एसबीआई,समीर सिन्हा मुख्य प्रभंधक उमरिया एसबीआई,पारस मेश्राम शाखा प्रबंधक नोरोजबाद एसबीआई मौजूद रहे।विदित हो कि मुख्यालय से सटे स्वर्ण भूमि पर कबीर बिल्डकान करींब 273 मकानो का निर्माण करा रही है,इन मकानों को क्रय करने एसबीआई ने प्री एप्रूव्ड लोन स्वीकृत किया है,संभागीय स्तर में ये पहला मामला है,जहाँ एसबीआई ने प्री एप्रूव्ड लोन की सुविधा दी है।इस मामले में स्वर्ण भूमि के सीईओ ने बताया कि एसबीआई के इस आफर से ग्राहकों को काफी लाभ पहुंचेगा,पहले ग्राहक कई दिनों तक एसबीआई लोन के लिए भटकते थे,अब दो या 3 दिन में सरल डॉक्यूमेंट और एग्रीमेंट से लोन मिल सकेगा,जो मिल का पत्थर साबित होगा।




# भाजपा प्रत्याशी के बाहरी होने का नारा विपक्षियों के नहीं आया काम निर्दलीय प्रत्याशी भाजपा प्रत्याशी पर लगा रहे थे आरोप

विजय तिवारी शहडोल

विधानसभा चुनाव के दौरान विंध्य जनता पार्टी भ प्रत्याशी फूलमती सिंह ने भाजपा प्रत्याशी पर बाहरी होने का आरोप लगाते हुए स्थानीय प्रत्याशी को जीत दिलाने की मतदाताओं से अपील कर रहे थे, भाजपा के बागी प्रत्याशी बतौर मैदान में उतरे जिला पंचायत उपाध्यक्ष फूलमती सिंह ने तो खुद को असली बीजेपी साबित करने में तुले हुए थे किंतु विपक्ष का ये नारा उनके काम नहीं आया बल्कि अब तक के जयसिंहनगर विधानसभा चुनाव के इतिहास में सबसे ज्यादा मतों से जीत का सेहरा भाजपा प्रत्याशी मनीष सिंह ने अपने नाम करने में कामयाब रहीं। जयसिंह नगर विधानसभा सीट कभी कांग्रेस का गढ़ थी किंतु 2003 से ये सीट भाजपा का गढ़ साबित हो रही है। और लगातार भारतीय जनता पार्टी को जीत हासिल हो रही है। मतदान के पूर्व तक जिला स्तर पर चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिकदलों द्वारा अपने प्रतिद्वंद्वी पर लगाए गएआरोप प्रत्यारोप की विवेचना और विश्लेषण का दौर भी आम जनता के बीचसुर्खियों में है।

**भाजपा ने कांग्रेस के गढ़ में लगाई सेंध**

जयसिंहनगर विधानसभा सीट से वर्ष 1993,1998 में कांग्रेस के रामप्रसाद सिंह विधायक निर्वाचित हुए, नवीन परसीमन के बाद सोहागपुर विधानसभा सीट के कुछ हिस्से जयसिंहनगर सीट के हिस्से में जोड़ दिए गए जिसमें सोहागपुर ब्लॉक के कई गांव और नगर पालिका परिषद शहडोल का पूरा हिस्सा जयसिंहनगर विधानसभा में शामिल किया गया। तबसे इस स सीट पर भाजपा अपना पांव जमा बैठी। 2003 से भाजपा के जयराम सिंह मार्को विधायक निर्वाचित हुए, टिकट परिवर्तन के बाद 2008 में सुंदर सिंह विधायक निर्वाचित हुए 2013 में श्रीमती प्रमिला सिंह एवं 2018 में जय सिंह मरावी विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित हुए। वर्ष 2023 में भाजपा ये सीट और अधिक मतों से विजय हासिल कर बरकरार रखना में कामयाब रही।




**भाजपा ने दूसरी बार दूसरे विधानसभा के निवासी में लगाया दांव**

भारतीय जनता पार्टी ने 2018 को छोड़कर अनेकों बार एवं इसके उपरांत हर विधानसभा चुनाव में विधानसभा क्षेत्र के निवासी प्रत्याशियों पर दाव लगाया था किंतु भारतीय जनता पार्टी 2023 में जैतपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक रही बतौर प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं उतार पाई थी, जबकि 2023 में मनीष सिंह बतौर प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारा, और वे जीत दर्ज करने में सफल साबित हुए।

**पूर्व में भी यहां लग चुका है बाहरी प्रत्याशी का नारा**

जयसिंहनगर विधानसभा सीट में मनीषा सिंह से पहले भी बाहरी प्रत्याशी का नारा लग चुका है। वर्ष 2018में जब विधानसभा सीट से बुढार के समीप गांव निवासी जय सिंह चुनाव लड़ने भाजपा के सिंबल से चुनाव मैदान में उतर गए थे तो जहां विपक्ष द्वारा उन्हें बाहरी प्रत्याशी होने का नारा लगाया जाता था, किंतु उस बार भी विपक्ष का ये नारा तब भी कामयाब नहीं हुआ था और जय सिंह मरावी जयसिंहनगर से विधायक निर्वाचित होने में कामयाब हुए थे। इस बार भी विपक्ष का ये नारा नाकामयाब रहा। उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रत्याशी मनीष सिंह जैतपुर विधानसभा अंतर्गत टिकुरी गांव की रहने वाली है, उन्होंने अपने निकटतम प्रतिबंध कांग्रेस पर 35 हजार से ज्यादा मतों से जीत हासिल कर विधायक निर्वाचित होने में कामयाब रहीं। उनकी इस ऐतिहासिक जीत की आंधी में भाजपा समर्थित रही जिला पंचायत उपाध्यक्ष जो खुद को असली बीजेपी बताते हुए व्हीजेपी से चुनाव मैदान में उत्तरे थे उनकी जमानत तक जप्त हो गई।

**अटकलों तक का मत हांसिल नहीं कर पाइ फूलमती**

लोगों की अटकलों पर भाजपा के बागी व व्हीजेपी प्रत्याशी फूलमती सिंह खरे नहीं उत्तर पाइ। उनके समर्थक तो जीत के दावा कर रहे थे, किंतु लोगों द्वारा अनुमान लगाया जा रहा था कि फूलमती सिंह 20 से 25 हजार तक मत भाजपा का काटते हुए अपने हिस्से में लाएंगे, जिस दम पर कांग्रेस अपनी जीत का सपना देख रही थी, किंतु वे उम्मीद पर खरा न उतरते हुए 1 हजार में ही सिमट गए।

# समाधान थाना दिवस में उपजिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की शिकायते

संवाददाता विवेक कुमार समाज जागरण!

राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज थाने पर सम्पूर्ण थाना दिवस सम्पन्न हुआ जिसमे आई राजस्व की शिकायतों को एसडीएम ने गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार को मौके पर जाकर कब्जा दिलाने के आदेश दिए हैं । मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र नगर पंचायत मऊ शीतल खेड़ा की उषा पत्नी मोनू ने शिकायत दर्ज कराई की मेरी शादी हो गई कोई अन्य घर की देखभाल करने वाला नहीं था मेरे माता-पिता के मरणोपरांत मैं ससुराल चली गई उसके बाद पड़ोसियों ने मेरे सामने की सहन की भूमि पर जबरन कब्जा करना शुरू कर दिया जबकि आबादी की भूमि पर वह अधिक भूमि पर काबिज हैं फिर भी मेरी भूमि हड़पने पर लगे हैं इससे पहले मैंने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी कि पड़ोसी मंसाराम पुत्र मेवा लाल पत्नी किरण, बाबूलाल, सावित्री आदि मेरी सहन की भूमि पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं मना करने पर गाली गलौज करते हैं अब मैं अपने निजी घर पर रहती हूं मेरी समस्या का समाधान कराया जाए । रामदीन पुत्र स्वर्गीय रघुनंदन सिसेंडी ने शिकायत दर्ज कराई कि लेखपाल, राजस्व निरीक्षक ने मेरी भूमि को उप जिलाधिकारी के आदेशानुसार मौके पर पहुंचकर नाप जोख कर खेत की मेड बंदी करवा दी थी लेकिन गांव के दबंग चंद्र शेखर यादव,राम किशोर,पुत्रगण स्व अयोध्या प्रसाद ने मेरे खेत की मेड राजस्व टीम के जाने के बाद तोड़ दी जिसकी शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में दर्ज कराई थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई उक्त प्रकरण पर नायब तहसीलदार को फटकार लगाते हुए सख्त निर्देश दिए की शासन के सख्त निर्देश है की मौके पर जाकर भूमि निस्तारण करवाए यदि फिर भी दबंग न माने तो रिपोर्ट दर्ज करा कर जेल भेज दो , किसान रामदीन ने अधिवक्ता करने की असमर्थता व्यक्त की जिसे उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य ने निःशुल्क अधिवक्ता मुहैया कराने के आदेश नायब तहसीलदार प्रियम्वदा को दिए ताकि गरीब को किसान किसी प्रकार से कोई समस्या न होने पाए ।इस मौके पर नायब तहसीलदार प्रियम्वदा,प्रभारी निरीक्षक राम बाबू सिंह आदि उपस्थित थे।



# समाजसेवी एवं भाजपा नेता उमेश देशमुख को लोकस टिकट देने की उठने लगी मांग

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (10 दिसंबर )आरक्षित विधानसभा बैहर निवासी समाजसेवी एवं भाजपा के कद्दावर नेता उमेश देशमुख को लोकसभा से टिकट देने की मांग उठने लगी है ।आमजन का सोचना है कि अतिपिछड़े बैहर क्षेत्र का विकास तो होने से रहा ऐसे में लोकसभा प्रत्याशी हमारे पिछड़े क्षेत्र से ही हो तो कैसा रहेगा ।क्योंकि विधान सभा क्षेत्र बैहर आरक्षित होने से यहां के अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों को विधान सभा में जाने का अवसर नहीं मिलता है जबकि यहां भाजपा का वोट बैंक अन्य पिछड़ा वर्ग ही है ।जिसे साधने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग को बालाघाट सिवनी लोक सभा क्षेत्र से अवसर मिलना चाहिए ।उमेश देशमुख बालाघाट व सिवनी जिला के लिए एक जाना पहचाना नाम है जिससे उम्मीद की जा रही है बैहर विधानसभा से लोकसभा उम्मीदवार होने से एक तों बैहर का विकास तीव्र गति से होगा दूसरा पंवार बाहुल्य जिला की वजह से भी उमेश देशमुख लोकसभा टिकट के लिए फिट बैठते है। मृदुल स्वभाव, मितभाषी और सरल व्यक्तित्व के धनी, वर्ष 1988 में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति लैंप्स मोहगांव के सदस्य का पहला चुनाव में विजयश्री प्राप्त कर दूसरी बार 1989 जनवरी में मार्केटिंग सोसायटी मोहगांव के सदस्य का चुनाव में विजयश्री प्राप्त कर 1989 में ग्राम पंचायत जानपुर से लगातार दो पंचवर्षीय तक सरपंच रहेहैं ।लगातार राजनीति में अपनी सेवा समर्पित आज तक करते आ रहे है। भारतीय जनता पार्टी मंडल बिरसा के तीन बार मंडल अध्यक्ष और तीन बार के जिलापंचायत सदस्य(सभापति) रह चुके हैं,वर्तमान में बैहर विधान सभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि हैं, विधायक प्रतिनिधि रह चुके हैं,सामाजिक स्तर पर पंवारो की राष्ट्रीय तीर्थ स्थली व लगभग 115 वर्ष पुराना सामाजिक संगठन पंवार राम मंदिर ट्रस्ट बैहर के लगातार 15 वर्षों तक के पूर्व अध्यक्ष,वर्तमान में राष्ट्रीय पंवार क्षत्रिय महासभा के निर्वाचित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऐसे भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता "श्री उमेश देशमुख जी को क्यों न इन्हें बालाघाट सिवनी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रत्याशी हेतु जनसमर्थन अभियान चलाया जाए।और केंद्रीय शीर्ष नेतृत्व से प्रत्याशी घोषित करने हेतु भी पहल जारी किए जाने हेतु सतत प्रयास किया जाय। ताकि बैहर क्षेत्र से सांसद बने और अतिपिछड़े बैहर क्षेत्र का समग्र विकास हो सके।



# सभी की घरौनी बने, चाहे मकान व कब्रिस्तान में बना हो ,केंद्रीय राज्यमंत्री

विवेक कुमार संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ राजस्व टीम घरौनी बनाने में कोताही न बरते ग्रामीणों के मकान चाहे खाद के गड्ढे या कब्रिस्तान पर ही क्यों न बने हो उन्हें तोड़ा न जाए उक्त बातें केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने गांव की घरौनी जागरूकता सम्मेलन में व्यक्त की। मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र खुजौली में घरौनी जागरूकता सम्मेलन में बोलते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद कौशल किशोर ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीणों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिसमें महिलाओं को ड्रोन कैमरे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें स्वयं सहायता समूह की दीदी शामिल रहेंगी उन्हें जहां एक ओर रोजगार मिलेगा वहीं दूसरी ओर कृषि की देखभाल ड्रोन कैमरे द्वारा निगरानी की जा सकेगी सरकार ने किसानों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रखी हैं और प्रधानमंत्री सम्मान निधि के माध्यम से भी किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है घरौनी वितरण जागरूकता सम्मेलन में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ने कहा कि यदि किसी भी ग्रामीण का मकान सुरक्षित भूमि चाहे खाद का गड्ढा हो, पशुचर, कब्रिस्तान पर ही क्यों न मकान बने हो जिन्हें तोड़ा न जाए यदि आगे आवश्यकता पड़ी तो तोड़ने से पहले उन्हें सरकार नए मकान उपलब्ध कराएगी उसके बाद ही उक्त भूमि पर बने मकानों को तोड़ा जाएगा जिससे किसी भी प्रकार की कोई ग्रामीणों को परेशानी न हो और राजस्व विभाग सभी ग्रामीणों की घरौनी बनाना सुनिश्चित करें । इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक अमरेश रावत, उप जिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य,खंड विकास अधिकारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

# 2880 किग्रा अवैध महुआ लाहन जब्त, वारासिवनी और कटंगी में की गयी कार्यवाही

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट। (10 दिसंबर )जिलें में मदिरा के अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध आबकारी वृत वारासिवनी एवं कटंगी के द्वारा सयुंक्त कार्यवाही की गई। जिसमें शनिवार को खैरलांजी तहसील के



ग्राम झारिया के जंगल के अंदर अलग-अलग स्थानो से 96 पन्नियों में भरा हुआ लगभग 2880 किलो महुआ लाहन जप्त कर 03 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया । सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया । जप्त सामग्री का बाजार मूल्य 288000/-रुपए है। इस कार्यवाही मे वृत प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप श्रीवास, मुख्य आरक्षक द्वारसिंह उइके, आरक्षक रमेश मुरकुटे, नरसिंग टेकाम, टीकाराम शरणागत, अतरलाल उइके, भानु प्रताप, सरस्वती उइके एवं अनिता कुमरे उपस्थित रहे।